लागत लेखांकन
(Cost Accounting)

द्वितीय संस्करण की भूमिका

इतनी अल्प अवधि मे पुस्तक का द्वितीय सस्करण प्रस्तुत करते समय हमे अपार हर्ष एव प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। यह इस बात का द्योतक है कि यह पुस्तक विद्यार्थियो एव अध्यापको को बहुत पसद आई है। हम अपने सभी विद्यार्थियो व अध्यापको के इस अभूतपूर्व सहयोग के लिए बहुत आभारी है। प्रस्तुत सस्करण मे उन समस्त सुझावो का समावेश कर दिया गया है जो हमे समय-समय पर अपने विद्यार्थियो एवं साथी अध्यापको से प्राप्त हुए है। हम अपने उन सभी विद्यार्थियो एवं अध्यापको के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट करते है जिन्होने इस पुस्तक के विषय मे प्रशंसात्मक पत्र लिखकर हमारे उत्साह को बढाया है तथा प्रयास को सराहा है।

प्रस्तुत संस्करण मे उदाहरणो व प्रश्नो की सख्या बढा दी गई है तथा उन्हें और अधिक क्रमवद्ध कर दिया गया है। प्रथम संस्करण की अशुद्धियों को पूर्णरूप से शुद्ध कर दिया गया है। विषय व्यवस्था बदल दी गई है तथा इंगित क्लिष्टताएँ दूर कर दो गई है। आशा है प्रस्तुत संशोधित संस्करण पूर्णतया विद्यार्थियो व अध्यापको की आशाओ के अनुरूप ही होगा। आप सबके सुझावो का हम प्रसन्नतापूर्वक स्वागत करेंगे।

एच. सी. मेहरोत्रा
209–A, नेहरू नगर, आगरा
बी. के. अग्रवाल
534–B, कमला नगर, आगरा

प्रथम संस्करण की भूमिका

लागत लेखाकन वर्तमान समय की एक अनिवार्यता बन गया है क्योकि इसके द्वारा विकसित औद्योगिक समाज को न्यूनतम मूल्य पर अधिकतम उत्पादकता प्राप्त करके लाभ को अधिकतम बनाया जा सकता है। अत. किसी भी उत्पादक व निर्माणकर्ता के लिये लागत लेखांकन का ज्ञान होना आवश्यक है। विद्यार्थियों के लिये भी परीक्षा मे उच्चाक प्राप्त करने के लिए यह विषय अत्यन्त उपयोगी है। यह तभी सम्भव है जब विषय को सरल ढंग से एव क्रमबद्ध प्रस्तुत किया जाय।

लागत लेखाकन पर वैसे अनेक पुस्तकें उपलब्ध है परन्तु जिस विश्लेषणात्मक, व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक ढग से प्रस्तुत पुस्तक मे विषय-सामग्री का अध्ययन किया गया है वैसा सम्भवत किसी पुस्तक मे नही किया गया है। पुस्तक की भाषा सरल रखने का भरसक प्रयत्न किया गया है तथा प्रत्येक सिद्धान्त की व्याख्या के तुरन्त पश्चात् उचित उदाहरण देकर पुस्तक को उन व्यक्तिगत परीक्षार्थियो के लिये भी सुगम बनाया गया है जिन्हे बिना अध्यापक की सहायता के स्वय अध्ययन करना होता है। उदाहरणों को सुगमता से समझने के लिए यथोचित स्थान पर टिप्पणियां भी दी गई हैं।

इस पुस्तक की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्न हैं—

(i) विषय का विवेचन, सरल, सुबोध व समझने योग्य भाषा मे किया गया है।

(ii) प्रत्येक प्रावधान को उदाहरणो द्वारा स्पष्ट किया गया है।

(iii) क्लिष्ट प्रावधानो व समस्याओ को सूत्रो द्वारा व सूत्रो को उदाहरण मे प्रयोग द्वारा समझाया गया है।

(iv) प्रत्येक उदाहरण व क्रियात्मक प्रश्न का हिन्दी रूपान्तर व अंग्रेजी रूपान्तर दिया गया है।

(v) प्रश्नो व उदाहरणो मे दोहरीकरण नही है अर्थात् पुस्तक मे दिया गया प्रत्येक उदाहरण एक नई बात स्पष्ट करेगा। कोई भी दो उदाहरण एक जैसे नही मिलेगे।

(vi) अभ्यास के लिये प्रत्येक उदाहरण पर आधारित क्रियात्मक प्रश्न दिये गये है। क्रियात्मक प्रश्नों का क्रम वही है जो उदाहरणो का है।

आशा है प्रस्तुत पुस्तक विद्यार्थियो व अध्यापको के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी और अभी तक जिन बातो की लागत लेखाकन की पुस्तको मे कमी अनुभव की जा रही थी, वह कमी यह पुस्तक अवश्य दूर कर देगी। वैसे तो इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि पुस्तक मे त्रुटियाँ व अशुद्धियाँ नही रहे फिर भी यदि कही त्रुटियाँ व अशुद्धियाँ रह जाये तो उसके लिए लेखकगण क्षमाप्रार्थी है। हम उनके आभारी रहेंगे जो महत्वपूर्ण सुझाव देकर पुस्तक को उपयोगी बनाने मे मदद करेंगे।

एच० सी० मेहरोत्रा
209–A, नेहरू नगर, आगरा

अनुक्रमणिका

1

परिचय

(Introduction)

'**परिव्यय लेखांकन**' (Cost-Accounting), जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है, यह किसी वस्तु सेवा की लागत का व्यवस्थित व वैज्ञानिक विधि से लेखा करने की प्रणाली है जिसके द्वारा न वस्तु या सेवा की लागत का अधिकतम सही अनुमान लगाया जा सके। इसके अन्तर्गत उत्पादित तु या सेवा पर होने वाले व्ययों व उनसे प्राप्त लाभो का लेखा किया जाता है तथा वह आधार त किया जाता है जि‍स पर विभिन्न व्ययों की गणना की गई है व उनका उप-विभाजन किया ता है एवं उस वस्तु या सेवा की प्रति इकाई लागत व कुल लागत भी ज्ञात की जाती है। इसके न्तर्गत लागत पर नियन्त्रण भी किया जाता है। संक्षेप मे, '**परिव्यय लेखांकन' वह प्रणाली है जससे वस्तु या सेवा की लागत ज्ञात की जाती है या उस पर नियन्त्रण रखा जाता है।**

यहाँ पर यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि '**परिव्यय लेखांकन**' (Cost Accounting) रिव्ययांकन (Costing) से भिन्न है। **परिव्ययांकन एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा लागत का र्धारण किया जाता है।** परिव्ययांकन (Costing) के अन्तर्गत उन सिद्धान्तों व नियमो का ध्ययन किया जाता है जिनके द्वारा वस्तु या सेवा की लागत की सही गणना सम्भव होती है। सरे शब्दों मे, '**वस्तु या सेवा की लागत की गणना विधि ही परिव्ययांकन है।**' इस प्रकार परिव्यय खांकन एक व्यापक शब्द है, इसमे परिव्ययाकन भी सम्मिलित है। किन्तु विद्यार्थियो के अध्ययन ी दृष्टि से इन दोनों शब्दों का प्रयोग एक ही अर्थ मे किया जा रहा है।

लागत लेखांकन की आवश्यकता

सामान्यतया प्रत्येक व्यापारी अपने समस्त लेन-देनों व व्यवहारो का लेखा करने के लिए वत्तीय लेखा पद्धति (Financial Accounting System) अपनाता है। इस पद्धति के द्वारा वह र्ष के अन्त मे समस्त व्यवहारो का संक्षिप्त व्यौरा बनाता है और सस्था की लाभ-हानि ज्ञात करता है। व्यापारी या निर्माता दोनो ही इसी पद्धति से अपने समस्त लेन-देनों व व्यवहारो का लेखा करते हैं और संस्था के लाभ-हानि व उसकी वित्तीय स्थिति ज्ञात करते हैं। किन्तु ये वित्तीय लेखे लागत से सम्बन्धित बहुत-सी सूचनाओ को प्रकट नही करते।

इन लेखों से यह भी ज्ञात नही होता है कि लागत क्या होनी चाहिए ? उस पर कैसे नियंत्रण किया जाये तथा उत्तरदायित्व बिन्दु कहाँ है ? वित्तीय लेखो की इन्हीं कमियो को दूर करने के लिये लागत लेखाकन (Cost-Accounting) का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है।

लागत लेखांकन की आवश्यकता के कारण

1. उत्पादन लागत ज्ञात करना—वित्तीय लेखों से उत्पादन लागत ज्ञात नही की जा सकती है क्योकि वित्तीय लेखो मे समस्त व्ययो व आयो का लेखा किया जाता है। व्ययों मे सभी प्रकार के व्यय होते हैं—लागत को प्रभावित करने वाले भी और ऐसे व्यय भी, जिनका लागत पर प्रभाव नही पडता। वित्तीय लेखाकन ऐसे व्ययो मे अतर स्पष्ट नही करता। फलस्वरूप किसी उत्पाद या सेवा की वास्तविक लागत का अनुमान वित्तीय लेखाकन द्वारा प्रायः असम्भव ही है। लागत के अनुमान के अभाव मे वस्तु का मूल्य-निर्धारण नही हो सकेगा और सही मूल्य-निर्धारण के अभाव में व्यापार वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग मे नही टिक पायेगा। अतः यह अत्यावश्यक है कि लागत लेखांकन पद्धति अपनाई जाय ताकि उत्पाद या सेवा की सही लागत का ज्ञान प्राप्त हो सके और उसके आधार पर उचित मूल्य निर्धारित किया जा सके।

2. सामग्री नियंत्रण—वित्तीय लेखाकन सामग्री के आने व उसको विभिन्न विभागो व उप-विभागों मे निर्गमित करने का लेखा करता है। वित्तीय लेखों में सामग्री अपव्यय, चोरी व उसके दुरुपयोग आदि को रोकने व इनकी मात्रा का अनुमान लगाने का कोई प्रावधान नही होता। फलस्वरूप इनकी जानकारी के अभाव में सामग्री पर पूर्ण नियंत्रण नही रह पाता। सामग्री पर नियन्त्रण न रहने का परिणाम लागत मे वृद्धि होता है। लागत मे वृद्धि व्यापार की हानि को बढाता है। अतः व्यापार को हानि से बचाने के लिए सामग्री नियन्त्रण आवश्यक है जो लागत लेखाकन से ही सम्भव है।

3. वास्तविक लाभ व हानि ज्ञात करना—वित्तीय लेखे, व्यापार का शुद्ध लाभ या हानि प्रदर्शित करते हैं। इन लाभ अथवा हानियों को ज्ञात करते समय ऐसे व्ययों को भी हिसाब मे लगाया जाता है जिनका उत्पादन से कोई सम्बन्ध नही होता है। अतः कभी-कभी ऐसा भी होता है कि उत्पादन क्रम में अत्यधिक लाभ होते हुए भी वित्तीय लेखे हानि प्रदर्शित करते है या बहुत कम लाभ प्रदर्शित करते हैं क्योंकि गैर-उत्पादक व्यय (Un-productive Expenses) ज्यादा है। ऐसी दशा में कभी-कभी प्रबन्धक व्यापार बन्द करने का निर्णय भी ले लेते हैं क्योंकि वे यह नहीं समझ पाते कि संस्था में गैर-उत्पादक व्यय ज्यादा है। लागत लेखांकन पद्धति के अन्तर्गत यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती क्योंकि इस पद्धति में लाभ या हानि उत्पादक व्ययो, हानियों व प्राप्तियो को ध्यान में रखकर पृथक् से ज्ञात किए जाते हैं। अतः यदि लागत लेखे अत्यधिक लाभ प्रदर्शित करते हैं तथा वित्तीय लेखे कम लाभ अथवा हानि प्रदर्शित करते हैं तो ऐसी दशा मे प्रबन्ध व्यापार बन्द करने की बजाय गैर-उत्पादक व्ययों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेगा। इस प्रकार लागत लेखांकन के अन्तर्गत न केवल संस्था के वास्तविक लाभ-हानि ज्ञात किए जाते हैं बल्कि अनुत्पादक व्ययों पर नियंत्रण भी स्वतः ही हो जाता है।

4. मजदूरी-विवरण ज्ञात करना—वित्तीय लेखे, संस्था की कुल मजदूरी की जानकारी देते हैं। प्रत्येक विभाग व उपविभाग के लिए कितनी मजदूरी दी गई, उत्पादक व गैर-उत्पादक मजदूरी कितनी है, आदि की जानकारी लागत लेखों से ही प्रकट होती है।

5. विभागीय क्षमता ज्ञात करना—वित्तीय लेखे संस्था के कुल उत्पादन व कुल कार्यक्षमता के बारे में ज्ञान देते हैं। प्रत्येक विभाग की उत्पादन क्षमता कितनी है तथा कौन-सा विभाग सक्षम है या अक्षम, इसका ज्ञान लागत लेखों से ही सम्भव है।

6. टैण्डर मूल्य ज्ञात करना—वित्तीय लेखों से प्राप्त जानकारी के आधार पर टैण्डर मूल्य ज्ञात नही किया जा सकता क्योंकि टैण्डर मूल्य ज्ञात करने के लिए गतवर्ष की विश्लेषणात्मक लागत का ज्ञात होना आवश्यक है। ऐसी लागत का अनुमान व गणना केवल लागत लेखों से ही सम्भव है। अतः उचित टैण्डर मूल्य ज्ञात करने के लिए लागत लेखाकन का होना अति आवश्यक है।

7. सीमान्त लागत बिन्दु (Break-even-Point) **ज्ञात करना**—वित्तीय लेखों से यह ज्ञात नहीं किया जा सकता कि उत्पादन के किस स्तर पर संस्था को कितना लाभ या हानि होगी तथा कितने उत्पादन पर संस्था 'न लाभ न हानि' (No Profit No Loss) की स्थिति में होगी। संस्था के उत्पादन में एक निश्चित प्रतिशत की वृद्धि या कमी करने पर संस्था के लाभों पर क्या परिवर्तन आयेगा ? इसी प्रकार किन्ही विशेष व्ययों या व्यय के बढाने या घटाने पर संस्था के बिक्री मूल्य मे क्या परिवर्तन होना चाहिए ? ऐसी बातों का ज्ञान वित्तीय लेखे नही बल्कि लागत लेखे देते है। घोर मंदी के समय फैक्टरी को विक्रय मूल्य के किस स्तर तक चालू रखा जाय, इसका निर्णय केवल लागत लेखों के विस्तृत विश्लेषण से ही किया जा सकता है।

8. लाभों में परिवर्तन के कारण ज्ञात करना—वित्तीय लेखे लाभों मे परिवर्तन की मात्रा तो बताते हैं किन्तु परिवर्तन किस कारण हुआ यह नहीं बताते। इसकी जानकारी लागत लेखों से ही हो सकती है। लागत लेखों में जब हम लागत का तुलनात्मक विवरण (comparative statement of cost) तैयार करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि गतवर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कौन-सा व्यय बढा है तथा कौन से व्यय में कमी हुई है ?

लागत-लेखों का अर्थ व उद्देश्य

उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं की कुल लागत या प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के उद्देश्य से व्ययो के व्यवस्थित (systematic) एवं वैज्ञानिक (scientific) विभाजन (classification) एवं अनुभाजन (allocation) करने की पद्धति एवं प्रक्रिया ही लागत लेखा कहलाती है। इस प्रकार लागत लेखा-कर्म व्ययों के विभाजन व विश्लेषण से सम्बन्ध रखने वाली वैज्ञानिक पद्धति है। **इसकी परिभाषा विभिन्न विद्वानों ने निम्न प्रकार दी है—**

परिभाषाएँ (Definitions)—

"वस्तुओं और सेवाओं की लागत निर्धारित करने के लिए तथा प्रबन्धको के मार्गदर्शन व उनके नियन्त्रण कार्य में सुविधा हेतु समुचित एवं व्यवस्थित आँकड़े प्रस्तुत करने के लिए व्ययों का वर्गीकरण, आलेखन (recording) एवं समुचित विभाजन ही परिव्ययाकन है। इसमें प्रत्येक कार्य या आदेश, ठेका, विधि, सेवा या इकाई की लागत का निर्धारण सम्मिलित होता है। यह उत्पादन, विक्रय एवं वितरण की लागत भी बताता है।"[1] —एच० जे० ह्वेल्डन

"लागत लेखांकन व्ययों का ऐसा विश्लेषण एवं वर्गीकरण है जिससे उत्पादन की किसी भी विशेष इकाई की कुल लागत शुद्धतापूर्वक ज्ञात हो सके और साथ ही साथ यह भी ज्ञात हो सके कि यह कुल लागत किस प्रकार प्राप्त हुई है।"[2] —डब्ल्यू० डब्ल्यू० बिग

आई० सी० डब्ल्यू० ए० लन्दन ने परिव्यय लेखांकन (Cost Accounting) एवं परिव्ययाकन (Costing) को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है—

---

1. "Costing is the classifying, recording and appropriate allocation of expenditure for the determination of the cost of products or services, and for the presentation of suitably arranged data for purposes of control, and guidance of the management. It includes the ascertainment of the cost of every order, job, contract, process, services, or unit as may be appropriate. It deals with the costs of production, selling and distribution."

—**Harold J. Wheldon**

2. "Cost Accounting is the provision of such analysis and classifications of expenditure as will enable the total cost of any particular unit of production to be ascertained with reasonable degree of accuracy, and at the same time to disclose exactly how such total cost is constituted." —**W. W. Bigg**

"उस बिन्दु से जिस पर व्यय हुआ है अथवा व्यय हुआ माना गया है, लागत केन्द्रों तथा लागत इकाइयो से अंतिम सम्बन्ध स्थापित करने तक की लागत का लेखा करने की प्रक्रिया को ही परिव्यय लेखांकन कहते है। इसके व्यापक प्रयोग मे साख्यिकी आँकडो का परिकल्पन, लागत नियन्त्रण विधियो का प्रयोग तथा कार्यान्वित एवं नियोजित क्रियाओं की लाभदायकता का निर्धारण भी सम्मिलित होता है।"[1]

"परिव्ययांकन लागत ज्ञात करने की तकनीक एवं प्रक्रिया है।"[2]

परिव्ययांकन के मुख्य उद्देश्य व कार्य
(Main Objects and Functions of Costing)

परिव्ययांकन के प्रमुख उद्देश्य या कार्य निम्नलिखित हैं—

1. लागत निर्धारण (Determination of Costs)—परिव्ययांकन का प्रमुख उद्देश्य उत्पाद या सेवा की लागत का निर्धारण करना होता है। यह लागत प्रति इकाई, प्रति ठेका व प्रति कार्य हो सकती है। कभी-कभी लागत लेखाकक प्रक्रिया लागत (Process Costing) का भी निर्धारण करता है। लागत निर्धारण परिव्ययाकन का प्रमुख उद्देश्य व परिव्ययाकक (Cost Accountant) का प्रमुख कार्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निम्न कार्य करने पड़ते हैं—

(i) समस्त व्ययों का वर्गीकरण व उनका विश्लेषण

(ii) समस्त व्ययों का विभाजन व उप-विभाजन।

(iii) ऐसे व्ययों को अलग कर देना जो लागत के अंग नहीं बन सकते।

(iv) ऐसे व्ययों को ज्ञात करना जो लागत का अंग होने चाहिए, जैसे ह्रास आदि।

(v) लागत प्रमाप निर्धारित करना

(vi) क्षय ज्ञात करना। क्षय सामग्री, श्रम, समय, मशीनरी व औजारों के सम्बन्ध मे हो सकता है।

(vii) तुलनात्मक लागत विवरण तैयार करना ताकि लागत परिवर्तन के कारण ज्ञात हो सकें तथा उन कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना, आदि।

2. विक्रय मूल्य निर्धारित करना (To Determine the Selling Price)—लागत लेखांकन का दूसरा प्रमुख उद्देश्य उत्पादित वस्तु या सेवा का मूल्य निर्धारण है। लागत लेखांकक उत्पाद व सेवा का भिन्न-भिन्न दशाओं मे मूल्य निर्धारित करता है। सामान्यतया विक्रय मूल्य निर्धारित करते समय वस्तु की या सेवा की कुल लागत मे एक उचित लाभ की मात्रा जोड़ दी जाती है। किन्तु किन्ही विशिष्ट परिस्थितियों में मूल्य कुल लागत से कम भी निर्धारित होता है। ऐसी दशा मे मूल्य निर्धारण के लिए लेखाकक स्थाई व अस्थाई व्ययों का गहन अध्ययन करके इनका विश्लेषण करता है और तभी मूल्य निर्धारित करता है।

3. लागत नियन्त्रण (Cost Control)—लागत लेखांकन का तीसरा प्रमुख उद्देश्य लागत पर नियन्त्रण रखना व अकुशलताओं और असावधानियों को रोकना होता है। यदि लागत लेखांकन लागत पर नियन्त्रण नही रख सकता है तो इसका प्रमुख उद्देश्य ही समाप्त हो जायेगा।

---

1. "Cost Accounting is the process of accounting for cost from the point at which expenditure is incurred or committed to the establishment of its ultimate relationship with cost centres and cost units. In its widest usage it embraces the preparation of statistical data, the application of cost control methods and the ascertainment of the profitability of activities carried on or planned." —I. C. W. A. London.
2. Costing is the technique and process of ascertaining costs. —I. C. W. A. London.

लागत पर नियन्त्रण का आशय है कि वस्तु या सेवा की लागत अकारण ही बढ़ न जाय। इसके लिए लागत लेखाकक निम्न कार्य करता है—

(i) **सामग्री नियन्त्रण**—सामग्री के क्रय व उसके निर्गमन पर प्रभावी नियन्त्रण रखा जाता है। सामग्री के प्रयोग मे सावधानी बरती जाती है ताकि उसमें होने वाली क्षति व चोरी आदि से बचा जा सके।

(ii) **मजदूरी नियन्त्रण**—श्रम की लागत सही रहे इसके लिए श्रम की मानक-लागत (Standard Cost) निर्धारित कर दी जाती है। मानक-लागत की वास्तविक लागत से तुलना की जाती है और अन्तर का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाता है तथा अन्तर के कारण ज्ञात किए जाते हैं। यदि अन्तर श्रम अकुशलता के कारण होता है तो आवश्यक उपचार किए जाते है। इस प्रकार श्रम की अकुशलता, लापरवाही व क्षति को रोका जा सकता है और सम्पूर्ण लागत पर नियन्त्रण रखा जा सकता है।

(iii) **उपरिव्यय नियन्त्रण**—सामग्री एवं श्रम की भाँति विभिन्न उपरिव्यय (कारखाना, कार्यालय, विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय) भी लागत के आवश्यक अग होते हैं। यदि उपरिव्ययो (Overheads) पर उचित नियन्त्रण न रखा जाय तो ये अपेक्षा से अधिक किए जा सकते है। परिणामतया लागत मे वृद्धि की जा सकती है। अतः विभिन्न उपरिव्ययों को कुछ प्रमुख व्ययो से एक निश्चित अनुपात मे बंधित करके उन पर प्रभावी नियन्त्रण रखा जा सकता है।

4. स्कन्ध मूल्यांकन (Inventory Valuation)—लागत लेखाकन उत्पादन मे प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल, चालू-कार्य व तैयार माल के अंतिम शेष के मूल्यांकन को सरल बनाता है। लागत लेखाकन ऐसी सूचनायें प्रदान करता है जिससे कच्चे माल के अन्तिम शेष का सही मूल्याकन किया जा सके। इसी प्रकार चालू-कार्य के अंतिम शेष व तैयार माल के अन्तिम शेष की लागत का मूल्याकन लागत लेखांकन स्पष्ट करता है।

5. योजनायें एवं नीति निर्धारण (Planning and Policy Formation)—लागत लेखाकन भविष्य के लिए योजनायें बनाने एवं नीतियाँ निर्धारित करने हेतु उचित सूचनायें प्रदान करता है। लागत लेखांकन का एक प्रमुख उद्देश्य प्रबन्धकों को आयोजन व नीति निर्माण मे मदद प्रदान करना है। उदाहरणार्थ—

(i) लागत-मात्रा-लाभ सम्बन्ध (Cost-Volume-Profit Relationship) ज्ञात करना; तथा

(ii) यह ज्ञात करना कि किसी इकाई को बन्द कर दिया जाय या उसे हानि पर भी चालू रखा जाय; तथा

(iii) यह निर्णय लेना कि उत्पादक किसी वस्तु के भाग को बाजार से क्रय करे या स्वयं उत्पादित करे;

(iv) वर्तमान मशीनरी की नवीन मशीन से प्रतिस्थापना की जाय अथवा नही।

लागत लेखांकन के लाभ तथा महत्व
(Advantages and Importance of Cost-Accounting)

लागत ज्ञात करने का प्रमुख उद्देश्य प्रबन्ध को ऐसा आधार प्रदान करना है जिससे वह व्यापार का नियन्त्रण व संचालन अधिक से अधिक कुशलतापूर्वक व क्षमतापूर्वक कर सके। प्रबन्धक

व उत्पादक ही नही बल्कि अन्य वर्ग को भी लागत लेखाकन से अनेको लाभ प्राप्त होते हैं। **लागत लेखांकन का वरदान निम्न को प्राप्त होता है—**

(अ) प्रबन्धक व उत्पादक,
(ब) कर्मचारी,
(स) ऋणदाता एवं विनियोजक,
(द) उपभोक्ता,
(य) राष्ट्र व सरकार।

(अ) प्रबन्धक व उत्पादक को लाभ—लागत लेखांकन प्रबन्धकों व उत्पादको के लिए एक वरदान है, क्योकि इनको इससे निम्न प्रमुख लाभ प्राप्त होते है—

(1) **लागत का ज्ञान**—लागत लेखांकन की मदद से प्रबन्धक व उत्पादक को वस्तु या सेवा की प्रति इकाई व कुल लागत का ज्ञान हो जाता है तथा साथ ही यह भी ज्ञान हो जाता है कि उस लागत मे उत्पादन लागत के विभिन्न तत्व किस सीमा तक सम्मिलित होते है।

(2) **उचित विक्रय मूल्य निर्धारित होना**—लागत का सही ज्ञान होने से कुल लागत मे एक उचित प्रतिशत से लाभ जोड़कर जो विक्रय मूल्य निर्धारण किया जाता है वह प्रतिस्पर्धा के बाजार मे उचित बैठता है—न अत्यधिक, न कम।

(3) **टेण्डर मूल्य ज्ञात करना**—उत्पादको, निर्माणकर्त्ताओं व ठेकेदारों द्वारा समय-समय पर अपने कार्य के लिए टैण्डर या अनुमान तैयार करने पड़ते है। टैण्डर या अनुमान (Estimates) गतवर्ष की लागत के आधार पर तैयार किये जाते हैं। गतवर्ष की लागत, लागत लेखांकन से सही प्राप्त होती है, अतः लागत लेखांकन टैण्डर व अनुमान तैयार करने में सहायक होता है।

(4) **तुलना में सहायक**—दो वर्षों की उत्पादन लागत मे तुलना करना तथा उसमे अन्तर ज्ञात करना एवं अन्तर के कारणों का विश्लेषण करना आदि लागत लेखाकन द्वारा ही सम्भव है।

(5) **लागत नियन्त्रण में सहायक**—लागत लेखाकन से क्षय, अपव्यय व अकुशलता का ज्ञान होता है तथा उसका समाधान भी होता है। लागत लेखांकन न केवल क्षय व अपव्यय का पता लगाता है बल्कि वह यह भी बताता है कि यह क्यो हुआ ? इस प्रकार प्रबन्धक व उत्पादक इन पर नियन्त्रण करके लागत को नियन्त्रित रख सकता है।

(6) **लाभदायक एवं हानिकारक कार्यों का ज्ञान**—लागत लेखांकन की मदद से प्रबन्ध को यह ज्ञात हो जाता है कि किन वस्तुओ व सेवाओ से संस्था को लाभ हो रहा है और किन से हानि। यदि हानिकारक वस्तुओं व सेवाओं का उत्पादन बंद कर दिया जाय तो कुल लाभ मे क्या वृद्धि होगी आदि समस्त बातो की जानकारी भी प्रबन्धक को प्राप्त होती है। ऐसी अपेक्षित जानकारी के आधार पर प्रबन्धक व उत्पादक संस्था के हित में उचित निर्णय ले सकता है।

(7) **लाभ में कमी व वृद्धि के कारण ज्ञात करना**—संस्था मे लाभों मे कमी व वृद्धि के क्या कारण हैं इसकी जानकारी लागत लेखों के गहन अध्ययन से ही स्पष्ट हो सकती है। व्यवसाय के सुगम संचालन के लिए उचित नीति का निर्माण तभी सम्भव है जबकि व्यापार में होने वाले लाभों में कमी या वृद्धि के कारणों की जानकारी हो।

(8) **उत्पादन के साधनों का समुचित एवं सर्वोत्तम उपयोग**—सामग्री, श्रम एवं संयंत्र उत्पादन के प्रमुख साधन हैं। लागत लेखांकन पद्धति में सामग्री के क्रय से लेकर

उसके कार्य-स्थल तक निर्गमन करने के सम्बन्ध में पूर्ण नियन्त्रण रखा जाता है परिणामतया सामग्री का समुचित उपयोग होता है और उसमे होने वाली क्षति, अपव्यय व हानि मे कमी होती है। इसी प्रकार श्रम की मानक-लागत (Standard Labour Cost) निर्धारित करके श्रम पर तथा संयंत्रों के मानक उत्पादन घण्टे (Standard Production Hours) निर्धारित करके सयंत्रो के उपयोग पर नियंत्रण रखा जाता है। इस प्रकार प्रबन्ध इनका सर्वोत्तम उपयोग कर पाने मे सक्षम हो जाता है। इनके सर्वोत्तम उपयोग का आशय है—कम लागत पर उच्च श्रेणी का उत्पादन।

(9) **वित्तीय लेखांकन के परिणामों की जाँच**—वित्तीय लेखाकन मे लाभ-हानि खाता तैयार करके संस्था के लाभ-हानि ज्ञात किए जाते है जबकि लागत लेखांकन मे लाभ-विवरण (Statement of Profit) तैयार करके लाभों की मात्रा ज्ञात की जाती है। दोनो के परिणामों मे अन्तर होने पर 'मिलान विवरण' (Reconciliation Statement) तैयार किया जाता है। इस प्रकार वित्तीय लेखाकन के परिणामों की लागत लेखांकन द्वारा जाँच करली जाती है।

(10) **आयोजन व नीति निर्धारण में सहायक**—प्रत्येक उत्पादक व प्रबन्धक भविष्य के लिए कुछ योजनायें बनाता है तथा उनके कार्यान्विन के लिए नीति निर्धारित करता है। भविष्य में किस वस्तु का उत्पादन बढ़ाना है, किस वस्तु का उत्पादन कम करना है तथा किसका उत्पादन बन्द करना है इसका निर्णय लागत लेखाकन द्वारा प्रदत्त सूचनाओ के आधार पर लिया जाता है। भावी नियोजन व नीति का आधार वर्तमान लागत लेखाकन द्वारा प्रदत्त सूचनायें ही है।

(ब) **कर्मचारी को लाभ**—लागत लेखाकन प्रबन्धको के लिए लाभदायक, कर्मचारियों के लिए उपयोगी तथा ऋणदाता व उपभोक्ताओ के लिए वरदान है। **यह कर्मचारियों के लिए निम्न प्रकार से लाभदायक है—**

(1) लागत लेखांकन पद्धति श्रमिको का शोषण करना नही सिखाती बल्कि उनका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाय यह सिखाती है। इस पद्धति के प्रभावी होने पर ही श्रमिकों को उनकी योग्यतानुसार पारिश्रमिक मिलता है।

(2) श्रम-लागत मानक निर्धारित होने के कारण अकुशल श्रमिक अपनी कुशलता बढ़ाकर अपनी आय वृद्धि करने मे सक्षम होते हैं।

(3) लागत लेखांकन पद्धति मे श्रमिको को उनके कार्य का वास्तविक पारिश्रमिक मिलता है अतः उनमे कार्य करने की प्रेरणा बनी रहती है। परिणामतया अधिक कुशल व मेहनती श्रमिक अकुशल व आलसी श्रमिको की अपेक्षा अधिक मजदूरी प्राप्त करते है।

(स) **ऋणदाता एव विनियोजक**—ऋणदाता एवं विनियोजक के लिए लागत लेखांकन एक वरदान है क्योंकि जिन संस्थाओं मे लागत लेखाकन पद्धति का प्रयोग होता है उनमे लागत नियन्त्रण स्वत ही हो जाता है। फलस्वरूप उन संस्थाओं की लाभदायकता अच्छी होती है। अच्छी लाभदायक संस्था की वित्तीय स्थिति सुदृढ रहती है और यही ऋणदाता एवं विनियोजक चाहता है।

(द) **उपभोक्ताओं को लाभ**—लागत लेखाकन उत्पादन लागत पर नियन्त्रण रखता है, तथा उत्पादन के साधनो का सर्वोत्तम प्रयोग करवाता है। परिणामस्वरूप वस्तु या सेवा की उत्पादन

लागत कम आती है। फलस्वरूप विक्रय मूल्य कम रहता है। अत: उपभोक्ता अच्छी किस्म की वस्तु या सेवा अपेक्षाकृत सस्ती कीमत पर प्राप्त कर लेते हैं।

(य) राष्ट्र व सरकार को लाभ—वर्तमान युग नियोजन का युग है। प्रत्येक देश की सरकार अपने देश का आर्थिक विकास करने के लिए योजनाये बनाती है। योजनाओं के लिए प्रत्येक उद्योग के लागत-व्यय के आँकडे एकत्रित किए जाते है। इन आँकड़ो के आधार पर ही सरकार यह निर्णय लेती है कि किस उद्योग को बढ़ावा दिया जाय तथा किसको आर्थिक सहायता। इसके अलावा सरकार अपनी विभिन्न परियोजनाओं की लागत व उनके परिणामों का अनुमान इसी पद्धति के आधार पर लगाती है। सरकार प्रत्येक विभाग के लिए बजट तैयार करती है तथा 'बजेटरी नियन्त्रण' द्वारा इन पर नियन्त्रण भी रखती है। इसी प्रकार 'प्रमापित लागत पद्धति' से विकास योजनाओं पर होने वाले व्ययो को नियन्त्रित किया जाता है।

लागत एवं वित्तीय लेखांकन—एक तुलनात्मक अध्ययन
(Cost and Financial Accounting—A Comparative Study)

"सामान्य व्यापारिक खाता बहुमूल्य सूचनाओं का ताला लगा हुआ भण्डारगृह है जिसकी कुंजी लागत लेखांकन है।"[1] श्री एल० डब्ल्यू० हाकिंस के ये शब्द यह स्पष्ट करते हैं कि वित्तीय लेखांकन परम्परागत तरीके से व्यापार की समस्त सूचनाओं का लेखा-जोखा करने की एक प्रणाली है जबकि लागत-लेखाकन केवल उत्पाद या सेवा की लागत से सम्बन्धित सूचनाओं का ही लेखा-जोखा करने की पद्धति है। वास्तव मे वित्तीय लेखाकन पद्धति एक व्यापक पद्धति है जिसमें से लागत से सम्बन्धित सूचनाएँ ज्ञात करके उनको लागत लेखांकन पद्धति के आधार पर पुनः व्यवस्थित किया जाता है। वैसे इन दोनों में निम्न समानतायें और असमानतायें पाई जाती हैं—

समानतायें

(1) दोनों ही पद्धतियों में दोहरा लेखा प्रणाली (Double Entry System) के आधार पर लेखे किए जाते है।

(2) दोनों ही पद्धतियों में लेखो के लिए आधार-पत्र एक ही होते हैं। जिन बीजको, प्रमाण-पत्रों, प्रपत्रों व सूचनाओं के आधार पर वित्तीय लेखो में प्रविष्टियाँ की जाती हैं उन्हीं के आधार पर लागत लेखांकन के लेखे भी किये जाते हैं।

(3) दोनों ही पद्धतियाँ व्यापार के लाभ-हानि की गणना करती हैं।

(4) दोनों ही पद्धतियो मे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष व्ययों का लेखा रखा जाता है।

(5) दोनों के परिणामों का मिलान करने पर एक-दूसरे की त्रुटियाँ या अशुद्धियाँ ठीक हो जाती हैं।

(6) दोनों ही के आधार पर भावी नीतियों का निर्माण किया जाता है।

लागत एवं वित्तीय लेखों में असमानतायें

यद्यपि लागत लेखे एवं वित्तीय लेखे एक ही आधार पर तैयार किए जाते है फिर भी इनमें कुछ आधारभूत अन्तर विद्यमान है। आधारभूत अन्तरो के कारण ही वित्तीय लेखों व लागत लेखों को अलग-अलग महत्व दिया जाता है। वैसे सच तो यह है कि आधारभूत अन्तरों के होते हुए भी ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनमे निम्न असमानतायें पायी जाती हैं—

(1) वित्तीय लेखो मे संस्था के सभी आयगत (Revenue) एवं व्ययगत (Expenditure) मदों का लेखा-जोखा रखा जाता है जबकि लागत लेखों में केवल उन मदों (आयगत व व्ययगत) का ही लेखा किया जाता है जो वस्तु या सेवा की लागत को प्रभावित करते है।, उदाहरणार्थ, ऋण-पत्रों पर ब्याज का लेखा वित्तीय लेखों में किया जायगा किन्तु लागत लेखों मे नही। जबकि मजदूरी भुगतान का लेखा वित्तीय व लागत दोनो लेखों मे किया जायेगा।

(2) वित्तीय लेखों के अन्तर्गत संस्था के लाभ-हानि वर्ष के अन्त में, जब लाभ-हानि खाता तैयार होता है, ही ज्ञात किए जा सकते हैं जबकि लागत लेखों मे प्रत्येक समय पर लाभ-हानि की गणना की जा सकती है।

(3) वित्तीय लेखो मे संस्था की सम्पूर्ण लाभ या हानि ही ज्ञात की जा सकती है प्रत्येक वस्तु या सेवा का अलग-अलग लाभ या हानि वित्तीय लेखे प्रदर्शित नही करते। जबकि लागत लेखो के द्वारा प्रत्येक वस्तु या सेवा का लाभ या हानि अलग-अलग ज्ञात किया जा सकता है।

(4) वित्तीय लेखो मे वास्तविक व्ययो (Real Expenditures) का लेखा किया जाता है जबकि लागत लेखों में अनुमानित व्ययों (Estimated Expenditures) का लेखा किया जाता है। सामान्यतया अप्रत्यक्ष व्ययो का लेखा लागत लेखों मे केवल अनुमान के आधार पर ही किया जाता है क्योंकि लागत लेखे प्रारम्भ में ही तैयार किये जाते है और उस समय तक अप्रत्यक्ष व्यय हो नही चुके होते हैं। अतः इन व्ययो का लेखा गत लागत-पत्र (Cost-Sheet) के अप्रत्यक्ष व्ययों के आधार पर अनुमान लगाकर किया जाता है। वित्तीय लेखों मे व्ययों का लेखा तभी किया जाता है जबकि व्यय वास्तव मे हो जाता है।

(5) वित्तीय लेखों द्वारा वस्तु या सेवा का विक्रय मूल्य निर्धारित नहीं किया जा सकता जबकि लागत लेखे वस्तु या सेवा का विक्रय मूल्य निर्धारित करते है। यही कारण है कि लागत लेखे प्रारम्भ मे ही तैयार किये जाते हैं। जिस समय लागत लेखे तैयार किए जाते हैं उस समय तक संस्था के अधिकांश व्यय नहीं हुए होते हैं। इनका अनुमान लगाया जाता है और लागत के साथ जोड़ा जाता है इसीलिए लागत लेखो मे अनुमानित व्यय सम्मिलित होते है। किन्तु समस्त प्रत्यक्ष व्यय जैसे प्रत्यक्ष सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम व अन्य प्रत्यक्ष व्यय लागत लेखों मे भी वास्तविक होते है। किन्तु अप्रत्यक्ष सामग्री, श्रम व व्ययों की अनुमानित राशि ही लागत लेखो मे सम्मिलित की जाती है।

(6) वित्तीय लेखों द्वारा लागत पर नियन्त्रण सम्भव नही है। इनके द्वारा रोकड नियन्त्रण और अधिक से अधिक सामग्री नियन्त्रण रखा जा सकता है। किन्तु लागत लेखा सामग्री, श्रम व व्ययों पर नियन्त्रण रखता है परिणामतया लागत लेखों से लागत पर नियन्त्रण अति प्रभावी ढंग से रखा जा सकता है।

(7) वित्तीय लेखो द्वारा प्रबन्धक कुछ महत्वपूर्ण निर्णय—जैसे किसी वस्तु का उत्पादन किस सीमा तक किया जाय ? किसी वस्तु विशेष का उत्पादन कब बन्द कर दिया जाय ? किसी वस्तु के निर्माण के लिये आवश्यक कोई भाग (वस्तु) उत्पादित की जाय या बाहर से क्रय की जाय ; किसी विशेष मात्रा के आदेश को स्वीकार किया जाय अथवा नही तथा किया जाय तो कम से कम किस मूल्य पर आदि—नहीं

लिए जा सकते । जबकि लागत लेखे प्रबन्धक को उक्त विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए ठोस आधार प्रस्तुत करते है ।

(8) वित्तीय लेखे प्रत्येक प्रकार की संस्था मे अनिवार्य रूप से रखे जाते है जबकि लागत लेखे केवल उन संस्थाओं मे रखे जाते है जहाँ वस्तु का उत्पादन या निर्माण होता है या कोई सेवा प्रदान की जाती है या ठेके आदि लिए जाते है ।

(9) वित्तीय लेखे संस्था का कर-दायित्व निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करते है जबकि लागत लेखे संस्था की लाभार्जन शक्ति मापने के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रस्तुत करते हैं ।

(10) वित्तीय लेखे संस्था की वित्तीय-योजना बनाने मे सहायक होते है जबकि लागत लेखे प्रबन्धकों की उत्पादन-नीति के निर्माण मे सहायक होते है ।

(11) वित्तीय लेखे तैयार करना एक वैधानिक अनिवार्यता होती है जबकि लागत लेखे तैयार करना संस्थागत आवश्यकता । वित्तीय लेखे तैयार नही किए जाने पर संस्था के प्रति बाहरी व्यक्तियों मे अविश्वास उत्पन्न हो सकता है जबकि लागत लेखे तैयार नही करने पर संस्था के स्वामी या प्रबन्धक का ही अपनी संस्था के प्रति दृढ़ विश्वास नही रहता । इसीलिए कहा गया है कि जो संस्था लागत लेखे तैयार नहीं करती है वह एक अन्धे व्यक्ति की भाँति है जो भगवान के भरोसे चला जा रहा है ।

एक आदर्श लागत-लेखांकन पद्धति की विशेषताएँ
(Characteristics of an Ideal System of Cost Accounting)

एक अदर्श लागत लेखा पद्धति वह होती है जो संस्था के आकार-प्रकार को देखते हुए उसके उद्देश्यो व आवश्यकताओं को पूरा कर सके । हम कोई एक ऐसी आकृति (Model) तैयार करके नही दे सकते जिसे आदर्श लागत-लेखा पद्धति की संज्ञा दी जा सके । एक आदर्श लागत लेखा पद्धति निम्न गुणों व विशेषताओं से युक्त होनी चाहिए—

(1) सरलता—जटिल लागत लेखा पद्धति को प्रत्येक संस्था में नही अपनाया जा सकेगा अत: लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो सरल हो और जनसाधारण को बोधगम्य हो ।

(2) व्यवसाय के उद्देश्य के अनुरूप—जैसा व्यवसाय वैसी ही लागत लेखाकन पद्धति हो । वृहत् व्यवसाय मे वृहत् लागत लेखाकन पद्धति ही उसके उद्देश्यों की पूर्ति कर सकेगी । यदि लघु व्यवसाय मे वृहत लागत पद्धति अपनाई जाती है तो यह व्यवसाय इसका भार वहन नही कर सकेगा । इसी प्रकार यदि वृहत व्यवसाय मे लघु लागत लेखाकन पद्धति अपनाई जाय तो यह व्यवसाय के उद्देश्यों की पूर्ति नही कर सकेगी । अत: लागत लेखांकन पद्धति व्यापार के उद्देश्य, प्रकृति, आकार व आवश्यकता के अनुरूप ही होनी चाहिए ।

(3) परिवर्तनशील—लागत लेखांकन पद्धति ऐसी हो जो व्यापार की आवश्यकता के अनुरूप परिवर्तित की जा सके । व्यापार मे वृद्धि होने की दशा मे पद्धति को बढ़ाया जा सके तथा व्यापार मे कमी होने की दशा मे पद्धति को घटाया जा सके । लचीले स्वभाव वाली लागत-लेखांकन पद्धति ही व्यापार के लिए आदर्श पद्धति हो सकती है ।

(4) मितव्ययिता—लागत लेखांकन पद्धति अधिक व्ययी न हो । दूसरे शब्दो मे, लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो व्यवसाय पर उसकी स्थिति के अनुरूप ही व्यय-भार डाले ।

(5) तुलनात्मकता—लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जिसमे इसके चालू वर्ष की सूचनाओ की तुलना गत वर्ष की सूचनाओं से आसानी से की जा सके ।

(6) व्ययों का उचित वर्गीकरण एवं विश्लेषण—एक आदर्श लागत लेखा पद्धति के लिए यह आवश्यक है कि वह समस्त व्ययों के वर्गीकरण के लिए एक ठोस व तार्किक आधार प्रस्तुत करे। व्ययों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष मे बाँटना तथा अप्रत्यक्ष व्ययो को विभिन्न मदों मे बाँटना आदि सबके एक-एक उचित व तार्किक आधार होना चाहिए। इसी प्रकार इनके विश्लेषण के लिए भी उचित सिद्धान्त प्रतिपादित किए जाने चाहिए। उचित वर्गीकरण एवं विश्लेषण की विशेषता से युक्त पद्धति ही आदर्श लेखांकन पद्धति मानी जा सकती है।

(7) कार्य-विभाजन व दायित्व निर्धारण—एक आदर्श लागत लेखा पद्धति वह है जिसमे कर्मचारियों मे उत्पादन कार्य इस प्रकार विभाजित किया जाय जिससे कि प्रत्येक का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा सके। उत्तरदायित्व निर्धारित होने पर उत्पादन कार्य अच्छे गुण का होता है।

(8) कार्यक्षमता व लागत पर नियंत्रण—लागत लेखा पद्धति ऐसी हो जो सभी श्रमिकों की कार्यक्षमता पर नियंत्रण रख सके। कार्यक्षमता पर नियंत्रण रखने से लागत पर नियंत्रण स्वत: ही हो जायेगा।

(9) शीघ्र सूचना प्रदान करने की क्षमता—लागत लेखा प्रणाली ऐसी हो जो न केवल कार्य समाप्ति पर बल्कि कार्य की अपूर्ण अवस्था मे भी लागत-व्यय से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ शीघ्रताशीघ्र प्रदान कर सके। इस प्रकार की सूचनाओ के अभाव मे टेण्डर भरना सम्भव न हो सकेगा।

(10) वित्तीय लेखांकन से मिलान—लागत लेखा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए कि इसके परिणामों का वित्तीय लेखो के परिणामों से मिलान किया जा सके तथा अंतर के कारण ज्ञात किए जा सकें।

लागत-लेखांकन की पद्धतियाँ
(Methods or Systems of Cost Accounting)

किसी वस्तु, सेवा, कार्य, उपक्रय या ठेके आदि की लागत ज्ञात करने के सिद्धान्त एक जैसे ही है और प्रत्येक व्यवसाय मे प्रयुक्त होने वाली कोई भी लागत पद्धति इन्ही सिद्धान्तो के आधार पर कार्य करती है। किन्तु व्यवसाय की प्रकृति, उसका आकार, उसकी आवश्यकता तथा उसकी विशिष्ट स्थिति आदि के कारण लागत लेखांकन पद्धतियों मे विभिन्नता पाई जाती है। स्मरण रहे कि पद्धतियों की विभिन्नता का आशय सिद्धान्तो की विभिन्नता नही है बल्कि सिद्धान्तों को प्रयोग मे लाने की विभिन्नता है। अत. लागत लेखांकन पद्धतियो मे विभिन्नता होते हुए भी उनमे सिद्धान्तो की समानता है यही कारण है कि किसी वस्तु या सेवा की लागत किसी भी पद्धति से गणित की जाय परिणाम (लागत) एक ही आते हैं। **भिन्न-भिन्न व्यवसायों मे काम आने वाली विभिन्न लागत पद्धतियाँ निम्न हैं—**

1. इकाई अथवा उत्पादन लागत पद्धति (Unit or Output Costing Method)—इकाई या उत्पादन लागत पद्धति उन संस्थानों या उद्योगो मे अपनाई जाती है जहाँ—

(अ) उत्पादन या निर्माण कार्य निरन्तर चलता रहता है; तथा

(ब) निर्मित या उत्पादित समस्त इकाइयाँ एकसी होती हैं।

संक्षेप मे, जिस संस्था मे एक से प्रमाप की वस्तुएँ उत्पादित की जाती हैं वहाँ पर यह पद्धति लाभकारी व उपयोगी होती है। सामान्यतया निम्न संस्थानो मे यह पद्धति अपनाई जाती है—

(i) ईंटों के निर्माण की लागत ज्ञात करने मे;

(ii) कोयले व पत्थर की खानों में;

(iii) सीमेन्ट, कागज, आटा व कपड़ा मिलों मे;

(iv) दुग्ध उत्पादन संस्थानों मे;

इस विधि के द्वारा प्रति इकाई—जैसे प्रति टन, प्रति लीटर, प्रति मीटर आदि—लागत अथवा कुल लागत दोनों ही ज्ञात की जाती है। इस विधि को एकाकी लागत पद्धति (Single Costing) भी कहते हैं।

2. ठेका-लागत या उपकार्य-लागत पद्धति (Contract or Job Costing)—ठेकेदार या वे उत्पादक जो प्राप्त आदेश (Order) के आधार पर ही कार्य करते है, लागत की इसी पद्धति को अपनाते हैं। जब कोई ठेकेदार किसी कार्य का एक ठेका प्राप्त करता है, जैसे—बाँध-निर्माण, भवन-निर्माण व अन्य तकनीकी कार्य, तो वह अपने इस ठेके की कुल लागत व इससे प्राप्त लाभों को ज्ञात करने के लिए यही विधि अपनाता है। इसी प्रकार जब कोई उत्पादक किसी एक बड़े कार्य का आदेश प्राप्त करता है, जैसे—मुद्रण या जहाज निर्माण तो उसे उस सम्पूर्ण कार्य की लागत अलग से ज्ञात करना आवश्यक होता है। इसके लिए वह इसी पद्धति को अपनाता है। संक्षेप मे, **जहाँ कार्य एक, बड़ा एवं सम्पूर्ण होता है वहाँ पर लागत की यही पद्धति उपयुक्त मानी जाती है।** इस विधि के अन्तर्गत उत्पादन लागत या ठेके व कार्य का लाभ ज्ञात करने के लिए प्रत्येक ठेके व प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग खाता खोल दिया जाता है जिसमे उस ठेके व कार्य से सम्बन्धित सभी व्ययो का लेखा होता है। स्मरण रहे कि यह पद्धति उपकार्य के लिए तभी उपयुक्त है जबकि प्रत्येक उपकार्य एक-दूसरे से भिन्न प्रकृति का है तथा वह विशिष्ट आदेश पर किया जा रहा है। यह पद्धति निम्न के लिए अधिक उपयुक्त है—

(i) ठेकेदार ;
(ii) भवन निर्माण संस्थायें ;
(iii) जहाज निर्माणकर्ता ;
(iv) मुद्रक ;
(v) फिल्म स्टूडिओ।

इस पद्धति के अन्तर्गत प्रति ठेका, प्रति कार्य अथवा प्रति उपकार्य (Job) लागत ज्ञात की जाती है।

3. प्रक्रिया लागत पद्धति (Process Costing)—जब कोई वस्तु अपने निर्माण या उत्पादन की अन्तिम अवस्था तक पहुँचने मे अनेक प्रक्रियाओं से गुजरती है और प्रत्येक प्रक्रिया (Process) अपने आप में पूर्ण एवं अन्य प्रक्रियाओं से पूर्णतया भिन्न होती है, तो ऐसी वस्तु की उत्पादन लागत प्रक्रियानुसार (Process-wise) ज्ञात करते है। अर्थात् प्रत्येक प्रक्रिया की लागत अलग-अलग ज्ञात की जाती है और अंतिम प्रक्रिया की कुल लागत ही वस्तु की कुल लागत होती है। इस पद्धति से वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए वस्तु पर होने वाले समस्त व्ययो को प्रक्रियानुसार छाँट लेते है तथा प्रत्येक प्रक्रिया का एक अलग खाता खोलकर प्रत्येक के व्यय उसमे लिख देते हैं। इस प्रकार प्रत्येक प्रक्रिया की लागत ज्ञात करली जाती है। प्रक्रिया लागत ज्ञात करते समय प्रत्येक प्रक्रिया का क्षय व उसमे भार में कमी अथवा क्षति (Loss in weight or wastage) को भी ध्यान में रखा जाता है। इसमे एक प्रक्रिया का उत्पादन दूसरी प्रक्रिया के लिए कच्चा माल होता है। यह पद्धति निम्न उद्योगों के लिए उपयुक्त है—

(i) रासायनिक पदार्थ निर्माण ;
(ii) वस्त्र निर्माण ;
(iii) वनस्पति घी, तेल ;
(iv) साबुन, रंग व वार्निश ,
(v) चीनी व खाद्य पदार्थ।

4. **समूह लागत पद्धति** (Batch Costing)—यह पद्धति उस समय अपनाई जाती है जबकि विभिन्न आदेशो, कार्यों या उपकार्यों को उत्पादन की सहूलियत के लिए विभिन्न समूहो (Batches) में विभक्त कर दिया जाता है। इस प्रकार से प्रत्येक समूह द्वारा किए गये सम्पूर्ण उत्पादन के लिए अलग से लागत ज्ञात कर ली जाती है और उसी के आधार पर प्रति इकाई लागत ज्ञात करली जाती है। यह पद्धति **निम्न संस्थानों में प्रयुक्त होती है—**

(i) बिस्कुट व मिठाई बनाने वाला सस्थान (Confectioners),
(ii) औषधियों का निर्माण करने वाला संस्थान (Pharmaceuticals).

5. **बहुसंख्यक लागत पद्धति** (Multiple or Composite Costing)—कुछ कार्य ऐसे होते है जिन्हें पूरा करने के लिए अनेक वस्तुओ का निर्माण करना पडता है और उन सब निर्मित वस्तुओ को संकलित करके ही मुख्य वस्तु तैयार होती है, जैसे—स्कूटर निर्माण। ऐसी मुख्य वस्तु के निर्माण के लिए जिन विभिन्न वस्तुओ का सकलन किया जाता है वें अपने आप मे स्वयं एक वस्तु होती है जिनकी उत्पादन लागत एक अलग पद्धति से ज्ञात की जाती है। उन सब विभिन्न वस्तुओ की उत्पादन लागत अलग-अलग पद्धतियो से ज्ञात करते है। मुख्य वस्तु की उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए इन विभिन्न वस्तुओ की उत्पादन लागत को एक साथ जोड़ देते है तथा संकलित करने के व्यय व अन्य उपरिव्यय को भी जोड देते है तभी मुख्य वस्तु की लागत ज्ञात हो पाती है। इस प्रकार मुख्य वस्तु की लागत ज्ञात करने के लिए एक अलग पद्धति तथा उसकी सहायक वस्तुओ के लिए अलग-अलग पद्धतियाँ अपनाई जाती है। इसीलिए ऐसे उद्योगो मे प्रचलित लागत पद्धति को बहुसंख्यक लागत पद्धति कहा जाता है। यह **पद्धति निम्न उद्योगों में उपयोगी है—**

(i) साइकिल निर्माण,
(ii) मोटरकार निर्माण,
(iii) इंजन निर्माण,
(iv) टाइपराइटर, रेडियो, पंखा, सिलाई की मशीन,
(v) घड़ी व स्कूटर व अन्य वृहत मशीनें, आदि।

6. **परिचालन लागत पद्धति** (Operating Costing Method)—सेवाएँ प्रदान करने वाली संस्थाएँ प्रदत्त सेवा की लागत इस पद्धति के द्वारा ज्ञात करते है। इसीलिए इस पद्धति को **'सेवा लागत पद्धति'** (Service Costing Method) भी कहते हैं। यह पद्धति **निम्न में प्रयुक्त** होती है—

(i) यातायात सेवा प्रदान करने वाले संस्थान, जैसे रेलवे, बस, ट्रान्सपोर्ट, ट्राम्बे, टैक्सी आदि।
(ii) आवश्यक सेवा प्रदान करने वाले संस्थान—पानी, बिजली व गैस।

इन संस्थानो मे उत्पादन इकाई भिन्न-भिन्न होती है जैसे रेलवे के लिए प्रति टन किलोमीटर या प्रति यात्री किलोमीटर; पानी के लिए प्रति गैलन, बिजली के लिए प्रति यूनिट आदि।

7. **विभागीय लागत पद्धति** (Departmental Costing Method)—जब प्रमापित वस्तुओ का उत्पादन विभिन्न विभागो मे किया जाता है तो वस्तुओं की उत्पादन लागत प्रत्येक विभाग की अलग ज्ञात की जाती है। इसके लिए समस्त विभागो के सम्मिलित व्ययों को एक उचित आधार पर प्रत्येक विभाग पर अलग-अलग बाँट दिया जाता है, विभिन्न विभागों की अलग-अलग लागत ज्ञात करके उनका तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है।

8 **सीमान्त लागत पद्धति** (Marginal Costing Method)—इस पद्धति के अन्तर्गत वस्तु की सीमान्त लागत (Marginal Cost) ज्ञात करते हैं। सीमान्त लागत के अन्तर्गत केवल

वे व्यय जोड़े जाते है जो कि उत्पादन कार्य के लिए करने पड़ते है। जो व्यय करने नहीं पड़ते बल्कि हो गये मान लिए जाते है, जैसे स्थिर व्यय (Fixed Expenses) उनको लागत में नहीं जोड़ते। संक्षेप मे, समस्त परिवर्तनशील व्ययों (Variable Expenses) के आधार पर ज्ञात की गई लागत सीमान्त लागत कहलाती है। सीमान्त लागत पद्धति से लागत ज्ञात करने के लिए स्थाई उपरिव्यय (Fixed Overheads) को सम्मिलित नही करते। जब उत्पादन की इकाइयों में अस्थिरता रहती है तो यही पद्धति अपनाना उचित होता है।

9. **प्रमाप लागत पद्धति** (Standard Costing Method)—वैसे यह लागत की कोई अलग पद्धति नही है। यह तो लागत ज्ञात करने की ऐसी विधि है जिसके द्वारा लागत ज्ञात होने के साथ-साथ लागत पर नियन्त्रण भी रखा जा सकता है। इस पद्धति के अन्तर्गत पुराने लेखो द्वारा प्रदत्त सूचनाओ एवं भावी सम्भावनाओ (Ideal Cost in Normal Conditions) के आधार पर वस्तु की एक प्रमाप लागत (Standard Cost) ज्ञात कर लेते है। प्रमाप लागत ज्ञात करते समय सामग्री, श्रम व अन्य व्ययों की एक सम्भावित लागत मान लेते हैं। उत्पादन कार्य सम्पन्न होते समय जब वास्तविक व्यय होता है तो उन वास्तविक व्ययों व लागत की तुलना प्रमापित व्ययो व प्रमापित लागत से करते हैं और वास्तविक व प्रमापित व्ययों व लागत का अन्तर ज्ञात करते हैं। इस अन्तर के कारण ज्ञात किए जाते हैं और यदि अन्तर अनुकूल है तो अन्तर के लिए कुशल कर्मचारियों को पुरष्कार दिया जाता है तथा यदि अन्तर प्रतिकूल है तो दोषी कर्मचारियों को दण्ड।

10. **समान लागत पद्धति** (Uniform Costing)—जब अनेक संस्थाएँ उत्पादन लागत ज्ञात करने के लिए एकसी लागत पद्धति अपनाती हैं तो उसे समान लागत पद्धति कहते हैं। इस प्रकार की लागत पद्धति दो प्रकार की संस्थाएँ अपनाती हैं—

(अ) ऐसी संस्था जिसकी अनेक फैक्ट्री व उत्पादनगृह हैं। ऐसी संस्था अपनी प्रत्येक यूनिट में एकसी लागत पद्धति अपनाती है।

(ब) ऐसी संस्थाएँ जो एकसा व्यापार व उत्पादन करती हैं तथा जो किसी एक व्यापारिक संघ की सदस्य है जिनका उद्देश्य सम्पूर्ण उद्योग के लिए एक सामान्य कीमत निर्धारित करना है। अतः सभी सदस्य संस्थानों की लागत में तुलनात्मक अध्ययन करने के ध्येय से यह आवश्यक है कि इनकी लागत पद्धति समान हो।

लागत की इकाई
(Unit of Cost)

उत्पादन की वह मात्रा जिस पर लागत व कीमत का बँटवारा अत्यन्त सुविधाजनक हो सकता है, उत्पादन की इकाई कहलाती है। लागत लेखे तैयार करते समय एक इकाई का निर्धारण करना अति आवश्यक होता है। लागत की कुछ इकाइयों के निम्न उदाहरण हैं—

(i)	ठेकेदारी	प्रति ठेका
(ii)	कोयले व पत्थर की खान	प्रति टन कोयला या पत्थर
(iii)	चीनी मिल	प्रति क्विंटल चीनी
(iv)	ईंट भट्टा	प्रति हजार ईंटें
(v)	वस्त्र कारखाने	
	(अ) सूत	प्रति किलो सूत
	(ब) वस्त्र	प्रति मीटर कपड़ा
(vi)	लोहा व इस्पात	प्रति टन

(vii) आटा मिल	प्रति क्विटल आटा, मैदा या सूजी
(viii) कागज मिल	प्रति किलो कागज
(ix) होटल	प्रति मेहमान प्रति रात्रि
(x) गैस कम्पनियाँ	प्रति घन फुट
(xi) पानी कम्पनियाँ	प्रति 1,000 लीटर
(xii) यातायात कम्पनियाँ	(अ) प्रति यात्री कि० मी० (ब) प्रति क्विटल कि० मी०

QUESTIONS

1. लागत लेखे से आप क्या समझते हो ? एक उत्पादक को इसकी क्या उपयोगिता है ? लेखे से प्राप्त लाभो का वर्णन कीजिए ।
   What is Cost-Accounting ? What is its utility to a manufacturer ? Explain the advantages of costing.
2. लागत-लेखांकन प्रणाली की स्थापना के क्या उद्देश्य हैं ? स्पष्ट कीजिए ।
   What are the objects of Instituting a system of Cost-Accounting ? Explain.
3. लागत लेखे के उद्देश्यों एवं लाभों को संक्षेप मे समझाइए ।
   Explain briefly the objects and advantages of costing.
4. लागत लेखाकन (अ) कार्यक्षमता नियंत्रण में, (ब) वस्तु के मूल्य निर्धारण में, तथा (स) परिचालन नीति के निर्माण के लिए आधार प्रस्तुत करने मे मदद करता है। कारण सहित व्याख्या कीजिए ।
   Cost Accounting assits (a) in controlling efficiency, (b) in pricing products, (c) in providing a basis for operating policy. Elucidate with reasons.
5. एक आदर्श लागत-लेखा पद्धति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।
   Discuss the characteristics of an Ideal System of Cost Accounting.
6. निम्न उद्योगो मे कार्यरत फर्में लागत की कौन-सी पद्धति अपनायेंगी :
   (i) वायुयान के उत्पादन मे ;
   (ii) वायु परिवहन मे ,
   (iii) सडक निर्माण मे ;
   (iv) उर्वरक में ।
   प्रत्येक उद्योग की उपयुक्त लागत इकाई भी बताइए ।
   What methods of costing will firms use in undermentioned industries—
   (i) Production of aeroplanes,
   (ii) Air Transport,
   (iii) Road construction,
   (iv) Fertilizers.
   State the unit of cost suitable for each Industry.
7. प्रबन्धकों व कर्मचारियों के लिए लागत-लेखांकन के लाभों की व्याख्या कीजिए ।
   Discuss the advantages of Cost Accounting to the management and employees.

8. लागत लेखे वित्तीय लेखो से किन-किन बातों मे भिन्न है ? लागत लेखे किस प्रकार लागत को नियंत्रित करने मे सहायता देते है ?
In what essential respects is Cost Accounting different from financial accounting ? How does Cost-Accounting helps in controlling costs ?

9. लागत लेखे की विभिन्न पद्धतियो का संक्षेप मे वर्णन कीजिए और उन विशेष निर्माताओं और उद्योगो का उल्लेख कीजिए जिनमे इनका उपयोग किया जाता है ।
Describe the different methods of costing and state the particular manufacturers and industries to which they are applied.

10. "एक लागत लेखांकन प्रणाली जो कि विक्रय मूल्य निर्धारण हेतु केवल लागत का लेखा रखती है अपने उद्देश्य का केवल एक ही भाग प्राप्त कर पाती है ।" समझाइए ।
A Cost-keeping system that simply records cost for the purpose of fixing sale price has accomplished only a small part of its mission." Discuss

[**Hint**—प्रस्तुत प्रश्न लागत लेखांकन के अनेक उद्देश्यों से सम्बन्धित हैं । लागत लेखांकन के अनेक उद्देश्यो मे से एक उद्देश्य विक्रय मूल्य का निर्धारण भी है । अतः इस कथन मे इस एक उद्देश्य के ही बारे मे कहा गया है । प्रश्न का उत्तर इसी उद्देश्य से प्रारम्भ करके अन्य उद्देश्यो की व्याख्या के साथ समाप्त होगा ।]

11. "लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना पर खर्च किया गया धन व्यय नहीं बल्कि विनियोग है ।" अपने विचार प्रकट कीजिए ।
Money spent on installing a Cost Accounting System is not expense but an investment." Give your views.

[**Hint**—प्रस्तुत कथन का आशय है कि लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना पर किया गया व्यय एक विनियोग है व्यय नही । अर्थात् लागत लेखांकन प्रणाली की स्थापना से यदि संस्था को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होते हैं तो यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस पर खर्च की गई राशि विनियोग है, व्यय नही । किन्तु यदि लागत लेखाकन पद्धति पर खर्च की गई राशि से कोई दीर्घकालीन लाभ प्राप्त नहीं होते तो यह एक व्यय ही है । यदि हम लागत लेखांकन प्रणाली के लाभो व उपयोगिताओं की ओर दृष्टिपात करें तो यह बात स्पष्ट हो जाती है कि यह प्रणाली संस्था के लिए निम्न प्रकार से लाभदायक है ।]

नोट—यहाँ पर समस्त लाभों का विवेचन कीजिए । तदुपरान्त निम्न पैराग्राफ लिखिए ।

उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि लागत लेखांकन प्रणाली एक संस्था के लिए वरदान है । यह प्रणाली संस्था के प्रबन्धकों, स्वामियो, कर्मचारियो व अन्य सभी को अत्यन्त लाभकारी है । इसी प्रणाली के उपयोग के कारण एक संस्था आज के युग मे प्रगति के मापदण्ड तय करती है अन्यथा वर्तमान व्यापार की दौड़ मे वह संस्था पिछड़ जायेगी जिसमे एक सुव्यवस्थित लागत लेखांकन पद्धति नही है । सार रूप में यह बिना किसी संशय के,कहा जा सकता है कि लागत लेखाकन प्रणाली की स्थापना पर किया गया व्यय वास्तव मे विनियोग ही है ।

12. "लागत की एक अच्छी पद्धति व्यय पर नियन्त्रण के साधन के रूप मे कार्य करती है तथा निर्माण मे मितव्ययिता प्राप्त करने में सहायक होती है ।" लागत लेखा के उद्देश्यों एवं कार्य को स्पष्ट करने के लिए इस कथन को समझाइए ।

"A good system of costing serves as a means of control over expenditure and helps to secure economy in manufacture." Discuss the statement to show the objects and functions of Cost Accounting.

[Hint—प्रस्तुत कथन परिव्यय लेखांकन के दो प्रमुख उद्देश्यों एवं कार्यों की ओर इंगित करता है। कथन के अनुसार परिव्यय लेखाकन के निम्न दो प्रमुख उद्देश्य व कार्य है।]

(अ) परिव्यय लेखांकन पद्धति **'व्यय पर नियन्त्रण' करती है** ; तथा

(ब) परिव्यय लेखाकन पद्धति **'उत्पादन में मितव्ययिता'** लाती है।

कथन के प्रथम भाग **'परिव्यय लेखांकन पद्धति व्यय पर नियन्त्रण करती है'** का आशय है कि परिव्यय लेखांकन पद्धति का प्रमुख उद्देश्य लागत व्ययों पर नियन्त्रण करना है और इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस पद्धति के अन्तर्गत प्रमाप. लागत पद्धति अपनाकर व्ययों पर नियन्त्रण रखा जाता है। व्यय पर नियन्त्रण का प्रत्यक्ष परिणाम लागत पर नियन्त्रण होता है। अतः हम कह सकते है कि परिव्यय लेखांकन पद्धत्ति का प्रमुख उद्देश्य व कार्य **'लागत पर नियन्त्रण है।'**

नोट—इसका विस्तृत विवेचन पुस्तक के पृष्ठ 4 पर परिव्यय लेखांकन के उद्देश्य व कार्यों मे दिया गया है।

अब हम कथन के द्वितीय भाग **'परिव्यय लेखांकन पद्धति उत्पादन में मितव्ययिता लाती है'** का विवेचन करेंगे। इसका आशय है कि परिव्यय लेखांकन पद्धति का एक प्रमुख उद्देश्य व कार्य उत्पादन मे मितव्ययिता लाना है। उत्पादन मे मितव्ययिता तभी आ सकती है जबकि उत्पादन लागत पर नियन्त्रण रखा जाय। अर्थात् उपर्युक्त वर्णित सामग्री नियन्त्रण, मजदूरी नियन्त्रण एवं व्यय नियन्त्रण द्वारा फिजूलखर्ची, अनावश्यक क्षति व नुकसानों को रोका जा सकता है। परिव्यय लेखाकन पद्धति ही सामग्री में होने वाली असाधारण क्षति का बोध कराती है तथा उसके कारणों पर प्रकाश डालती है। श्रम मे होने वाले अनावश्यक व्ययों को रोकती है तथा उपरिव्यय के उप-विभाजन के लिए एक उचित आधार प्रस्तुत करती है।

इन सबसे यह निष्कर्ष निकलता है कि परिव्यय लागत पद्धति **'व्यय पर नियन्त्रण'** करती है तथा **'उत्पादन में मितव्ययिता'** लाती है।

13. यह कहा जाता है कि "लागत-लेखांकन दूरदर्शिता की पद्धति है, न कि उत्तरवर्ती परीक्षण, यह हानियों को लाभों में परिवर्तित करता है, कार्यकलापों को गतिशील बनाता है और क्षयों को दूर करता है।" इस कथन की विस्तृत विवेचना कीजिए।

It is said, "Cost Accounting is a system of foresight and not a post-mortem examination. It turns losses into profits, speeds up activities and eliminates wastes." Discuss this statement in detail.

[Hint—प्रस्तुत कथन लागत लेखांकन के महत्व व उसकी उपयोगिताओं की ओर इंगित करता है। इस कथन का प्रथम भाग **'लागत लेखांकन दूरदर्शिता की पद्धति है न कि उत्तरवर्ती परीक्षण'** यह स्पष्ट करता है कि लागत लेखांकन भावी लागत को नियंत्रित करने मे अति लाभदायक है। यह पद्धति भविष्य की अच्छाइयो के प्रति सचेत रहती है ; बीते हुए समय की अच्छाइयो या बुराइयो को नही कुरेदती। हाँ, बीते समय के आधार पर भविष्य को उज्ज्वल बनाने के सपने देखना दूरदर्शिता है। लागत लेखांकन गतवर्ष के क्षयों, हानियों व व्ययों से सबक लेकर भविष्य की लागत को नियन्त्रित करती है। इसीलिए इसे दूरदर्शिता की पद्धति माना गया है। **लागत**

लेखांकन वास्तव में दूरदर्शिता की पद्धति है क्योंकि यह संस्था को अनेकों दीर्घकालीन लाभ, बचत व उपयोगितायें प्रदान करती है ।]

कथन का दूसरा भाग लागत लेखाकन पद्धति के कुछ विशिष्ट **लाभों का विवेचन करता है जो निम्न है—**

(अ) यह हानियो को लाभो मे परिवर्तित करता है,
(ब) कार्यकलापो को गतिशील बनाता है,
(स) क्षयो को दूर करता है ।

जहाँ तक प्रथम लाभ (अ) **हानियो को लाभो में परिवर्तित करता है** ; का तात्पर्य है यह सही है कि लागत लेखाकन लागत पर नियन्त्रण रखकर लागत को कम से कम रखने का प्रयास करता है । लागत मे कमी आने से लाभ का मार्जिन बढ जाता है जिससे यदि लागत लेखाकन पद्धति के लागू होने से पूर्व यदि सस्था नुकसान उठा रही थी तो इस पद्धति को लागू करने के बाद संस्था लाभ प्राप्त करना प्रारम्भ कर देगी ।

लागत लेखाकन पद्धति **कार्यकलापों को गतिशील भी बनाती है** अर्थात् इस पद्धति के लागू होने के उपरान्त आलस्य, फिजूलखर्ची आदि रुक जाती है । श्रमिको को भी उनके कार्यानुसार भुगतान होने लगता है जिससे वे ईमानदारी व मेहनत से कार्य करने लगते है । पिछले वर्ष के या प्रमाप व्ययो से विभिन्न व्ययो व लागत का मापन किया जाता है तथा उत्तरदायित्व निश्चित किया जाता है अत प्रत्येक व्यक्ति चुस्ती के साथ कार्य करता है क्योकि वह जानता है कि अच्छेकार्य का उसे पुरस्कार मिलेगा और गलत कार्य पर दण्ड । परिणामस्वरूप सस्था के कार्यकलापो में स्वत. ही एक गतिशीलता आ जाती है ।

यह **पद्धति क्षयों को भी दूर करती है** क्योंकि विभिन्न प्रकार के नियन्त्रण इस पद्धति से ही सम्भव है ।

लागत के तत्व
(The Elements of Cost)

लागत लेखे तैयार करना प्रत्येक संस्था के लिए अनिवार्य नही है। ऐसी दशा में संस्था वित्तीय लेखों की मदद से अपने लाभ-हानि ज्ञात करती है। यदि लाभ-हानि ज्ञात करने के उद्देश्य से ही खाते रखे जाते हैं तो वित्तीय लेखे ही रखना पर्याप्त है, लागत लेखे रखने की आवश्यकता नही है। लागत लेखों का प्रमुख उद्देश्य संस्था द्वारा उत्पादित वस्तु या प्रदत्त सेवा की कुल लागत व प्रति इकाई लागत ज्ञात ~~ना है। वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग मे केवल लाभ-हानि ज्ञात कर लेने भर से ही संस्था का काम नही चल सकता बल्कि संस्था के स्वामियो को यह भी ज्ञात होना चाहिए कि संस्था द्वारा उत्पादित वस्तु की लागत क्या है ? ताकि बाजार में अपनी वस्तु का स्थाई बाजार बनाये रखने के लिए उसकी प्रतिस्पर्धात्मक कीमत निर्धारित की जा सके। लागत लेखे इस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। लागत लेखों मे उत्पादन के समस्त व्ययों का विश्लेषण व वर्गीकरण करके वस्तु या सेवा की विभिन्न लागते ज्ञात की जाती है। जिन व्ययों से लागत का निर्माण होता है उनको लागत के तत्व (Elements of Cost) कहा जाता है। लागत के तत्व तीन हैं—

1. **सामग्री** (Materials),
2. **श्रम** (Labour),
3. **व्यय** (Expenses)।

(ब) **बाद में आना पहले जाना पद्धति** (Last-in First out or LIFO)—इस पद्धति के अन्तर्गत यह मान लिया जाता है कि सबसे बाद मे खरीदा गया माल उत्पादन कार्य के लिए सर्व-प्रथम निर्गमित किया जाता है। अतः जिस दिन उत्पादन विभाग के लिए सामग्री का निर्गमन किया जा रहा है उस दिन तक जो सामग्री सब से बाद मे खरीदी गई है उसी को निर्गमित किया जायेगा। उस सामग्री के समाप्त होने के उपरान्त उससे पूर्व क्रय की गई सामग्री का निर्गमन किया जायेगा। इसी क्रम से चलते हुए अन्त मे वह सामग्री निर्गमित की जायेगी जो सर्वप्रथम खरीदी गई थी। यह पद्धति इससे पूर्व वर्णित लागत पद्धति (FIFO) का विलोम रूप है।

लाभ (Advantages)—इस पद्धति के प्रमुख लाभ निम्नलिखित है—

(i) **सरलता**—यह पद्धति सरल है तथा इसको सुगमता से कार्यान्वित किया जा सकता है।

(ii) **लागत मूल्य**—इस पद्धति के अन्तर्गत निर्गमित सामग्री का मूल्य अनुमान व सम्भावनाओं पर आधारित न होकर वास्तविक लागत के बराबर होता है। अतः इस पद्धति से निर्गमित सामग्री का मूल्य निर्धारित करने पर स्टॉक लेजर मे कोई लाभ या हानि नही आती।

(iii) **अन्तिम स्टॉक का सुगम मूल्यांकन**—इस पद्धति द्वारा सामग्री का निर्गमन करने पर अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन करने की आवश्यकता नही होती क्योंकि 'स्टॉक लेजर'

मे शेष इकाइयों का लागत मूल्य वही होगा जोकि 'स्टॉक लेजर' मे राशि के खाने मे शेष होगा।

(iv) **उपयुक्तता**—यह विधि बढ़ती हुई कीमतों के समय अधिक उपयुक्त होती है क्योंकि, इसके द्वारा उत्पादन मे प्रयुक्त सामग्री चालू मूल्यों (current prices) या प्रतिस्थापन लागत पर मूल्यांकित की जाती है। फलस्वरूप उत्पादन लागत सही आती है।

हानियाँ (Disadvantages) —इस पद्धति की प्रमुख हानियाँ निम्नलिखित है :

(i) **जटिल गणना**—इस पद्धति के अन्तर्गत गणना कार्य जटिल होता है अत: लिपिक सम्बन्धी गलती (clerical errors) की सम्भावना बढ़ जाती है।

(ii) **अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन**—इस पद्धति के अन्तर्गत अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन पुरानी कीमतो पर आधारित होता है। अन्तिम स्टॉक मे सामान्यतया वही माल बचता है जो सर्वप्रथम क्रय किया गया है। अत: अन्तिम स्टॉक का मूल्यांकन अत्यन्त पुरानी कीमतो पर होता है जबकि इसका वर्तमान मूल्यों पर मूल्यांकन भिन्न होगा। फलस्वरूप, संस्था का चिट्ठा गलत कार्यशील पूँजी दर्शाता है।

(iii) **अनुपयुक्तता**—जहाँ पर सामग्री की खपत धीमी है तथा सामग्री मूल्यवान है एवं कीमतों में गिरावट आ रही है उस समय यह पद्धति सर्वथा अनुपयुक्त है क्योंकि ऐसी दशा मे इस पद्धति को अपनाने से उत्पादित वस्तु की लागत अपेक्षाकृत अधिक आयेगी।

Illustration 3

Prepare Stores Ledger Account from the details of Illustration No. 2, charging the material issued on LIFO Basis.

नोट—कृपया हल पृष्ठ 47 पर देखें।

(स) **अधिकतम मूल्य में आना तथा पहले जाना पद्धति** (Highest-in-First-out-HIFO)–इस पद्धति के अन्तर्गत यह मान लिया जाता है कि सबसे अधिक कीमत का खरीदा गया माल उत्पादन कार्य के लिए सर्वप्रथम निर्गमित किया जाता है। अत: जिस दिन उत्पादन विभाग को सामग्री का निर्गमन किया जा रहा है उस दिन तक जो सामग्री सबसे अधिक मूल्य पर खरीदी गई है उसी का निर्गमन सर्वप्रथम किया जायेगा। उस सामग्री के समाप्त हो जाने के उपरान्त उससे कम मूल्य की सामग्री का निर्गमन किया जायेगा। इस प्रकार सबसे कम मूल्य पर खरीदी गई सामग्री का निर्गमन सबसे अन्त मे किया जायेगा।

इस पद्धति का प्रयोग व्यवहार मे बिल्कुल भी नही किया जाता है। वैसे इस पद्धति का प्रयोग अधिक उच्चावचन वाले समय (highly fluctuating times) मे किया जाता है क्योंकि अधिकतम लागत को सर्वप्रथम वसूल कर लिया जाता है तथा अन्तिम स्कन्ध स्थायी मूल्य पर दिखाया जाता है।

(द) **आधार स्टॉक पद्धति** (Base Stock)—इस पद्धति के अन्तर्गत एक न्यूनतम सामग्री का स्टॉक एक स्थाई मूल्य पर रख लिया जाता है। इसको '**रिजर्व स्टॉक**' (Reserve Stock) कहते हैं। इसका मूल्य स्थाई रहता है चाहे मूल्यों मे कितना ही उतार-चढ़ाव रहे। न्यूनतम स्टॉक को उत्पादन कार्यों के लिए निर्गमित नही करते। शेष सामग्री के निर्गमन का मूल्याकन वैसे तो किसी भी पद्धति के आधार पर किया जा सकता है किन्तु सामान्यतया इस पद्धति में शेष सामग्री का मूल्यांकन 'पहले आना पहले जाना पद्धति' (FIFO) के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार यह पद्धति एक प्रकार से FIFO का संशोधित रूप है।

Solution

Stores Ledger Account

ABC Co. Ltd.

Material.............. ....
Size or Type....................
Bin No..........................

Folio..........................
Max. Qty......................
Min. Qty.......................

	Receipts				Issues				Balance		
Date	Ref	Qty	Rate	Amount	Ref	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Rate	Amount
1-8-78	Opening Stock	1,500	5·00	7,500	—	—	—	—	1,500	5 00	7,500
3-8-78	Purchase	1,400	6 00	8,400	—	—	—	—	1,500 1,400	5·00 6·00	7,500 8,400
7-8-78	—	—	—	—	MR 130	1,200	6 00	7,200	1,500 200	5·00 6 00	7,500 1,200
11-8-78	Purchase	1,000	6·50	6,500	—	—	—	—	1,500 200 1,000	5·00 6 00 6 50	7,500 1,200 6,500
13-8-78	Purchase	500	6·30	3,150	—	—	—	—	1,500 200 1,000 500	5 00 6 00 6 50 6 30	7,500 1,200 6,500 3,150
15-8-78	—	—	—	—	MR 140	700	500 × 6 30 200 × 6·50	3,150 1,300	1,500 200 800	5 00 6 00 6 50	7,500 1,200 5,200
15-8-78	—	—	—	—	Shortage	50	6 50	325	1,500 200 750	5·00 6·00 6 50	7,500 1,200 4,875

17-8-78	,,	—	—	—	MR 145	1,000	750×6·50 200×6 00 50×5·00	4,875 1,200 250	1,450	5 00	7,250
19-8-78	Purchase	200	7 00	1,400	—	—	—	—	1,450 200	5 00 7 00	7,250 1,400
25-8-78	—	—	—	—	MR 147	800	200×7 00 600×5·00	1,400 3,000	850	5 00	4,250
					C. S.	850		4,250			
		4,600		26,950		4,600		26,950			

इस पद्धति के गुण-दोष सामान्यतया वही हैं जो FIFO पद्धति के है। इसका प्रयोग उन विशिष्ट उद्योगों के लिए किया जाता है जिनमें कच्ची सामग्री आधार सामग्री होती है जैसे तेल शोधक कारखाने में अपरिष्कृत तेल (Crude oil); चर्म-शोधक कारखानो मे चर्म आदि। इन उद्योगों में उत्पादन प्रक्रिया (Production Process) लम्बी अवधि की होने के कारण 'रिजर्व स्टॉक' रखा जाना आवश्यक माना जाता है। विशेष आवश्यकता (Emergency) के समय मे ही इस रिजर्व स्टॉक का प्रयोग किया जाता है।

वैसे इस पद्धति का प्रचलन बहुत कम होता है।

Illustration 4

Prepare Stores Ledger Account from the details of Illustration No 2, Reserving 400 units as 'Base Steck' and charging the remaining material on FIFO Basis.

Solution

Stores Ledger Account

ABC Co Ltd

Material....................
Size or Type.......... ...
Bin No ... .

Folio ....
Max. Qty ....
Min Qty................

(Base Stock 400 Units)

Date	Receipts				Issues				Balance		
	Ref.	Qty	Rate	Amount	Ref	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Rate	Amount
1-8-78	Op. Stock	1,500	5·00	7,500	—	—	—	—	1,500	5·00	7,500
3-8-78	Purchase	1,400	6 00	8,400	—	—	—	—	1,500 1,400	5 00 6 00	7,500 8,400
7-8-78	—	—	—	—	MR 130	1,200	1100×5·00 100×6 00	5,500 600	400 1,300	5·00 6 00	2,000 7,800
11-8-78	Purchase	1,000	6·50	6,500	—	—	—	—	400 1,300 1,000	5 00 6 00 6 50	2,000 7,800 6,500
13-8-78	Purchase	500	6 30	3,150	—	—	—	—	400 1,300 1,000 500	5 00 6 00 6 50 6 30	2,000 7,800 6,500 3,150
15 8-78	—	—	—	—	MR 140	700	6 00	4,200	400 600 1,000 500	5·00 6 00 6 50 6 30	2,000 3,600 6,500 3,150

15-8-78	—	—	—	—	Shortage	50	6 00	300	400	5·00	2,000
									550	6 00	3,300
									1,000	6 50	6,500
									500	6 30	3,150
17-8-78	—	—	—	—	MR 145	1,000	550×6 00	3,300	400	5 00	2,000
							450×6 50	2.925	550	6 50	3,575
									500	6 30	3,150
19-8-78	Purchase	200	7·00	1,400	—	—	—	—	400	5 00	2,000
									550	6·50	3 575
									500	6 30	3 150
									200	7 00	1,400
25-8-78	—	—	—	—	MR 147	800	550×6 50	3,575	400	5 00	2,000
					Closing		250×6 30	1,575	250	6 30	1,575
					Stock	850		4,975	200	7 00	1,400
		4,600		26,950		4,600		26,950			

Closing Stock $\frac{\text{850 units at Rs. 4,975}}{\text{Composed off 400 units at 5 00}}$

2. औसत लागत पद्धति (Average Cost Method)

उपर्युक्त वर्णित लागत पद्धतियो का सबसे प्रमुख दोष यह है कि उनमे निर्गमित सामग्री का मूल्याकन अलग-अलग मूल्यो पर किया जाता है। परिणामतया विभिन्न कार्यों (Different Jobs) की लागत भी भिन्न-भिन्न आती है। अत: सामग्री को एक ही मूल्य पर निर्गमित करने के उद्देश्य से **'औसत लागत पद्धति'** अपनाई जाती है। **यह पद्धति दो प्रकार से कार्यान्वित की जा सकती है—**

(अ) **साधारण औसत-मूल्य पद्धति** (Simple Average Price Method)—साधारण औसत का आशय है केवल दरों का औसत। जिस दिन सामग्री का निर्गमन किया जाता है उस दिन तक जिन विभिन्न दरों पर सामग्री का क्रय किया गया है उन

सबकी 'औसत-दर' ज्ञात कर ली जाती है। इसी औसत दर पर निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन किया जाता है।

(ब) भारित मूल्य पद्धति (Weighted Average Method)—इस पद्धति के अन्तर्गत सामग्री का निर्गमन औसत मूल्य पर न किया जाकर 'भारित मूल्य' पर किया जाता है। 'भारित मूल्य' का आशय उस मूल्य से है जो सामग्री की मात्रा व क्रय मूल्य दोनों की मदद से ज्ञात किया जाता है। उदाहरणार्थ, यदि किसी संस्था ने 1 जनवरी व 5 जनवरी को क्रमशः 200 टन एवं 500 टन सामग्री 10 रु० एवं 12 रु० प्रति टन क्रय की है। उसमे से 300 टन सामग्री उत्पादन विभाग को 10 जनवरी को निर्गमित की जाती है तो इस निर्गमन का मूल्य—

साधारण औसत के आधार पर $=300\times\left(\frac{10+12}{2}\right)=300\times 11$

$=3300{\cdot}00$

भारित औसत के आधार पर $=300\times\left(\frac{10\times 200+12\times 500}{700}\right)$

$=300\times\left(\frac{2000+6000}{700}\right)$

$=300\times\frac{8000}{700}=300\times 11{\cdot}43=33[illegible]{\cdot}00$

स्पष्ट है कि 'भारित औसत मूल्य' क्रय की गई मात्रा को क्रय किए मूल्य से गुणा [illegible] गुणनफल में कुल मात्रा का भाग देकर ज्ञात किया जाता है।

Illustration 5

निम्न विवरणो से स्टोर लेजर खाता तैयार कीजिए जिसमे उत्पादन विभाग को निर्गमित सामग्री का मूल्य (i) सामान्य औसत लागत पद्धति एवं (ii) भारित मूल्य पद्धति पर लगाया गया हो—

1-10-79 प्रारम्भिक शेष	500	इकाइयाँ दर 2 रु० प्रति
3-10-79 क्रय	400	,, दर 2 10 रु० प्रति
5-10-79 निर्गमित	600	,, MR 30
7-10-79 क्रय	800	,, दर 2 40 रु० प्रति
9-10-79 निर्गमित	500	,, MR 32
12-10-79 जॉब A से वापसी	200	,, MR 30 द्वारा निर्गमित
17-10-79 क्रय	400	,, दर 2 50 रु० प्रति
25-10-79 निर्गमित	600	,, MR 43

From the following particulars, prepare Stores Ledger Account, showing the pricing of materials, issued to production department, by adopting (i) Simple Average method and (ii) Weighted Average method

1-10-79 Opening Balance	500 units	at Rs 2·00 each
3-10-79 Purchased	400 ,,	at Rs 2 10 ,,
5-10-79 Issued	600 ,,	vide MR 30
7-10-79 Purchased	800 ,,	at Rs 2 40 each
9-10-79 Issued	500 ,,	vide MR 32
12-10-79 Returned from Job 'A'	200 ,,	issued vide MR 30
17-10-79 Purchased	400 ,,	at Rs 2 50 each
25-10-79 Issued	600 ,,	vide MR 43

Solution

(i) Simple Average Method
Stores Ledger Account
ABC Co. Ltd.

Material............ ......
Size or Type..............
Bin No....................

Folio... ....
Max. Qty...............
Min Qty....... ....

Date	Receipts				Issues				Balance		
	Ref.	Qty	Rate	Amount	Ref.	Qty.	Rate	Amount	Qty	Rate	Amount
1-10-79	Op. Bal.	500	2 00	1,000	—	—	—	—	500	2·00	1,000
3-10-79	Purchased	400	2 10	840	—	—	—	—	900	—	1,840
5-10-79	—	—	—	—	MR 30	600	2 05	1,230	300	—	610
7-10-79	Purchased	800	2·40	1,920	—	—	—	—	1,100	—	2,530
9-10-79	—	—	—	—	MR 32	500	2·25	1,125	600	—	1,405
12-10-79	Returned From Job 'A'	200	2·05	410	—	—	—	—	800	—	1,815
17-10-79	Purchased	400	2 50	1,000	—	—	—	—	1,200	—	2,815
25-10-79	—	—	—	—	MR 43	600	2 32	1,392	600	—	1,423
					Closing Stock	600		1,423			
		2,300		5,170		2,300		5,170			

(ii) Weighted Average Method
Stores Ledger Account
ABC Co. Ltd.

Material....................
Size or Type...... ....
Bin No....................

Folio...... ....
Max Qty ... .
Min. Qty...............

Date	Receipts				Issues				Balances		
	Ref.	Qty.	Rate	Amount	Ref.	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Rate	Amount
1-10-79	Op Stock	500	2 00	1,000	—	—	—	—	500	2 00	1,000 00
3-10-79	Purchas	400	2 10	840	—	—	—	—	900	2 04	1,840 00
5-10-79	—	—	—	—	MR 30	600	2 04	1,224·00	300	2 04	616·00
7-10-79	Purchased	800	2·40	1 920	—	—	—	—	1.100	2 305	2,536 00
9-10-79	—	—	—	—	MR 32	500	2 305	1,152 50	600	2 305	1,383 50
12-10-79	Returned From Job 'A'	200	2 04	408	—		—	—	800	2 24	1,791 50
17-10-79	Purchased	400	2·50	1,000	—	—	—	—	1,200	2·326	2,791·50
25-10-79	—	—	—	—	MR 43	600	2·326	1,395 60	600	2 3265	1,395 90
					Stock	600		1,395·90			
		2,300		5,168		2,300		5,168 00			

Working Notes :

प्रथम निर्गमन का औसत मूल्य निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है—

$$\text{Average Price} = \frac{2{\cdot}00 + 2{\cdot}10}{2} = 2\ 05$$

द्वितीय निर्गमन का औसत मूल्य निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है—

$$\text{Average Price} = \frac{2{\cdot}10 + 2\ 40}{2} = 2{\cdot}25$$

द्वितीय निर्गमन के समय प्रथम क्रय की सम्पूर्ण मात्रा उत्पादन विभाग को निर्गमित की जा चुकी है अतः प्रथम क्रय के मूल्य को 'औसत मूल्य' ज्ञात करने के लिए सम्मिलित नही करेंगे।

तृतीय निर्गमन का औसत मूल्य निम्न प्रकार ज्ञात किया गया है—

$$\text{Average Price} = \frac{2\ 40 + 2{\cdot}05 + 2{\cdot}50}{3} = 2{\cdot}32$$

तृतीय निर्गमन के समय तक प्रथम एवं द्वितीय क्रय की सम्पूर्ण मात्रायें उत्पादन विभाग को निर्गमित की जा चुकी है अतः प्रथम व द्वितीय क्रय के मूल्य को 'औसत मूल्य' ज्ञात करने के लिए सम्मिलित नही किया जायेगा।

Working Notes :

विभिन्न 'भारित औसतों' की गणना निम्न प्रकार की गई है—

$$\text{Weighted Average} = \frac{\text{Total Amount}}{\text{No. of Units in Stock}}$$

$$(1)\ \frac{1{,}000}{500} = 2{\cdot}00\ (2)\ \frac{1{,}840}{900} = 2{\cdot}04\ (\text{Approx.})\ (3)\ \frac{2{,}536}{1{,}100}$$

$$= 2{\cdot}305\ (\text{approx.})\ (4)\ \frac{1{,}79{,}150}{800} = 2{\cdot}24\ (\text{Approx.})\ (5)\ \frac{2{,}791{\cdot}50}{1{,}200}$$

$$= 2{\cdot}326\ (\text{approx})$$

लाभ (Advantages)—**औसत मूल्य पद्धति के निम्नलिखित लाभ हैं—**

(i) सामग्री का निर्गमन औसत मूल्य पर किया जाता है अतः विभिन्न निर्गमित दरों में समानता आ जाती है।

(ii) सामग्री निर्गमन के लिए 'औसत मूल्य' एवं 'भारित मूल्य' दोनों ही ज्ञात करने की गणन क्रिया सरल है।

(iii) इस विधि के प्रयोग से मूल्यों के उच्चावचनों का सामग्री के निर्गमन मूल्य पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ता। 'भारित माध्य' मे तो मूल्यों के उच्चावचन का प्रभाव न्यूनतम रहता है।

(iv) यह पद्धति 'लागत' एवं 'बाजार मूल्य' दोनों ही पद्धतियों के गुणों से युक्त है।

(v) अन्तिम स्टॉक के मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं पडती। दोनों ही पद्धतियों मे स्टॉक का मूल्यांकन स्वतः ही होता है।

हानियाँ (Disadvantages)

इस पद्धति के निम्नलिखित अवगुण है—

(i) जब भी सामग्री का निर्गमन किया जाता है **औसत ज्ञात करना** पडता है अतः इस पद्धति को अपनाने मे **गणनक्रिया** (calculation work) **अधिक बढ़ जाती** है। फलस्वरूप इस बात की आशंका बनी रहती है कि इसमे लिपिक सम्बन्धी या गणन सम्बन्धी गलतियाँ रह जायें।

(ii) इस पद्धति से सामग्री के निर्गमन का मूल्य लगाने पर **उत्पादन की वास्तविक लागत ज्ञात नहीं** हो पाती है। उत्पादन की वास्तविक लागत ज्ञात करने के लिए यह आवश्यक है कि सामग्री का निर्गमन चालू मूल्यो (Current Prices) पर किया जाय।

(iii) सामान्य औसत मूल्य से सामग्री निर्गमित करने की दशा मे स्टॉक लेजर मे **लाभ या हानि** आ सकता है। क्योकि सामान्य औसत पद्धति अवैज्ञानिक व अव्यावहारिक है।

3. **प्रतिस्थापन लागत पद्धति** (Replacement Cost Method)—इस पद्धति के अन्तर्गत निर्गमित सामग्री का मूल्याकन निर्गमन की तिथि को प्रचलित बाजार मूल्य पर किया जाता है। निर्गमन की तिथि को प्रचलित बाजार मूल्य को ही **'प्रतिस्थापन लागत'** (Replacement Cost) कहते है। यह मान लिया जाता है कि यदि निर्गमन की तिथि को सामग्री बाजार से क्रय की जाती तो उसका मूल्य क्या होगा ? उसी मूल्य पर सामग्री का निर्गमन उत्पादन विभाग को किया जाता है। इस पद्धति को **'बाजार मूल्य पद्धति'** (Market Price Method) के नाम से भी जाना जाता है।

कुछ विद्वान लेखापालको ने **'प्रतिस्थापन लागत'** एवं **'बाजार मूल्य'** दोनों में अन्तर स्पष्ट किया है। 'प्रतिस्थापन लागत' का आशय निर्गमन के दिन सामग्री की **'अनुमानित लागत'** (Estimated Cost) से लगाया जाता है। 'अनुमानित लागत' बाजार मूल्य से भिन्न (कम या अधिक) हो सकती है यद्यपि यह निर्धारित बाजार मूल्य के आधार पर ही की जाती है। अतः विवाद मे न पड़कर इन दोनो पद्धतियो को एक ही माना जाता है।

लाभ (Advantages)

(i) इस पद्धति द्वारा सामग्री निर्गमन करने पर लागत को चालू मूल्यो के स्तर पर ज्ञात करना सम्भव है।

(ii) बाजार मूल्य पर सामग्री निर्गमित करने के कारण सामग्री के स्टॉक पर जो भी **लाभ या हानि होती है** (लागत मूल्य व बाजार मूल्य मे अन्तर के कारण) उसे सीधे लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता है। अतः लागत लेखे मूल्यों में वृद्धि एवं कमी के कारण सामग्री के सम्बन्ध में होने वाले लाभो व हानियों को समाहित नही करते।

हानियाँ (Disadvantages)

यह पद्धति निम्न अवगुणों से युक्त है—

(i) **उत्पादन की वास्तविक लागत ज्ञात नहीं होती।** सामग्री का निर्गमन लागत मूल्य पर न किया जाकर 'बाजार मूल्य' या 'प्रतिस्थापन मूल्य' पर किया जाता है। अतः उत्पादन की लागत भी वास्तविक न होकर 'बाजारू लागत' या 'प्रतिस्थापन लागत' होती है। यह लागत लेखे के सिद्धान्तों के सर्वथा विपरीत है।

(ii) बाजार मूल्य परिवर्तनशील होते है अत एक ही सामग्री को दो विभिन्न समयों पर निर्गमित करने की दशा मे दो विभिन्न मूल्यो पर निर्गमित किया जायेगा। यह किसी भी सिद्धान्त के अनुकूल नही है।

Illustration 6

From the following particulars, prepare Store Ledger A/c pricing the materials issued to production on Replacement Price basis.

1-5-79	Opening balance	500 units at Rs. 5 each
12-5-79	Purchased	100 units at Rs. 5 10 each
13-5-79	Issued	300 units vide MR No 101
15-5-79	Purchased	300 units at Rs 5 30 each
18-5-79	Issued	200 units vide MR No 107
22-5-79	Purchased	400 units at Rs 5 50 each
24-5-79	Issued	300 units vide MR No 111
26-5-79	Purchased	400 units at Rs. 5 70 each
28-5-79	Issued	500 units vide MR No. 121

Replacement price on various dates 13-5-79 Rs 5·20 ; 18-5-79 Rs. 5·50 ; 24-5-79 Rs 5 70 and 28-5-79 Rs 6 00

Solution

Replacement Price Basis

Store Ledger Account

ABC Co Ltd

Material .... Folio... . ...

Size or Type .... Max. Qty..........

Bin No .... Min. Qty .. ... .

Date	Receipts				Issues				Balances	
	Ref	Qtv	Rate	Amount	Ref.	Qty	Rate	Amount	Qty.	Amount
1-5-79	Opening Balance	500	5 00	2,500	—	—	—	—	500	2,500
12-5-79	Purchase	100	5·10	510	—	—	—	—	600	3,010
13-5-79	—	—	—	—	MR 101	300	5 20	1,560	300	1,450
15-5-78	Purchase	300	5·30	1,590	—	—	—	—	600	3,040
18-5-79	—	—	—	—	MR 107	200	5·50	1,100	400	1,940
22-5-79	Purchase	400	5 50	2,200	—	—	—	—	800	4,140
24-5-79	—	—	—	—	MR 111	300	5 70	1,710	500	2,430
26-5-79	Purchase	400	5·70	2,280	—	—	—	—	900	4,710
28-5-79	—	—	—	—	MR 121	500	6 00	3,000	400	1,710

इस प्रकार माह के अन्त मे 400 इकाइयों का अन्तिम रहतिया बचा जिसकी लागत 1,710 रु० आती है अर्थात् $\frac{1,710}{400}$ or 4·275 रु० प्रति इकाई जो कि किसी क्रय मूल्य या बाजार मूल्य से अत्यन्त कम है। स्पष्ट है कि इस विधि के अन्तर्गत बचे हुए अन्तिम स्टॉक का मूल्याकन वास्तविक नहीं होता। हाँ, यदि यह अन्तिम स्टॉक की इकाइयाँ या तो बाजार मूल्य पर प्रदर्शित की जायँ या फिर यदि यह भी मान लो कि उत्पादन के लिए निर्गमित कर दी जायँ तो Stock Ledger A/c कुछ लाभ प्रदर्शित करेगा। यह लाभ 'अनुपार्जित लाभ' (Unrealised Profit) है इसे एक अलग खाते **'Inventory Adjustment Unrealised Profit A/c'** में हस्तांतरित

कर देना चाहिए । भविष्य में यदि Stock Ledger A/c मे क्षति होती है तो उसे भी इसी खाते मे हस्तान्तरित करेंगे । उपरोक्त उदाहरण मे यदि शेष बची 400 इकाइयाँ 6·00 रु० प्रति की दर से 30-5-79 को निर्गमित कर दी जायें तो स्थिति निम्न होगी—

30-5-79	— Inventory Adjustment Unrealised Profit a/c	—	—	— 690	MR nil	400	6 00	2,400	—	—690 (Unrealised Profit on Stock)
		1,700	—	9,770		1,700		9,770		

4. **प्रमापित लागत पद्धति** (Standard Cost Method)—विभिन्न तत्वो को ध्यान में रखकर एक मूल्य निश्चित कर दिया जाता है जिसके आधार पर ही निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन किया जाता है । यह निश्चित मूल्य ही प्रमापित लागत या प्रमापित मूल्य (Standard Price) या निश्चित मूल्य (Fixed Price) होता है । यह विधि उसी समय अपनाई जाती है जबकि सामग्री के बाजार मूल्यों मे अपेक्षाकृत कम परिवर्तन होते हैं । यह पद्धति सरल है तथा लागत पर नियन्त्रण रखती है । इसमे प्रमापित मूल्य की तुलना वास्तविक मूल्य से की जाती है और विचरणाश (variance) ज्ञात करके इसके कारणो की जाँच की जा सकती है । किन्तु यह पद्धति लागत लेखे के सिद्धान्तों के विपरीत है और वास्तविक लागत की जानकारी नहीं देती । इसके अतिरिक्त प्राप्ति एवं निर्गमन की धनराशियो मे अन्तर होने के कारण सामग्री खाता लाभ या हानि प्रदर्शित करता है जो कि गलत है । इसी प्रकार जब मूल्यों में उतार-चढ़ाव अधिक होते हैं तो यह पद्धति कार्यरत नहीं रह सकती ।

Illustration 7

Prepare 'Stores Ledger Account' from the following 'Receipts and Issues' of materials pricing the issues at standard rate of Rs. 2 20 per unit.

March 1979

4	Purchased	400 units @ Rs 2 00 per unit
6	do	500 units @ Rs. 2·20 per unit
10	Issued	600 units
12	Purchased	200 units @ Rs. 2 30 per unit
15	do	800 units @ Rs. 2·00 per unit
20	Issued	500 units
25	Purchased	200 units @ Rs. 2 50 per unit

Solution

Stores Ledger Account

ABC Co. Ltd

Material .. .. Folio . ...
Size or type ..... Max. Qty.... ....
Bin No . ... Min Qty....... ....

Date	Receipts				Issues				Balance	
	Ref.	Qty	Rate	Amount	Ref	Qty.	Rate	Amount	Qty.	Amount
Mar. 1979										
4	Purchase	400	2 00	800	—	—	—	—	400	800 00
6	—do—	500	2 20	1,100	—	—	—	—	900	1,900·00
10	—	—	—	—	Issue	600	2 20	1,320	300	580 00
12	—do—	200	2 30	460	—	—	—	—	500	1,040 00
15	—do—	800	2 00	1,600	—	—	—	—	1,300	2,640·00
20	—	—	—	—	Issue	500	2 20	1,100	800	1,540 00
25	—do—	200	2 50	500	—	—	—	—	1,000	2,040 00

यहाँ पर 1,000 इकाइयों का अन्तिम रहतिया 2,040 रु० लागत का है। यदि 1,000 इकाइयों का प्रमापित मूल्य ज्ञात किया जाय तो वह 1,000 × 2 20 = 2,200 रु० होगा।

अत: Variance = Standard Cost — Actual Cost

= 2,200—2,040

= 160 Rs.

यह अन्तर लाभ-हानि खाते मे हस्तातरित कर देना चाहिए और स्टॉक का मूल्याकन 2,200 रु० रखना चाहिए।

5. **बढ़ा हुआ मूल्य पद्धति** (Inflated Price Method)—कुछ सामग्री ऐसी होती है जो समय, वातावरण या जलवायु से प्रभावित होती है। अर्थात् समय के कारण या वाष्पीकरण के कारण या सूख जाने के कारण सामग्री मे कमी आ जाती है। अत यदि सामग्री को क्रय मूल्य पर ही निर्गमित किया जाय तो निर्गमित सामग्री से सम्पूर्ण लागत वसूल नही हो पायेगी क्योंकि सामग्री मे कमी हो जाने के कारण सम्पूर्ण सामग्री निर्गमित नही हो पायेगी। ऐसी अवस्था मे सामग्री के मूल्य को असली शेष बजन पर फैला दिया जाता है। इस प्रकार प्रति इकाई लागत क्रय लागत से बढी हुई होगी। इस बढी हुई लागत पर सामग्री को निर्गमन करने पर ही गोदाम मे होने वाली क्षतियो की लागत लेखो मे पूर्ति की जा सकती है। उदाहरणार्थ, 200 क्विटल लकड़ी 10 रु० प्रति क्विटल की दर से क्रय की गई। निर्गमन के समय तक इसमे 10 क्विटल की कमी आ गई तो इसकी निर्गमन लागत निम्न हागी—

क्रय मूल्य = 200 × 10 = 2,000

निर्गमन मूल्य = $\frac{2,000}{190}$ = 10·53 रु० प्रति क्विटल

QUESTIONS

1. किसी भी निर्माण करने वाले व्यवसाय के लिए, जिससे आप परिचित है, सामग्रीगृह के नियन्त्रण की विधि का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

   Outline a system of stores control for any manufacturing business with which you are familiar.

2. किसी भी निर्माणी व्यवसाय के लिए सामग्री का लेखा करने की विधि की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए जो कि लागत लेखा विभाग को आवश्यक सूचनायें दे सके और पर्याप्त नियन्त्रण की क्षमता भी प्रदान करे।

   Outline a system of stores record for a manufacturing business which would enable an adequate check to be maintained and would also supply the informations needed by the Costing Department ?

3. बिन-पत्रक की परिभाषा दीजिए तथा इसका नमूना प्रस्तुत कीजिए। एक बिन पत्रक और स्टोर खाता बही में क्या अन्तर है ?

   Define a 'BinCard' and give its specimen What is the difference between a Bin-Card and a Store-Ledger ?

4. 'सामग्री की निरन्तर गणना प्रणाली' को समझाइए तथा उदाहरण सहित इसके लाभों का वर्णन कीजिए।

   Explain perpetual inventory system and mention its advantages with examples.

5. सामग्री नियन्त्रण के क्या उद्देश्य है ? सामग्री निर्गमन के मूल्यांकन सम्बन्धी विभिन्न पद्धतियो का संक्षेप मे उल्लेख कीजिए ।

What are the objects of Stores Control ? State briefly the various methods for pricing the issue of materials

6. सामग्री निर्गमन के मूल्याकन की निम्न पद्धतियो को उपयुक्त उदाहरण सहित समझाइए :

(अ) पहले आना, पहले जाना ।

(ब) बाद मे आना, पहले जाना ।

इन पद्धतियो मे से आप किस पद्धति की, बढते हुए मूल्यो की दशा मे, संस्तुति करेंगे तथा क्यो ?

Explain with suitable examples the following methods of pricing the issue of materials ·

(a) FIFO

(b) LIFO

Which of these methods would you recommend under conditions of rising prices and why ?

7. विभिन्न कार्यों के लिए निर्गमित की हुई सामग्री के मूल्याकन के क्या आधार होने चाहिए ? प्रत्येक विधि के गुण, अवगुण तथा उपयुक्तता को बताइए ।

What should be the basis of pricing materials issued for different Jobs ? Discuss the merits, demerits and suitability of each method.

8. एक माह के अन्तर्गत प्राप्त एवं निर्गमित सामग्री का निम्न साराश है .

The following is a summary of the receipts and issues of materials in a factory during a month.

1st	प्रारम्भिक शेष (Opening Balance)	500	units at Rs 25 per unit
3rd	निर्गमन (Issue)	70	,,
4th	निर्गमन (Issue)	100	,,
8th	निर्गमन (Issue)	80	,,
13th	क्रय की (Purchased)	200	units at Rs. 24·50 per unit
14th	स्टोर को वापस (Returned to Store)	15	units at Rs. 24 00 per unit
16th	निर्गमन (Issue)	180	,,
20th	क्रय की (Purchased)	240	units at Rs. 24·75 per unit
24th	निर्गमन (Issue)	304	,,
25th	क्रय की (Purchased)	320	,, at Rs. 24·50 per unit
26th	निर्गमन (Issue)	112	,,
27th	स्टोर को वापस (Returned to Store)	12	,, at Rs. 24·50 per unit
28th	क्रय की (Purchased)	100	,, at Rs. 25 00 per unit

'पहले आना पहले जाना पद्धति' के आधार पर स्टोर लेजर तैयार कीजिए । 15 व 27 तारीख को क्रमश: 5 व 8 इकाइयो की कमी ज्ञात हुई ।

Prepare Store Ledger on the basis of 'First in-First out'. This revealed that on 15th and 27th there was a shortage of 5 and 8 units respectively.

Ans 15th shortage @ Rs. 25 and 27th shortage @ Rs. 24·75

96 @ Rs. 24 75
320 @ Rs. 24·00
12 @ Rs ·24 50
100 @ Rs 25 00

9. 'अ' सामग्री का शेष 1 अप्रैल 1979 को 500 इकाइयो का 1 रु० प्रति इकाई की दर से है। बाद मे इस सामग्री के सम्बन्ध मे निम्न क्रय व निर्गमन हुए :

The Stock of Material A as at 1st April, 1979 is 500 units at Re 1·00 per unit. Following purchases and issues of this item were made subsequently.

	दिनाक Date	क्रय Purchase Units	दर Rate Rs		दिनाक Date	निर्गमन Issues Units
1979				1979		
April	6	100	1·10	April	9	500
,,	20	700	1·20	,,	22	500
,,	27	400	1·30	,,	30	500
May	13	1,000	1 40	May	15	500
,,	20	500	1 50	,,	22	500
June	17	400	1 60	Jun	18	500
,,	28	600	1·70	,,	29	500

एक विवरण तैयार कीजिए कि किस प्रकार उपरोक्त निर्गमनो का मूल्याकन 'अन्तिम आना पहिले जाना' एवं 'पहले आना व पहले जाना' पद्धतियों के अन्तर्गत किया जाता है।

Prepare a statement showing, how the value of the above issues should be arrived at under LIFO and FIFO methods.

10. एक निर्माणी संस्था 'अन्तिम आना पहले जाना' पद्धति के आधार पर सामग्री का निर्गमन करती है। तिमाही के अन्त मे समस्त सामग्री का मूल्याकन अन्तिम सुपुर्दगी वाली लागत पर किया जाता है। 1979 के दौरान कम्पनी ने एक वस्तु का निम्न प्रकार क्रय किया।

A manufacturing company issues materials to jobs on the 'Last-in-first-out' basis. At the end of each quarter all materials are valued at the cost of the last delivery.. During 1979 the company made the following purchases of a commodity

12th	Jan	12	Gross	at	Rs. 40	Pe	Gross
21st	,,	,,	,,	,	,, 45	,,	,,
28th	Feb.	,,	,,	,,	,, 50	,,	,,
15th	March	,,	,	,,	,, 50	,,	,,

कार्य को निम्न प्रकार से निर्गमन किया गया :

Issues to the Jobs were made as follows .

20th an.	10 Gross
17th Feb.	10 ,,
18 March	10 ,,

31 मार्च 1979 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए 'स्टोर लेजर खाता बही' तैयार कीजिए।

Write up the Stores Ledger Account for the quarter ending 31st March 1979

11. निम्नलिखित सूचनाओ के आधार पर 'स्टोर लेजर खाता बही' तैयार कीजिए यदि सामग्री निर्गमन के लिए (i) सामान्य औसत लागत एवं (ii) भारित औसत लागत पद्धति अपनायी जाती हो।

Prepare a 'Store Ledger Account' on the basis of the following informations if the methods of pricing the issue be (i) simple average cost, and (ii) weighted average cost.

July 79

1	Opening Balance	50 units	@ Rs 3 per unit
5	Issued to Job	2 ,,	
7	Purchased	48 ,,	@ Rs 4 per unit
9	Issued to Job	20 ,,	
20	Purchased	76 ,,	@ Rs. 3 per unit
25	Received back into Store 19 units out of 20 issued on 9th July 1979		
30	Issued	10 units	

---

12. सामग्री निर्गमन के मूल्याकन की 'प्रथम आना प्रथम जाना', 'अन्तिम आना प्रथम आना', एवं औसत मूल्य पद्धति को संक्षेप मे समझाइए एवं निम्न समको से वर्णन्ति स्टॉक का मूल्यांकन 'प्रथम आना व प्रथम जाना' तथा अंतिम आना व प्रथम जाना पद्धतियों के आधार पर कीजिए—

प्रारम्भिक शेष : 12,000 इकाइयाँ दर 2·00 रु० प्रति इकाई

	प्राप्ति इकाइयाँ		निर्गमन इकाइयाँ
प्रथम चौथाई वर्ष	20,000	दर 2·20 रु०	16,000
द्वितीय ,, ,,	30,000	,, 2 40 रु	26,000
तृतीय ,, ,,	25,000	,, 2·30 रु०	32,000
चतुर्थ ,, ,,	10,000	,, 2·25 रु०	8,000

यह मानिये कि क्रय विक्रय प्रत्येक चौथाई के प्रथम दिन ही की गई।

Discuss briefly FIFO, LIFO and Average Price methods of pricing material issues and show the year end value of inventory under FIFO and LIFO methods for the following data :

Opening balance · 12,000 units @ Rs. 2·00 Per Units

	Received (units)	Issued (units)
Ist quarter	20,000 @ Rs. 2·20	16,000
IInd quarter	30,000 @ Rs. 2·40	26,000
IIIrd quarter	25,000 @ Rs. 2 30	32,000
IVth quarter	10,000 @ Rs 2·25	8'000

Assume that perchage were made on the first day of the quarter.

श्रम
(Labour)

'श्रम' उत्पादन का दूसरा महत्वपूर्ण तत्व है। प्रथम महत्वपूर्ण तत्व सामग्री है जिसका वर्णन पिछले अध्याय मे किया जा चुका है। 'श्रम लागत' को दो प्रमुख भागो के विभक्त किया जा सकता है—

(i) प्रत्यक्ष श्रम (Direct Labour)।

(ii) अप्रत्यक्ष श्रम (Indirect Labour)।

(1) प्रत्यक्ष श्रम (Direct Labour)

वह श्रम जो वस्तु की दशा, बनावट या ढाँचे को परिवर्तित करने मे लगाया जाता है प्रत्यक्ष श्रम कहलाता है। इस श्रम को **उत्पादक श्रम** (Productive Labour) भी कहते है। जो श्रमिक उत्पादन कार्य ही करते है, अन्य कोई कार्य नही, उनको दिया गया पारिश्रमिक उत्पादक श्रम या प्रत्यक्ष श्रम कहलाता है। उत्पादक श्रम या प्रत्यक्ष श्रम की मुख्य विशेषता यह है कि यह उत्पादन की किसी भी इकाई से मुख्यतया या विशेषतया सम्बन्धित किया जा सकता है। यह उत्पादन की मात्रा से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित होता है अत. प्रत्यक्ष या उत्पादक श्रम **'एक परिवर्तनशील'** (variable) **व्यय है** जिसमे उत्पादन मे वृद्धि के साथ-साथ वृद्धि होती है तथा कमी के साथ-साथ कमी। उत्पादन से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होने के कारण इस श्रम लागत पर नियन्त्रण रखना सुविधाजनक है। संक्षेप मे, **प्रत्यक्ष श्रम की निम्न प्रमुख विशेषतायें हैं—**

(i) यह वस्तु **की दशा, बनावट या ढाँचे को परिवर्तित करने में लगाया** जाता है।

(ii) यह उत्पादन से सीधा सम्बन्ध रखता है अतः उत्पादन की मात्रा के साथ-साथ **प्रत्यक्ष रूप से परिवर्तित** होता है।

(iii) इस श्रम को उत्पादन की **किसी भी इकाई के साथ** विशेष रूप से एवं मुख्य रूप से **सम्बन्धित** किया जा सकता है।

(iv) यह श्रम वस्तु की **'मूल लागत'** (Prime Cost) का मुख्य अंग है। 'मूल लागत' का विस्तृत विवेचन अगले अध्यायो मे किया जायेगा।

(2) अप्रत्यक्ष श्रम (Indirect Labour)

इसको अनुत्पादक श्रम (Unproductive Labour) भी कहते है। यह वह श्रम है जो उत्पादन कार्यों मे प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित नही है बल्कि उत्पादन कार्यों मे लगे श्रमिकों को सहायता प्रदान करता है। **कारखाने के तान्त्रिक** (technical) **एवं साधारण प्रबन्ध तथा नियन्त्रण** (control) **आदि में लगा श्रम अप्रत्यक्ष या अनुत्पादक श्रम कहलाता है।** जैसे फोरमैन, समय का लेखा करने वाला, श्रमिकों को उत्पादक कार्यों मे सहायता पहुँचाने वाला आदि। अप्रत्यक्ष श्रम

उत्पादन की किसी भी इकाई से विशेष रूप मे सम्बन्धित नही होता बल्कि वह समस्त उत्पादन से सम्बन्धित होता है। उत्पादन की किसी विशेष इकाई की दशा, बनावट या ढाँचे के परिवर्तन मे नही लगा होता बल्कि उत्पादन के इन कार्यों को सुगम व सरल बनाने के कार्यों में लगा होता है। **इस प्रकार अप्रत्यक्ष श्रम कारखाने में किया गया वह व्यय है जो प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन मात्रा से सम्बन्धित नहीं होता किन्तु जिसकी सहायता के बिना उत्पादन सम्भव भी नहीं होता।** इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से उत्पादन कार्यों (वस्तु की बनावट, दशा व ढाँचे मे परिवर्तन के कार्यो मे) मे लगे हुए श्रमिको की सहायता, उन पर नियन्त्रण व देखभाल के लिए जितने भी व्यक्ति लगे है उन सबको देय मजदूरी अप्रत्यक्ष श्रम के अन्तर्गत आती है।

अप्रत्यक्ष श्रम **'कारखाना उपरिव्यय'** (Works overheads) का प्रमुख भाग है जिसका विस्तृत वर्णन अगले अध्यायो मे किया जायेगा।

श्रम लागत पर नियन्त्रण
(Control Over Labour Cost)

श्रम लागत का एक महत्वपूर्ण व प्रमुख अंग है। इस कारण श्रम-लागत के नियन्त्रण का विशेष महत्व है। **श्रम-लागत नियन्त्रण** (Labour-cost Control) **का आशय श्रम के समुचित उपयोग से है ताकि प्रति इकाई श्रम लागत न्यूनतम रहे।** यहाँ पर यह स्मरण रखने योग्य बात है कि प्रति इकाई श्रम लागत को न्यूनतम करने के लिए यह आवश्यक नही है कि श्रम की दर घटाई जाय **बल्कि श्रम की दर बढ़ाकर साथ ही साथ उसकी कार्यक्षमता दर की अपेक्षा अधिक बढ़ाकर भी** श्रम लागत पर नियन्त्रण रखा जा सकता है। सामान्यतया **श्रम-लागत पर नियन्त्रण रखने के लिए निम्न प्रमुख तत्वों को ध्यान में रखना आवश्यक है—**

(i) **उत्पादन आयोजन** (Production Planning)—उत्पादन आयोजन के अन्तर्गत उत्पादन से सम्बन्धित विभिन्न बातो का इस प्रकार से निर्धारण करना कि श्रम का पूर्ण सदुपयोग हो सके। इसके अन्तर्गत उत्पादन कार्यक्रम तैयार करना, उत्पादन तान्त्रिकी निर्धारित करना, प्रत्येक वस्तु के लिए प्रमापित समय निर्धारित करना, वस्तु पर गुण नियन्त्रण रखना आदि समस्त कार्य उत्पादन आयोजन के अन्तर्गत सम्मिलित है।

(ii) **श्रम बजट का प्रयोग** (Use of Labour Budget)—पिछली अवधि के श्रम व्ययो के लेखो के आधार पर वर्तमान अवधि का बजट बनाया जाता है और इस बजट की श्रम-लागत को वास्तविक श्रम लागत से तुलना करना तथा वास्तविक व्ययो को बजट द्वारा निर्धारित व्ययो की सीमा तक ही रहने देने की कोशिश करना आदि भी श्रम-लागत के नियन्त्रण का तत्व है।

(iii) **श्रम प्रमापों का प्रयोग** (Use of Labour Standards)—समय एवं गति अध्ययन द्वारा श्रम-लागत के विभिन्न प्रमाप निर्धारित कर दिये जाते है। इन प्रमापों की तुलना वास्तविक व्ययो से की जाती है तथा विचलनो (variances) के कारणो का पता लगा कर इनको रोकने के प्रभावी कदम उठाना।

(iv) **प्रेरणात्मक श्रम-योजनाओं का प्रभाव** (Effect of Labour Incentive Plans)—श्रम को पारिश्रमिक देने की विभिन्न प्रेरणात्मक योजनाये श्रम की कार्यक्षमता बढाने तथा प्रति इकाई श्रम लागत कम करने मे कहाँ तक प्रभावी होती है। श्रम की प्रेरणात्मक योजनाये 'श्रम-लागत' को नियन्त्रित करने मे किस सीमा तक सहायता देती हैं।

(v) **श्रम-कार्यक्षमता रिपोर्ट** (Labour Efficiency Report)—एक निर्धारित अवधि मे श्रमिक द्वारा किया गया कार्य श्रम की कार्यक्षमता कहलाता है। श्रम की कार्यक्षमता की विभागीय रिपोर्ट श्रम-लागत पर नियन्त्रण रखने मे मदद करती है।

इस प्रकार हम देखते है कि श्रम-लागत पर नियन्त्रण के लिए यह आवश्यक है कि उपरोक्त बातो पर ध्यानपूर्वक अमल किया जाय। वैसे एक **अच्छी व कुशल श्रम-व्यवस्था** ही श्रम-लागत पर नियन्त्रण रखने मे सहायक हो सकती है। एक अच्छी श्रम-व्यवस्था वह है जो श्रम के विभिन्न विभागो मे समन्वय स्थापित करके उस पर नियन्त्रण रखे। **एक कुशल श्रम व्यवस्था के अन्तर्गत निम्न विभागों मे समन्वय स्थापित करना आवश्यक है**—

(1) सेविवर्गीय विभाग (Personnel Department)
(2) समय लेखा विभाग (Time-keeping Department)
(3) मजदूरी विभाग (Wages Department)
(4) लागत-लेखा विभाग (Costing Department)

श्रम-लागत पर नियन्त्रण रखने की दृष्टि से इन विभागो के कार्यो का विस्तृत विवरण दिया गया है।

(1) **सेविवर्गीय विभाग** (Personnel Department)—संस्था के सचालक-गण श्रमिको की नियुक्ति, कार्य मुक्ति, उनके हस्तान्तरण, उनका वर्गीकरण, मजदूरी देने की प्रणाली, कार्य-वितरण आदि के बारे मे निश्चित नीतियो व नियमो का निर्धारण करते हैं। इन समस्त नीतियो व नियमो को कार्य रूप मे सेविवर्गीय विभाग ही परिणित करता है। इस प्रकार इस विभाग का कार्य श्रमिकों की नियुक्तियाँ, उनका कार्य-वितरण तथा उनको प्रशिक्षण आदि देना है। इस विभाग का प्रधान अधिकारी सेविवर्गीय प्रबन्धक (Personnel Manager) होता है। यह विभाग श्रमिको की नियुक्ति के लिए तभी कदम उठाता है जबकि इसके पास **'श्रम आवश्यकता प्रपत्र'** (Labour Placement Requisition) प्राप्त हो जाता है। इस प्रपत्र मे कितने श्रमिक, किस योग्यता वाले व किस कार्य के लिए चाहिए आदि समस्त बातो का उल्लेख दिया हुआ होता है। इसके अतिरिक्त इस प्रकार संस्तुति प्रदान करने वाले उच्च अधिकारी की संस्तुति भी होती है। इस प्रपत्र के प्राप्त कर लेने के उपरान्त ही सेविवर्गीय प्रबन्धक आवश्यक कार्यवाही करता है।

'श्रम आवश्यकता प्रपत्र' प्राप्त हो जाने के बाद सेविवर्गीय प्रबन्धक नियुक्ति के आवेदन के लिए सूचना भेजता है। वह विभिन्न समाचार पत्रो द्वारा, या सस्थाओ, कालेजो आदि को अपने प्रपत्रो (circulars) द्वारा इस आशय की सूचना देता है कि उसकी संस्था मे अमुक स्थान रिक्त है। आवेदन-पत्र आ जाने के बाद यह विभाग श्रमिको का साक्षात्कार करता है और साक्षात्कार मे योग्यता प्राप्त श्रमिकों की नियुक्ति करता है। प्रत्येक नियुक्त किए गये श्रमिक के लिए एक **'व्यक्तिगत विवरण कार्ड'** (Personal Record Card) तैयार किया जाता है जिसमे उसका नाम, पता, उसकी योग्यता व अन्य विस्तृत विवरण दिए होते है। इस कार्ड के अध्ययन से ही एक श्रमिक के बारे मे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाती है।

नियुक्ति एवं 'व्यक्तिगत विवरण कार्ड' भर लेने के उपरान्त यदि आवश्यकता हुई तो श्रमिको को प्रशिक्षण के लिए **'प्रशिक्षण विभाग'** मे भेज दिया जाता है अन्यथा श्रमिको को **'कारखाना प्रबन्धक'** (Factory Manager) के पास भेज दिया जाता है। वह इनको इनकी रुचि, योग्यता व तकनीकी प्रशिक्षण के आधार पर कार्य दे देता है।

(2) **समय-लेखा विभाग** (Time-keeping Department)—जिन संस्थाओ मे समय के आधार पर पारिश्रमिक दिया जाता है उन संस्थाओं मे यह जानना अति आवश्यक है कि :

(अ) श्रमिको का प्रतिदिन आने व जाने का समय क्या है; तथा

(ब) श्रमिको द्वारा प्रत्येक कार्य को कितना समय दिया गया है।

इसकी जानकारी व लेखा 'समय-लेखा विभाग' करता है। यह विभाग श्रमिको के कारखाने मे प्रवेश का समय तथा कार्य समाप्ति के बाद छोडने का समय नियमित रूप से लिखता है। श्रमिको मे अनुशासन बनाये रखने व उनका पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए यह जानना आवश्यक है कि उनकी उपस्थिति कितने दिन तथा कितने समय तक रही। मजदूरी-लेखा विभाग इसी विभाग के लेखो के आधार पर मजदूरी की गणना करता है। **श्रमिकों के समय का लेखा निम्न पद्धतियों के आधार पर रखा जा सकता है—**

(i) **उपस्थिति रजिस्टर** (Attendance Register)—समय नोट करने की यह अति प्राचीन व सरल पद्धति है। यह उन छोटी-छोटी संस्थाओ में अपनाई जाती है जहाँ पर श्रमिको की संख्या अधिक नही है तथा उनको एक व्यक्ति पहचानता है। इस पद्धति के अन्तर्गत समय का लेखा द्वारपाल या टाइम-कीपर द्वारा किया जाता है। यह द्वारपाल कारखाने के दरवाजे पर एक रजिस्टर लेकर बैठता है। इस रजिस्टर मे प्रत्येक श्रमिक का नाम दिया रहता है। वह घडी की सहायता से प्रत्येक श्रमिक के आने-जाने का समय अपने हाथ से रजिस्टर मे लिख देता है। इस रजिस्टर की सहायता से मजदूरी विभाग श्रमिको की मासिक, पाक्षिक या साप्ताहिक मजदूरी की गणना करता है। यह पद्धति उन कारखानो मे अनुपयुक्त है जहाँ पर बहुत बडी संख्या मे श्रमिक एक ही साथ कारखाने मे प्रवेश करते हे। वैसे इस पद्धति से समय-लेखा रखने मे गलती की सम्भावना बनी रहती है।

(ii) **धातु के टिकट** (Metal Discs)—इस पद्धति के अन्तर्गत प्रत्येक श्रमिक के लिए एक धातु का टिकट होता है जिस पर श्रमिक का नम्बर अंकित होता है। कारखाने के द्वार पर दो बोर्ड लगा दिये जाते है। एक बोर्ड कारखाने के बाहर होता है तथा दूसरा बोर्ड कारखाने के अन्दर। प्रत्येक बोर्ड मे कीले लगी होती हैं जिन पर धातु की टिकटो को लटकाया जा सकता है। कारखाने के बाहर वाले बोर्ड पर समस्त श्रमिको के धातु के टिकटो को लटका दिया जाता है। आने वाला श्रमिक कारखाने के बाहर के बोर्ड से अपने नम्बर का धातु-टिकट निकाल लेगा तथा उसको कारखाने के अन्दर वाले बोर्ड पर लगा देगा। निर्धारित समय पर अन्दर वाले बोर्ड को हटा दिया जाता है। बोर्ड पर टंगे टिकटो के नम्बरो वाले श्रमिको की हाजिरी लगा दी जाती है तथा कारखाने के बाहर वाले बोर्ड पर जो टिकटें लगी हैं उनके श्रमिक या तो अनुपस्थित होते है अथवा देरी से आने वाले। उन्हें अपने आने की सूचना व आने का समय सम्बन्धित अधिकारी के पास लिखवाकर ही कारखाने मे प्रवेश दिया जाता है।

यह पद्धति दोषपूर्ण है क्योंकि इसमे सम्भव है कि एक श्रमिक किसी दूसरे श्रमिक की टिकट भी अन्दर वाले बोर्ड पर टाँग दे। इसके अतिरिक्त इस पद्धति के अन्तर्गत श्रमिको के आने-जाने का कोई अधिकृत लेखा नही रखा जाता है।

(iii) **समय छापने वाली घड़ी** (Time-Recording Clock)—समय छापने वाली घडी उक्त दोनों पद्धतियो की अपेक्षा अधिक श्रेष्ठ व लोकप्रिय है। इस पद्धति के अपनाने से समय का अधिकृत, सही व विवादहीन लेखा हो सकता है। इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रत्येक श्रमिक के लिए एक **'समय कार्ड'** (Time Card) तैयार किया जाता है। इस पर श्रमिक का नाम व नम्बर लिखा होता है। समय-कार्ड,

फैक्ट्री के प्रवेश द्वार पर एक अलमारी या दराज मे रखे होते है । आने वाला श्रमिक अपने नम्बर के 'समय कार्ड' को दराज या अलमारी से निकालता है तथा समय छापने वाली मशीन मे लगाता है । मशीन उस पर श्रमिक के आने का समय अंकित कर देती है । कार्ड पर समय अंकित करवा लेने के उपरान्त श्रमिक उस कार्ड को दूसरी खाली दराज या अलमारी मे रख देता है । जो श्रमिक देर से आते है उनका समय लाल स्याही मे छपेगा । समय-लेखापालक इन कार्डों की मदद से ही श्रमिको के आने-जाने के समय का लेखा करता है । प्रत्येक सप्ताह बाद श्रमिकों के लिए नवीन कार्ड बना दिये जाते है ।

यह पद्धति अधिक विश्वसनीय है । इसमे समय नोट करने की अशुद्धता नही होती तथा प्रत्येक श्रमिक के समय का अधिकृत सबूत भी रहता है । किन्तु इस पद्धति का भी यही दोष है कि इसमे एक श्रमिक दूसरे श्रमिक का कार्ड लेकर उस पर भी समय अंकित करवा सकता है । किन्तु श्रमिकों के आने के समय यदि एक अधिकारी उपस्थित रहे तो इस दोष से बचा जा सकता है ।

(3) **मजदूरी विभाग** (Wages Department)—**इस विभाग का प्रमुख कार्य श्रमिको की मजदूरी की गणना** करना तथा उनको **पारिश्रमिक का भुगतान** करना आदि है । **श्रमिकों को देय मजदूरी की गणना प्रायः दो विधियों से की जाती है—**

(i) **समयानुसार मजदूरी** (Time wages)

(ii) **कार्यानुसार मज़दूरी** (Wage according to work)

(i) **समयानुसार मजदूरी** (Time Wages)—**इस पद्धति के** अन्तर्गत श्रमिको को साप्ताहिक, पाक्षिक या मासिक मजदूरी का भुगतान **किया** जाता है । मजदूरो की उपस्थिति के आधार पर मजदूरी की गणना की जाती है । मजदूरो की **उपस्थिति निम्न विधियों से ज्ञात होती है :**

(अ) **दैनिक उपस्थिति नामावली** (Daily Muster Roll)—जहाँ श्रमिकों की संख्या कम होती है वहाँ पर श्रमिको की दैनिक उपस्थिति नामावली तैयार की जाती है । यह द्वारपाल अथवा टाइम-कीपर के रजिस्टर से बनाई जाती है । यह नामावली लागत-लेखा विभाग को भेज दी जाती है । इस विभाग मे इसका विश्लेषण करके प्रत्येक श्रमिक की मजदूरी ज्ञात की जाती है और उस मजदूरी को विभिन्न कार्यो व उपकार्यों (Jobs or Works) मे बाँटा जाता है । **'दैनिक उपस्थिति नामावली'** (Daily Muster Roll) व **'उपस्थिति नामावली के विश्लेषण'** (Analysis of Muster Roll) का **प्रारूप निम्न है—**

DAILY MUSTER ROLL

Form No.__________ Day __________
Name of Deptt _____ Date __________
Job No.__________

No.	Workman's		Time		Rate per Hour	Job No.	Hours		
	Name	Class	Arrival	Departure			Ordinary time	Over time	Total

Foreman's Signature

Analysis of Muster Roll

Workman No.________ Month ________
Name ________ Rate per hour ____
Class ________

Date	Time devoted upon Job					Total hours	Total wages Rs.
	1	2	3	4	5		

Date________ Wage Clerk's Signature________

(ब) **समय-पत्रक** (Time Card)—वृहत् औद्योगिक संस्थानों मे जहाँ श्रमिकों की संख्या अधिक होती है तथा समय का लेखा करने के लिए छापने वाली मशीन का प्रयोग होता है, वहाँ पर प्रत्येक श्रमिक के लिए एक 'टाइम-कार्ड' रखा जाता है। इस कार्ड पर आने-जाने का समय, कार्य के घण्टे आदि का लेखा रखा जाता है। एक सप्ताह के पश्चात् पहला कार्ड मजदूरी-विभाग को भेज दिया जाता है तथा श्रमिक को दूसरा कार्ड बनाकर दे दिया जाता है। मजदूरी-विभाग इस समय-पत्रक (Time Card) की मदद से ही मजदूरो को देय पारिश्रमिक की राशि ज्ञात करते है। **समय-पत्रक** (Time Card) **का प्रारूप निम्न है—**

TIME CARD

Worker No.________ Date ________
Name ________ Normal hour Rate ________
Address________ Overtime hour Rate________
Department ______

Days	Morning		Afternoon		Overtime		Total time		Wages in Rs.
	In	Out	In	Out	In	Out	Normal	Overtime	
Monday									—
Tuesday									—
Wednesday									—
Thursday									—
Friday									—
Saturday									—
						Deductions		—	
						Fine		—	
						Provident Fund		—	
						Labour Welfare Fund		—	
						Savings a/c		—	
						Others		—	
						Total		—	—
						Net Wage Payable			—

PIECE-WORK CARD

Worker's Name __________ Week Ending__________

Worker's No. __________ Department__________

Category__________

Days	Work Performed	Job No.	No. of Units		Rate per unit	Amount in Rs.	Initials	
			Tendered	Accepted			Workers	Inspector
Monday								
Tuesday								
Wednesday								
Thursday								
Friday								
Saturday								

Foreman __________ Wages Abstract by__________

Entered on Wage Sheet by __________

पारिश्रमिक सूची तैयार करना व मजदूरी का भुगतान करना (Preparation of Wages-Sheet and Payment of Wages)

पारिश्रमिक सूची मजदूरी विभाग द्वारा तैयार की जाती है। इस सूची से यह ज्ञात होता है कि प्रत्येक मजदूर को देय मजदूरी कितनी है। श्रमिक को इसी सूची के आधार पर मजदूरी का भुगतान किया जाता है। **पारिश्रमिक सूची निम्न पत्रकों की सहायता से तैयार की जाती है—**

(i) समय-पालक का लेखा (Time-keeper's Record)

(ii) समय-पत्रक (Time Cards)

(iii) उप-कार्य पत्रक (Job Cards)

(iv) कार्यानुसार पत्रक (Piece-work Card)

(v) अप्रत्यक्ष श्रमिकों को देय मजदूरी के सम्बन्ध मे तैयार की गई मजदूरी पर्ची (Wages slip)

(vi) फोरमैन का साप्ताहिक विश्लेषण (Weekly analysis of Foreman)

(vii) अधि-समय का रजिस्टर (Overtime Register)

(viii) कार्यहीन काल का रजिस्टर (Idle time Register)

प्रत्येक मजदूर को देय पारिश्रमिक 'पारिश्रमिक सूची' द्वारा ज्ञात किया जाता है। पारिश्रमिक का भुगतान नकद या चैक द्वारा किया जाता है। सामान्यतया नकद भुगतान करने की ही प्रथा है। मजदूरी विभाग प्रत्येक मजदूर के लिए अलग-अलग एक लिफाफा तैयार कर लेता है जिस पर उसका सम्पूर्ण विवरण तथा पारिश्रमिक का सम्पूर्ण विवरण दिया होता है। उसी लिफाफे के अन्दर श्रमिक का पारिश्रमिक रखा होता है। भुगतान करते समय विशेष सावधानी बरती जाती है ताकि किसी श्रमिक को गलत भुगतान न हो जाय। **पारिश्रमिक सूची का नमूना आगे दिया गया है—**

WAGES-SHEET
or
PAY ROLL

Department... . ... Week Ending.. ....

Worker		Form of Wages	Daily Wages						Overtime Wages	Bonus	Gross Wages	Deductions			Wages due
No	Name		Mon	Tues	Wed	Th	Fri.	Sat				P F.	Fine	Total	Rs
1.	A	T													
2	B	T													
3	C	P													
4	D	T													

T=Time Wage P=Piece Wage

(4) **लागत-लेखा विभाग** (Costing Department)—लागत लेखा विभाग **का प्रमुख** कार्य देय मजदूरी को विभिन्न कार्यों व उप-कार्यों मे विभाजित करना है ताकि प्रत्येक कार्य व उप-कार्य पर कितनी श्रम-लागत आती है, इसका ज्ञान हो सके। स्मरण रहे लागत-लेखा विभाग मजदूरी की गणना नही करता बल्कि देय मजदूरी का कार्यों (work order) व उप-कार्यों (jobs) पर विभाजन करता है जिससे कि प्रत्येक कार्य व उप-कार्य की लागत ज्ञात की जा सके। इसके लिए मजदूरी विभाग **निम्न पत्रको की सहायता से मजदूरी-सार** (Wages-Abstract) **बनाता है—**

(i) समय-पत्रक (Time card)
(ii) कार्य-पत्रक (Job card)
(iii) कार्यानुसार पत्रक (Piece-work card)

इन पत्रकों का विश्लेषण करके ही मजदूरी सार बनाया जाता है। **इस मजदूरी सार की मदद से ही प्रत्येक कार्य अथवा प्रत्येक उत्पादित वस्तु की** प्रत्यक्ष श्रम-लागत ज्ञात की जाती है। **मजदूरी सार का निम्न प्रारूप है—**

WAGES ANALYSIS SHEET
(Wages Abstract)

Week Ending________

Job or Piece-Work Card No.	Amount in Rs.		Job Nos. 101 Rs	P.	102 Rs.	P.	103 Rs	P.	104 Rs.	P.	105 Rs.	P	106 Rs	P	Total for Jobs Rs	P	Overhead Rs.	P
301	50	60	25	10			10	20					25	30	50	60		
302	70	20	20	20			10	00	10	00	20	00	10	00	70	20		
303	25	4)	5	0	15	00			5	30					25	40		
304	100	50	25	50	25	50			20	50	9	00	20	00	100	50		
305	80	50			20	00	20	50			40	00			80	50		
306	40	50	10	50					20	00			10	00	40	50		
307	40	00			10	00			10	00	10	00	10	00	40	00		
Total	407	70	86	40	70	50	40	70	65	80	79	00	75	30	407	70		

Prepared by ________ Job Ledger Posted by ____

श्रम लागत को प्रभावित करने वाले तत्त्व
(Factors affecting Labour Cost)

निम्न कुछ ऐसे महत्वपूर्ण तथ्य है जो श्रम-लागत को प्रभावित करते हैं—

1. अधिसमय (Overtime)
2. कार्यहीन काल (Idle time)
3. श्रम निकासी (Labour turnover)
4. आकस्मिक श्रमिक (Casual workers)
5. वाह्य श्रमिक (Out workers)
6. पारिश्रमिक सहित अवकाश (Paid Holidays)

1. अधिसमय (Overtime)

एक श्रमिक द्वारा निर्धारित कार्य-घण्टो से जितने अधिक घण्टे कार्य करता है उनको अधिसमय कार्य (overtime work) कहा जाता है। जैसे, एक श्रमिक के सामान्य कार्य घण्टे 48 प्रति सप्ताह हैं। यदि वह किसी सप्ताह मे 60 घण्टे कार्य करता है तो (60—48)=12 घण्टे अधिसमय कहा जायेगा।

'अधिसमय कार्य' (overtime work) **कराने की आवश्यकता निम्न दशाओं में होती है—**

(i) श्रमिकों की अपर्याप्त संख्या,
(ii) श्रमिको की अनुपस्थिति,
(iii) वस्तु व उत्पाद की माँग मे वृद्धि,
(iv) नाशवान सामग्री का उपयोग,
(v) कार्य-आदेश को शीघ्र पूरा करना
(vi) अप्रभावी प्रबन्ध—जिससे कार्य में सामान्यतया सुस्ती रहती है परिणामस्वरूप अधिसमय कार्य की आवश्यकता पड जाती है,
(vii) संयंत्र व अन्य उत्पादन साधनों का अभाव।

स्मरण रहे कि 'अधिसमय कार्य' (overtime work) किसी संस्था के लिए अच्छा द्योतक नही होता है क्योकि **अधिसमय कार्य संस्था के लिए निम्न प्रकार से हानिकारक है**

(i) **उत्पादन परिव्यय बढ़ना**—अधिसमय कार्य के कारण वस्तु की श्रम लागत में वृद्धि हो जाती है क्योकि—
  (अ) **अधिसमय कार्य की पारिश्रमिक दर सामान्य कार्य से अधिक** (सामान्यतया दुगुनी) **होती है।**
  (ब) **अधिसमय कार्य के दौरान श्रमिक की कार्यक्षमता काफी कम होती है,** अतः अधिसमय में किये गये कार्य की मात्रा सामान्य समय के कार्य से कम होती है।

(ii) **उत्पादन किस्म का गिरना**—अधिसमय कार्य करते समय श्रमिक की कार्यक्षमता गिर जाती है तथा कार्य मे सुस्ती आ जाती है। परिणामस्वरूप उत्पादित माल अच्छी किस्म का नही बन पाता।

(iii) **श्रमिकों का स्वास्थ्य गिर जाना**—नियमित रूप से अधिसमय कार्य कराते रहने के कारण श्रमिकों का स्वास्थ्य गिर जाता है परिणामतया उनकी सामान्य कार्यक्षमता

क्या अधिसमय कार्य का पारिश्रमिक प्रत्यक्ष श्रम लागत का भाग है ?

यदि अधिसमय कार्य श्रमिकों के अभाव, वस्तु की अत्यधिक माँग, उत्पादन प्रसाधनो की कमी, आदेश पूर्ति करने की तीव्रता, नाशवान सामग्री का शीघ्र उपयोग आदि के कारण किया गया है तो **अधिसमय कार्य का पारिश्रमिक प्रत्यक्ष श्रम होगा** । किन्तु यदि अधिसमय कार्य प्रभावहीन प्रबन्ध तथा अन्य किसी आकस्मिक कारण से कराया जाता है तो यह प्रत्यक्ष श्रम के अन्तर्गत नही बल्कि उपरिव्यय (Overheads) के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाना चाहिए ।

2. कार्यहीन काल (Idle Time)

जब श्रमिको को सामयिक पारिश्रमिक (Payment on the basis of time) दिया जाता है तो यह स्वाभाविक है कि उन्हे जितने समय के लिए पारिश्रमिक दिया जाता है और वास्तव मे जितने समय उन्होने उत्पादन कार्य किया है, दोनो मे अन्तर हो । सामान्यतया जितने समय का पारिश्रमिक श्रमिको को दिया जाता है उससे कम समय ही वे उत्पादन कार्य के लिए दे पाते हैं । इन दोनो मे अन्तर ही कार्यहीन काल कहलाता है । संक्षेप मे, **वह समय जिसके लिए श्रमिक को पारिश्रमिक तो मिलता है किन्तु कार्य नही होता 'कार्यहीन समय' कहलाता है** । कार्यहीन काल किसी भी संस्था की श्रम-लागत मे वृद्धि करता है । **यह निम्न कारणों से उदय हो सकता है—**

(i) **सामग्री की अनियमित पूर्ति**—यदि सामग्री की पूर्ति नियमित नही है तो सामग्री के अभाव मे कार्य बन्द हो जाता है । फलस्वरूप कार्यहीन काल उदय हो जाता है ।

(ii) **बिजली की अनियमित पूर्ति**—कभी-कभी बिजली की पूर्ति भी नियमित नही मिलती । उत्पादन के दौरान अचानक बिजली चली जाती है जिससे श्रमिकों को बेकार बैठे रहना पड़ता है ।

(iii) **मशीनरी की टूट-फूट**—यदि उत्पादन के दौरान मशीन टूट जाती है या खराब हो जाती है तो जब तक मशीन पुनः चालू नही होती तब तक कार्य बन्द रहता है ।

(iv) **प्रभावहीन प्रबन्ध**—यदि प्रबन्ध, नियन्त्रण व देख-रेख प्रभावपूर्ण नही है तो कर्मचारियों को कार्य मे ढिलाई लाने का अवसर मिल जाता है । इसके अलावा समय पर सामग्री उपलब्ध न कराना, समय पर मशीनो व औजारों की मरम्मत न कराना आदि के कारण भी श्रमिकों को खाली रहने का अवसर मिलता है ।

(v) **अधिकारियों की लापरवाही**—यदि श्रमिको के अधिकारी जैसे फोरमैन ही अपने दायित्व का निर्वाह सही प्रकार से नही कर रहे है तो श्रमिको को लापरवाही दिखाने का अवसर मिल जाता है ।

(vi) **कार्य परिवर्तन**—एक कार्य पूरा होने के बाद दूसरा कार्य प्रारम्भ करने के मध्य मे कुछ समयान्तर हो जाता है ।

(vii) **स्थान परिवर्तन**—एक स्थान से दूसरे स्थान पर कार्य करने के लिए जाने तथा आने में नष्ट हुआ समय ।

2. ये उपरिव्यय **एक निश्चित उत्पादन मात्रा तक ही स्थाई रहते है।** उत्पादन की असीमित मात्रा तक ये स्थाई नही रह सकते। सामान्यतया उत्पादन क्षमता तक ये व्यय अपरिवर्तित रहते है। उत्पादन क्षमता से अधिक उत्पादन करने की दशा मे इन व्ययो मे वृद्धि हो जाती है।

स्थायी व्ययों के कुछ निम्न उदाहरण प्रस्तुत है :

(A) कारखाना उपरिव्यय :

1. भूमि व भवन का किराया, ह्रास, कर आदि।
2. सम्पत्ति व मशीन का बीमा व्यय व ह्रास।
3. कारखाना प्रबन्धक व अन्य अधिकारियों का वेतन।
4. कारखाने में प्रकाश आदि का व्यय।

(B) कार्यालय उपरिव्यय :

1. कार्यालय प्रबन्धक व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का वेतन।
2. स्थाई कर्मचारियों का वेतन।
3. कार्यालय भवन का किराया, ह्रास, कर, बीमा, मरम्मत आदि।
4. चौकीदार व अन्य तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन।
5. फर्नीचर का किराया, ह्रास आदि।
6. प्रकाश व्यवस्था व वातानुकूलित व्यवस्था बनाये रखने व संचालन के व्यय।

(C) विक्रय उपरिव्यय :

1. मूल्य सूचियाँ बनाने का व्यय।
2. स्थाई कर्मचारियों का वेतन।
3. विक्रय प्रबन्धक व विक्रय अधिकारियो का वेतन।
4. प्रदर्शन गृह (Show Room) के व्यय, किराया, ह्रास, कर, बीमा आदि।

5. दुकान का किराया, बीमा, ह्रास।
6. विक्रय प्रतिनिधियो का वेतन (यदि ये वेतन पर कार्यरत है)।
7. फर्नीचर का किराया, ह्रास, बीमा आदि।
8. तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन।
9. दुकान व प्रदर्शन-गृह की प्रकाश व्यवस्था।

(D) वितरण उपरिव्यय :

1. गोदाम का किराया, ह्रास, कर, बीमा।
2. गोदाम प्रबन्धक व अन्य स्थाई कर्मचारियो के वेतन।
3 सुपुर्दगी गाडियों का न्यूनतम व्यय—ड्राइवर का वेतन, बीमा, कर, सामान्य ह्रास आदि।
4 गोदाम के प्रकाश आदि के व्यय।

(ii) **परिवर्तनशील उपरिव्यय** (Variable Overheads)—वे व्यय जो उत्पादन की मात्रा मे परिवर्तन के साथ-साथ परिवर्तित होते जाते है। जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ता है ये व्यय भी बढ़ते हैं तथा जैसे-जैसे उत्पादन घटता है, ये व्यय भी घटते है। **ये व्यय उत्पादन मात्रा के साथ प्रत्यक्ष रूप से परिवर्तित होते है।** इसीलिए इनको आनुपातिक परिवर्तनशील व्यय भी कहा जाता है। इन व्ययो की प्रमुख विशेषता यह है कि **ये व्यय प्रति इकाई अपरिवर्तित** रहते हैं। कुल उपरिव्यय उत्पादन की मात्रा के साथ-साथ घटते-बढते रहते है। **इन व्ययों के कुछ निम्न उदाहरण हैं :**

(A) कारखाना उपरिव्यय

1. शक्ति व ईंधन।
2. मशीन व संयंत्रो की मरम्मत व टूट-फूट।
3 भवन की मरम्मत।
4. मशीन के संचालन व्यय—तेल, खराब कपास, ब्रुश आदि।
5. भण्डार व्यय।
6 आगम गाड़ी भाड़ा (Carriage Inwards)।
7. छोटे-छोटे औजार।

(B) कार्यालय उपरिव्यय :

1. फर्नीचर की मरम्मत।
2. डाक व्यय।
3. स्टेशनरी।
4. कानूनी खर्चे।
5. बैंक व्यय आदि।

(C) विक्रय उपरिव्यय :

1. विक्रय प्रतिनिधियों का यात्रा व्यय व कमीशन।
2. ग्राहको को दिया गया कमीशन व बट्टा।
3. डाक व्यय।
4. ग्राहकों के स्वागतार्थ किए गये फुटकर व्यय।
5. अप्राप्त ऋण।

(D) वितरण उपरिव्यय :

1. आवक गाड़ी भाड़ा (Carriage Outwards)।
2. पैकिंग व्यय।

3. सुपुर्दगी गाडियो का संचालन व्यय—पैट्रोल, ह्रास आदि।

4. गोदाम मे निर्मित माल की हानि।

(iii) **अर्द्ध-परिवर्तनशील उपरिव्यय** (Semi-variable Overheads)—ऐसे व्यय जो अशत स्थिर हो तथा अंशत परिवर्तनशील अर्द्ध-परिवर्तनशील, या अर्द्ध-स्थाई (Semi-fixed) व्यय कहलाते है। वे सभी अप्रत्यक्ष व्यय जो न तो पूर्ण रूप से स्थाई है और न ही एक निश्चित अनुपात मे परिवर्तनशील, अर्द्ध-परिवर्तनशील व्ययो के मद मे सम्मिलित किये जाते है। **ये व्यय उत्पादन की एक निश्चित सीमा तक स्थिर रहते हैं किन्तु उसके बाद इनमे परिवर्तन आना प्रारम्भ हो जाता है। किन्तु यह परिवर्तन आनुपातिक नही होता।** उदाहरणार्थ—टेलीफून व्यय, मशीन की मरम्मत, अप्रत्यक्ष श्रम, बिजली शक्ति आदि। इस प्रकार संक्षेप मे, यह कहा जा सकता है कि परिवर्तनशील व्ययो का वह भाग जो एक निश्चित सीमा तक स्थिर रहकर परिवर्तित होता है, अर्द्ध-परिवर्तनशील व्यय माना जाता है।

इस वर्गीकरण की आवश्यकता—

किसी वस्तु की उत्पादन लागत निर्धारित करने के उद्देश्य से यह आवश्यक हो जाता है कि व्ययो की प्रकृति का अध्ययन कर लिया जाय! यदि व्यय ऐसे है जो कि उत्पादन के अनुपात मे परिवर्तित होते रहेंगे (परिवर्तनशील व्यय) तो उत्पादन की मात्रा का प्रति इकाई लागत पर कोई प्रभाव नही होगा। ऐसी दशा मे उत्पादन विभाग कम इकाइयो का उत्पादन भी करना अपेक्षित समझ सकता है। किन्तु यदि उत्पादन मे स्थाई प्रकृति के व्यय अधिक है तो अधिक उत्पादन करने पर प्रति इकाई लागत कम होती जायेगी। इसी प्रकार अर्द्ध-परिवर्तनशील व्ययो की दशा मे भी अधिक उत्पादन प्रति इकाई लागत कम करता है। इस विवेचन का आशय यह हुआ कि उत्पादन नीति या टैण्डर मूल्य निर्धारित करते समय व्ययो की प्रकृति का अध्ययन आवश्यक ही नहीं बल्कि अनिवार्य है।

स्थाई एव परिवर्तनशील उपरिव्ययो मे अन्तर करना निम्न कारणो से आवश्यक है—

(1) इस वर्गीकरण के बाद ही वस्तु की **लागत अधिक शुद्धता के साथ** ज्ञात की जा सकती है।

(2) **लोचदार बजट** (Flexible Budget) बनाना, इसी वर्गीकरण के कारण सम्भव हो सकता है। उपरिव्यय की दर का उत्पादन की मात्रा से गुणा करने पर उपरिव्ययों की कुल मात्रा का अनुमान सुगमतापूर्वक लगाया जा सकता है।

(3) **सीमान्त लागत** (Marginal Cost) ज्ञात करने के लिए स्थाई व परिवर्तनशील उपरिव्ययो मे भेद जानना आवश्यक है।

(4) **उत्पादन की किस मात्रा पर लागत कितनी होगी** इसका निर्धारण इसी वर्गीकरण की सहायता से सम्भव है।

(5) **कार्यहीन काल** (Idle Time) की लागत ज्ञात करने के लिए स्थाई व परिवर्तनशील व्ययो मे अन्तर करना आवश्यक है।

(6) **उत्पादन नीति** के निर्माण के लिए अथवा **टैण्डर** मूल्य ज्ञात करने के लिए स्थाई व परिवर्तनशील व्ययों मे अन्तर करना आवश्यक है।

(7) **प्रति इकाई लागत की प्रवृत्ति** (Trend) ज्ञात करने के लिए यह वर्गीकरण अति आवश्यक है। यदि लागत मे स्थाई व्ययो की मात्रा परिवर्तनशील व्ययो से अधिक है तो प्रति इकाई लागत घटती हुई प्रवृत्ति की होगी अर्थात् जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, प्रति इकाई लागत कम होगी। यदि इसके विपरीत स्थिति है तो उत्पादन की वृद्धि करने पर भी प्रति इकाई लागत मे विशेष कमी नही आयेगी।

(8) **विक्रय मूल्य कम करने का निर्णय** लेते समय स्थाई तथा परिवर्तनशील व्ययों मे भेद जानना आवश्यक है। सामान्यतया न्यूनतम बिक्री मूल्य सीमान्त लागत तक रखा जा सकता है। यह तभी किया जाता है जबकि भावी लाभो को ध्यान मे रखते हुए वर्तमान मे माल को कम मूल्य पर बेचना (Dumping) अनिवार्य हो। किन्तु भावी बाजार के निर्माण के लिए, प्रतियोगी वस्तुओ का बाजार समाप्त करने के लिए या प्रतियोगिता की स्थिति मे अपना अस्तित्व बनाये रखने के लिए वस्तु की कम मूल्य पर बेचना आवश्यक हो सकता है। अतः न्यूनतम विक्रय मूल्य का निर्धारण तभी सम्भव है जबकि स्थाई एवं परिवर्तनशील उपरिव्ययों की विस्तृत जानकारी रखी जाय।

उपरिव्ययों का बँटवारा, अभिभाजन एवं संविलयन

(Allocation, Apportionment and Absorption of Overheads)

उपरिव्ययों का बँटवारा (Allocation of Overheads)

उपरिव्यय जैसा कि विवेचन किया जा चुका है अनुमानित अप्रत्यक्ष व्ययों (अप्रत्यक्ष सामग्री, अप्रत्यक्ष श्रम एवं अप्रत्यक्ष व्यय) के योग को कहते है। इन व्ययो को किसी विशेष उत्पाद, कार्य या उप-कार्य से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध नही किया जा सकता, बल्कि ये तो विभिन्न उत्पादो व उप-कार्यों पर एक निश्चित आधार पर बाँटे (allocate) जाते है। **उपरिव्ययों के योग को विभिन्न उप-कार्यों, उत्पादों तथा सेवाओं में वितरित करने की प्रक्रिया को ही उपरिव्ययो का बँटवारा कहते हैं।** उपरिव्ययों को विभिन्न इकाइयो मे **बाँटने की आवश्यकता** निम्न कारणों से पड़ती है—

(1) **प्रत्येक इकाई की लगभग सही लागत ज्ञात करना**—प्रत्येक इकाई की सही लागत का अनुमान तभी सम्भव है जबकि समस्त उपरिव्ययों को एक उचित आधार पर सभी इकाइयो मे वितरित कर दिया जाय। प्रति इकाई लागत का आशय निम्न से है—

प्रत्यक्ष सामग्री
+
अप्रत्यक्ष श्रम
+
प्रत्यक्ष व्यय

\} + अप्रत्यक्ष व्यय या उपरिव्यय

स्पष्ट है कि जब तक उपरिव्ययों का उप-विभाजन (allocation) नही किया जायेगा तब तक वस्तु की लागत ज्ञात नही होगी।

(2) **उपरिव्ययों को समस्त वस्तुओं या उत्पादों पर फैलाना**—उपरिव्यय किसी विशिष्ट कार्य, उप-कार्य या वस्तु के लिए नही होते बल्कि ये समस्त उप-कार्यों व इकाइयों के लिए सामूहिक रूप से किये जाते हैं। बँटवारे का प्रमुख उद्देश्य सभी उपरिव्ययों को विभिन्न उप-कार्यों व इकाइयो में इस प्रकार से फैलाना है कि समस्त उप-कार्यों व इकाइयों में वितरित किये गये उपरिव्ययों का योग कुल उपरिव्ययों के बराबर हो जाय।

उपरिव्ययों का अभिभाजन (Apportionment of Overheads)

उपरिव्ययों को विभिन्न विभागों में बाँटना ही अभिभाजन कहलाता है। कभी-कभी एक फैक्टरी मे अनेक उत्पादन विभाग होते हैं। उपरिव्यय समस्त विभागों के लिए सामूहिक रूप से किये जाते है। इन उपरिव्ययों को एक उचित आधार पर विभिन्न उत्पादन विभागो मे वितरित

किया जाता है। **उपरिव्ययों को समस्त उत्पादन विभागों में एक उचित आधार पर बाँटना ही अभिभाजन कहलाता है।** यदि फैक्टरी मे एक ही उत्पादन विभाग है तो अभिभाजन की समस्या उदय नही होती क्योकि इस फैक्टरो के समस्त उपरिव्यय एक ही उत्पादन विभाग के माने जाते है।

उपरिव्ययों का संविलयन (Absorption of Overheads)

उपरिव्ययो का संविलयन एव बँटवारा दोनो का प्रयोग एक ही अर्थ मे किया जाता है। **उपरिव्ययों का विभिन्न उप-कार्यों, उत्पादो अथवा सेवाओं में एक उचित आधार पर वितरित करने की प्रक्रिया को ही उपरिव्ययों का संविलयन कहते हैं।**

उपरिव्यय के संविलयन या बँटवारे की पद्धतियाँ
(Methods of Absorption or Allocation of Overheads)

उपरिव्ययो को विभिन्न इकाइयो पर वितरित करने के लिए अनेक विधियाँ प्रयुक्त की जा सकती है। इनमे जो विधि जिस परिस्थिति मे उचित प्रतीत हो उसी को अपनाया जा सकता है। **ये विधियाँ निम्नलिखित हैं—**

(I) कारखाना उपरिव्ययों का बँटवारा (Allocation of Factory Overheads)

कारखाना उपरिव्ययों को प्रति इकाई या प्रति उप-कार्य वितरित करने के लिए **निम्न मे से किसी भी एक पद्धति को अपनाया जा सकता है—**

1. **प्रत्यक्ष सामग्री विधि** (Direct Material Basis)
2. **प्रत्यक्ष श्रम विधि** (Direct Labour Basis)
3. **मूल लागत विधि** (Prime Cost Basis)
4. **उत्पादन आधार** (Output Basis)
5. **प्रत्यक्ष कार्य—घण्टा-दर आधार** (Direct Man Hour Rate Basis)
6. **मशीन घन्टा-दर आधार** (Machine Hour Rate)
7. **प्रत्यक्ष कार्य-घन्टा एवं मशीन घन्टा दर का मिश्रित आधार** (Combined Basis of Machine and Labour Hour Rate).

1. **प्रत्यक्ष सामग्री विधि** (Direct Material Basis)—इस पद्धति के अन्तर्गत कारखाना उपरिव्यय वस्तु के उत्पादन मे प्रयुक्त **'प्रत्यक्ष सामग्री का एक निश्चित प्रतिशत'** अनुमानित किया जाता है। कारखाना उपरिव्यय प्रत्यक्ष सामग्री का कितना प्रतिशत हो, यह गत वर्षों की 'लागत रिपोर्ट' के आधार पर ज्ञात किया जाता है। उदाहरणार्थ, मान लीजिए गत वर्षों मे किसी वस्तु **की लागत निम्न प्रकार रही—**

Direct Material	20,000
Direct Labour	30,000
Direct Expenses	10,000
Prime Cost	60,000
Works Overheads	10,000
Works Cost	70,000

प्रस्तुत **'लागत रिपोर्ट'** मे प्रत्यक्ष सामग्री 20,000 रु० है तथा कारखाना उपरिव्यय 10,000 **है जो प्रत्यक्ष सामग्री का 50% है।** अतः वस्तु की वर्तमान लागत ज्ञात करने के लिए **कारखाना उपरिव्यय प्रत्यक्ष सामग्री के 50% अनुमानित किए जायेंगे।**

यह पद्धति निम्न दशाओं में अपनाई जाती है—

(i) जबकि उत्पादन की सभी **इकाइयाँ एक ही प्रकार की** हों जिसके लिए एक हीं मात्रा **व किस्म की सामग्री** प्रयुक्त की जाती हो।

(ii) सामग्री के **मूल्यों मे उतार-चढ़ाव नही** होता है।

(iii) उत्पादित वस्तु के लिए सामग्री, श्रम व समय आदि का एक **निश्चित अनुपात** हो।

(iv) वस्तु की उत्पादन लागत मे **प्रत्यक्ष सामग्री का महत्वपूर्ण भाग है** तथा प्रत्यक्ष सामग्री **अधिक मूल्यवान है।**

गुण-दोष—यह पद्धति सरल है तथा इसका प्रयोग सुविधापूर्वक किया जा सकता है किन्तु यह पद्धति **निम्न दोषों से युक्त है—**

(i) एक ही प्रकार की वस्तु के उत्पादन मे यदि **भिन्न-भिन्न मूल्यों की सामग्री प्रयुक्त की जाती है** तो इससे उपरिव्ययो की मात्रा मे कोई अन्तर नही पडता। किन्तु यदि इस विधि से उपरिव्ययो का विभाजन किया जाय तो दोनो दशाओ मे अनुमानित उपरिव्यय अलग-अलग होगे। जैसे, तैयार वस्त्रो (Readymade Garments) की लागत ज्ञात करते समय उपरिव्यय सभी पर एक समान आयेगे भले ही कुछ वस्त्रो के कपडे अधिक कीमती है व कुछ वस्त्रों के कम कीमती।

(ii) **सामग्री के मूल्य में बहुधा परिवर्तन होते रहते है** जबकि उपरिव्ययों मे इतने शीघ्र परिवर्तन नही होते। यदि हम उपरिव्ययों का वितरण सामग्री के आधार पर करेंगे तो सामग्री मूल्य बढ़ते ही उपरिव्ययों की राशि भी बढ़ जायेगी। परिणामतया वस्तु की कुल लागत मे अप्रत्याशित वृद्धि हो जायेगी।

(iii) जब एक ही विभाग मे **कुशल व अकुशल श्रमिक कार्य करते हैं** तो यह स्वाभाविक है कि अकुशल श्रमिक कुशल श्रमिकों की अपेक्षा अधिक समय लेते है और उप-कार्य को पूरा करने मे अधिक उपरिव्ययो का अधिक प्रयोग करते है। ऐसी दशा मे उपरिव्ययों को प्रत्यक्ष सामग्री के आधार पर विलयन भ्रमात्मक निष्कर्ष प्रदान कर सकता है।

(iv) **स्थाई उपरिव्यय** जैसे ह्रास, किराया, वेतन व अनुत्पादक श्रम आदि समय के आधार पर लगाये जाते है अतः इन उपरिव्ययो के बँटवारे के लिए 'समय' का मुख्य स्थान है। जबकि इस पद्धति द्वारा बँटवारा करने की दशा मे समय को ध्यान मे नही रखा जाता।

(v) यदि उत्पादन कार्य **मशीनों द्वारा सम्पन्न** किया जाता है तो वहाँ पर अधिकतर उपरिव्यय मशीनों पर निर्भर करते है अत: यह पद्धति अनुचित होगी।

2. प्रत्यक्ष श्रम विधि (Direct Labour Basis)—इस पद्धति के अन्तर्गत कारखाना उपरिव्यय **'प्रत्यक्ष श्रम का एक निश्चित प्रतिशत'** माने जाते हैं। यह प्रतिशत भी गत वर्षों की 'लागत रिपोर्ट' के आधार पर ज्ञात किया जाता है। उदाहरणार्थ, मान लीजिए गत वर्ष मे एक वस्तु की **लागत निम्न प्रकार रही—**

	Rs.
Direct Material	70,000
Direct Labour	50,000
Direct Expenses	10,000

	Prime Cost	1,30,000
Factory Overheads		20,000
	Factory Cost	1,50,000

प्रस्तुत 'लागत रिपोर्ट' मे प्रत्यक्ष श्रम 50,000 रु० तथा कारखाना उपरिव्यय 20,000 रु० है जो प्रत्यक्ष श्रम का 40% है। अत वस्तु की वर्तमान लागत ज्ञात करने के लिए कारखाना उपरिव्यय प्रत्यक्ष श्रम के 48% अनुमानित किए जायेंगे।

यह पद्धति निम्न दशाओं में उपयुक्त है—

(i) जबकि उत्पादन की सभी इकाइयों में समानता है जिनके लिए एक ही प्रकार का श्रम अपेक्षित है।

(ii) श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी में स्थिरता रहती है।

(iii) जबकि समस्त श्रमिक समान क्षमता के हो अर्थात् या तो सभी कुशल हों या सभी अकुशल।

(iv) जब मशीनों का प्रयोग बहुत कम किया जाता है।

(v) जब उत्पादन कार्य पर व्यतीत समय अधिक महत्वपूर्ण हो।

गुण :

(i) इस पद्धति मे समय को विशेष महत्व दिया गया है क्योंकि अधिक मजदूरी का अर्थ अधिक समय तक कार्य करने का है।

(ii) मजदूरी की दरों में शीघ्रता से परिवर्तन नहीं होता अतः उपरिव्यय के बँटवारे के लिए यह विधि अधिक उपयुक्त है।

(iii) कारखाना उपरिव्ययों को प्रत्यक्ष श्रम से सम्बद्ध करना अधिक उचित व वैज्ञानिक है क्योंकि कारखाना उपरिव्यय सामान्यतया श्रमिकों व समय से ही सम्बन्धित होते हैं।

दोष :

(i) कुशल तथा अकुशल श्रमिकों में कोई भेद नहीं किया गया है। इनको देय मजदूरी की दरों मे अन्तर होता है तथा इनके द्वारा उत्पादन के लिए भी अलग-अलग समय लिया जाता है। इस पद्धति के अन्तर्गत दोनों ही दशाओ में परिव्यय की एक ही प्रतिशत रहेगी। परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष श्रमिकों द्वारा उत्पादित वस्तु पर उपरिव्ययों का अनुमान अकुशल श्रमिकों द्वारा उत्पादित वस्तु की अपेक्षा अधिक आयेगा क्योकि कुशल श्रमिकों को दी जाने वाली मजदूरी अधिक होती है। वास्तव मे उपरिव्यय अकुशल श्रमिको के कारण अधिक होते हैं।

(ii) मानवीय श्रम तथा मशीन के श्रम को एक ही प्रकार का माना गया है। यदि उत्पादन कार्य मे मानवीय श्रम के अलावा मशीनों का प्रयोग अधिक किया जाता है तो कारखाना उपरिव्यय अधिकांशतया मशीनों के व्ययों के आधार पर होंगे न कि प्रत्यक्ष श्रम के आधार पर। ऐसी दशा में यह पद्धति अपनाना हानिकारक है।

(iii) जब पारिश्रमिक कार्यानुसार-दर (Piece-Work Rate) से दिया जाता है तब 'समय तत्व' का कोई महत्व नही रह जाता। क्योंकि यह पद्धति समय-तत्व पर ही आधारित है अतः कार्यानुसार-दर की दशा मे यह पद्धति अर्थहीन हो जाती है।

(iv) यदि प्रत्यक्ष श्रम में अधिसमय श्रम (Overtime wages) भी सम्मिलित है तो इससे प्रत्यक्ष श्रम की राशि तो बढ जाती है किन्तु उपरिव्ययों मे कोई वृद्धि नही होती

और यदि होता है तो बहुत कम जो कि उस प्रतिशत से बहुत कम होती है जो कि प्रत्यक्ष श्रम पर उपरिव्ययों का लिया जाता है।

3. मूल-लागत विधि (Prime Cost Basis)—मूल लागत प्रत्यक्ष सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम तथा प्रत्यक्ष व्ययो के योग से बनती है। उपरिव्ययो के बँटवारे की इस पद्धति के अन्तर्गत कारखाना उपरिव्यय **'मूल लागत का एक निश्चित प्रतिशत'** अनुमानित किया जाता है। यह प्रतिशत भी गत वर्षों की 'लागत रिपोर्ट' के आधार पर ज्ञात की जाती है। उदाहरणार्थ, मान लीजिए गत वर्ष मे **एक वस्तु की लागत निम्न प्रकार रही—**

Direct Material	50,000
Direct Labour	40,000
Direct Expenses	10,000
Prime Cost	1,00,000
Factory Overheads	17,000
Factory Cost	1,17,000

प्रस्तुत 'लागत रिपोर्ट' मे 'मूल लागत' 1,00,000 रु० है तथा कारखाना उपरिव्यय 1,700 रु० है जो मूल लागत के 17% है। अतः इसी प्रकार की वस्तु की वर्तमान लागत ज्ञात करने के लिए कारखाना उपरिव्यय मूल लागत का 17% अनुमानित किए जाने चाहिए।

यह पद्धति निम्न दशाओं में उपयुक्त है—

(i) जब उत्पादन के लिए प्रत्यक्ष सामग्री एवं श्रम दोनों ही महत्वपूर्ण होते हैं।

(ii) जब प्रत्यक्ष सामग्री एवं श्रम मे अनुपात समान या लगभग समान ही होता है।

(iii) जब उत्पादन कार्य मे मशीनों व यन्त्रो का प्रयोग कम होता है।

(iv) जब एक ही प्रकार की वस्तु का उत्पादन किया जाता है।

गुण :

(i) यह पद्धति सामग्री एवं श्रम पद्धतियों के गुणों से युक्त है।

(ii) यह पद्धति अत्यन्त सरल है तथा इससे सुगमतापूर्वक उपरिव्ययो का अनुमान लगाया जाता है।

दोष :

(i) इस पद्धति में प्रत्यक्ष सामग्री पद्धति एवं प्रत्यक्ष श्रम पद्धति दोनों ही के अवगुण पाये जाते है क्योंकि यह पद्धति उक्त दोनो ही पद्धतियों का एक सम्मिलित रूप है।

(ii) मूल लागत में यदि **सामग्री की प्रतिशत श्रम की अपेक्षा अधिक होती है** तो मूल लागत के आधार पर उपरिव्ययों का बँटवारा उचित प्रतीत नही होता क्योकि ऐसा करने से बँटवारे में समय तत्व का प्रभाव कम रह जाता है।

(iii) कारखाना उपरिव्ययों पर कुशल व अकुशल श्रमिकों द्वारा किए गये कार्यों, हाथ से या मशीन से किए गये कार्यों तथा कम मूल्यवान या अधिक मूल्यवान मशीनों से किए गये कार्यों आदि का विशेष प्रभाव पड़ता है। इस पद्धति में इन सब मे कोई अन्तर नही किया गया है।

4. **उत्पादन आधार** (Output Basis)—इस पद्धति के अन्तर्गत समस्त कारखाना परिव्ययो को उत्पादित वस्तुओं की संख्या से भाग देकर, प्रति इकाई कारखाना परिव्यय ज्ञात कर

लेते हैं। अर्थात् इस पद्धति मे उपरिव्ययो के बँटवारे का आधार वस्तु की उत्पादित इकाइयाँ हैं। जितनी इकाइयो के उत्पादन के लिए जितना भी उपरिव्यय हुआ है वह सब समस्त इकाइयो मे बराबर-बराबर वितरित कर दिया जाता है।

उदाहरणार्थ, यदि कारखाना उपरिव्यय 10,000 रु० तथा उत्पादित इकाइयाँ 2,000 है तो प्रति इकाई कारखाना उपरिव्यय 5 रु० होगा।

इस पद्धति का प्रयोग बहुत कम होता है और उस समय प्रयुक्त होती है जबकि अन्य कोई पद्धति उपयुक्त मालूम नही होती। वैसे यह पद्धति बहुत सरल व सुविधाजनक है।

5. **प्रत्यक्ष कार्य-घण्टा-दर पद्धति** (Direct Man-hour Rate Basis)—जब कारखाने मे अधिकांश कार्य शारीरिक श्रम से किया जाता है, तो श्रमिको द्वारा लगाया गया समय कारखाना उपरिव्ययों के विभाजन के लिए एक उचित आधार बन जाता है। इस पद्धति के अन्तर्गत **'प्रत्यक्ष कार्य-घण्टा दर'** निम्न प्रकार ज्ञात की जाती है—

(i) श्रमिको द्वारा एक निश्चित अवधि मे कुल कितने घण्टे कार्य किया गया यह ज्ञात किया जाता है। इसको ज्ञात करने का निम्न सूत्र है—

Total No. of Labour Hour Worked = No. of Workers × No. of days Worked × No. of hours Worked every day

Net Labour Hours Worked = Total Labour hours Worked
Less Idle time

Net Labour hours Worked ....

(ii) कारखाने के सम्पूर्ण उपरिव्यय ज्ञात कीजिए। कुल कारखाना उपरिव्यय को शुद्ध प्रत्यक्ष कार्य घण्टों से भाग दीजिए। भागफल प्रत्यक्ष कार्य-घण्टा दर होगी। इस दर मे 100 का गुणा कर देने पर प्रतिशत प्रत्यक्ष कार्य घण्टा दर ज्ञात की जा सकती है। सूत्र के रूप में :—

$$\text{Labour hour rate} = \frac{\text{Total Works overheads}}{\text{Net Labour hours Worked}}$$

$$\text{Percentage Labour hour rate} = \frac{\text{Total Works overheads} \times 100}{\text{Net Labour hours Worked}}$$

Illustration 1

निम्न सूचनाओं से आप प्रत्यक्ष कार्य-घण्टा दर ज्ञात कीजिए—

(अ) एक फैक्टरी मे कार्यरत श्रमिकों की संख्या 70 है।
(ब) पूरे वर्ष में फैक्टरी में 300 दिन कार्य हुआ।
(स) प्रतिदिन के कार्यशील घण्टे 8 हैं।
(द) सम्पूर्ण कार्य घण्टों का 10% कम समय तथा सुस्त समय माना गया है।
(य) कुल कारखाना उपरिव्यय 15,120 रु० है।

From the informations given below find out Direct Man-hour Rate—

(a) The total number of workers working in a factory is 70.
(b) The factory worked for 300 days in a year.
(c) The number of hours worked every day is 8.
(d) Of the total working hours 10% are to be deducted for short time and idle time.
(e) Total factory overheads amount to Rs 15,120.

Solution

Computation of Direct Labour Hour Rate

Total No of Labour hour worked = No of Workers × No of days Worked × No. of Hours worked every day

$= 70 \times 300 \times 8$

$= 1,68,000$

Less 10% for short & Idle time = 16,800

Net Labour hour worked = 1,51,200

$$\text{Direct Labour hour Rate} = \frac{\text{Total Works Overheads}}{\text{Net Labour hour Worked}}$$

$$= \frac{15,120}{1,51,200}$$

$$= 10 \text{ or } \frac{15,120 \times 100}{1,51,200} = 10 \text{ Paisa}$$

It means that the works overheads are estimated @ 10 Paisa per hour.

6 **मशीन घण्टा-दर पद्धति** (Machine-hour rate)—जिन कारखानो मे उत्पादन कार्य मे मशीनो की प्रधानता रहती है उनमे अधिकाश उपरिव्यय मशीनो से सम्बन्धित होते हैं। अतः उन कारखानों मे उपरिव्यय का अनुमान मशीन घण्टा-दर पद्धति के आधार पर लगाना अधिक वैज्ञानिक व सही है। इस पद्धति के अन्तर्गत प्रत्येक मशीन की प्रति घण्टा संचालन-दर (Operating-rate per hour) ज्ञात की जाती है। [प्र]ति घण्टा संचालन दर यह दर्शाता है कि यदि एक मशीन एक घण्टे चलाई जाय तो उस पर सम्पूर्ण व्यय कितना होगा। प्रति घण्टा संचालन-दर ही मशीन घण्टा-दर (Machine-hour rate) कहलाती है। सूत्र के रूप में—

$$\text{Machine-hour-rate} = \frac{\text{Total Standing Charges}}{\text{Normal hours of work}} + \text{Variable Charges per-hour}$$

स्पष्ट है कि मशीन घण्टा-दर ज्ञात करने के लिए हमे तीन प्रमुख बातों की जानकारी करनी होगी—

(अ) स्थाई व्यय (Standing Charges)
(ब) सामान्य कार्य घण्टे (Normal working hours)
(स) परिवर्तनशील व्यय (Variable or Fluctuating Charges)

इनके बारे मे विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है।

(अ) **स्थाई व्यय** (Standing Charges)—वे व्यय जो सामान्यतया सम्पूर्ण विभाग के लिए किए जाते हैं एवं स्थिर होते हैं। इन समस्त व्ययों को विभाग की समस्त मशीनों पर एक उचित आधार पर विभाजित किया जाता है। **कुछ प्रमुख स्थाई व्यय व इनके विभाजन के प्रमुख आधारों का यहाँ विवेचन किया गया है—**

स्थाई व्यय	विभाजन का आधार
(i) किराया व कर (Rent and Rates)	मशीनों द्वारा घेरी हुई जगह के अनुपात मे (Floor Space Occupied by the Machine)

Normal Working Hours = Total Working Hours—Hours required for Repairs, Maintenance and Settings etc.

'Total Working Hours' includes hours required for starting the machine and starting the job.

(स) **परिवर्तनशील व्यय** (Variable or Fluctuating Charges)—ऐसे व्यय जो प्रत्येक मशीन के लिए अलग-अलग दिये होते है परिवर्तनशील व्यय या 'मशीन व्यय' (Machine Expenses) कहलाते है। प्रत्येक परिवर्तनशील व्यय की 'प्रति घन्टा-दर' (Per hour rate) ज्ञात की जाती है। **परिवर्तनशील व्ययों में से कुछ का वर्णन निम्न प्रकार है—**

(i) **ह्रास** (Depreciation)—मशीन के सम्बन्ध के प्रति घन्टा ह्रास दर निम्न सूत्र की मदद से ज्ञात की जाती है :

$$\textit{Hourly Depreciation} = \frac{\text{Cost of Machine} - \text{Scrap Value}}{\text{Total Working hours of Machine}}$$

यहाँ पर—

Cost=	Cost of Machine	मशीन का क्रय मूल्य उसको लगाने (Fix) करने की लागत सहित ।
Scrap Value=	Value of Machine remaining after its exhaustive use	मशीन का पूर्ण प्रयोग हो चुकने के बाद उसका अवशेष मूल्य।
Total working hours of machine=	Total working hours during the life-time of the machine	मशीन के सम्पूर्ण जीवनकाल मे उसके अनुमानित कार्यशील घन्टे।

(ii) **शक्ति व्यय** (Power)—प्रति घन्टा शक्ति व्यय का अनुमान निम्न में से किसी भी आधार पर लगाया जा सकता है—

(a) मशीन के हार्स पॉवर के आधार पर ; या

(b) मशीन में लगे मीटर की रीडिंग्स के आधार पर ; या

(c) गत वर्षों के अनुमान के आधार पर।

(iii) **मरम्मत व अनुरक्षण** (Repairs and Maintenance)—सम्पूर्ण वर्ष के मरम्मत व अनुरक्षण के अनुमानित व्ययों को उस वर्ष के सामान्य कार्यशील घन्टों से भाग देकर प्रति घन्टा मरम्मत व अनुरक्षण व्यय ज्ञात किया जा सकता है। सूत्र के रूप में—

$$\textit{Hourly rate of Repairs \& Maintenance} = \frac{\text{Total Cost of Repairs and Maintenance during the Year}}{\text{Yearly Normal Working hours}}$$

किन्तु यदि मरम्मत व अनुरक्षण व्यय मशीन के सम्पूर्ण जीवनकाल के लिए दिये गये हैं तो—

$$\textit{Hourly rate of Repairs \& Maintenance} = \frac{\text{Total Cost of Repairs and Maintenance during the life-time of Machine}}{\text{Total Working hours of the machine during its life time}}$$

Illustration 2

एक विशेष मशीन से सम्बन्धित निम्न उपरिव्ययो से फरवरी माह की मशीन-घन्टा दर ज्ञात कीजिए .

	प्रतिवर्ष
विभाग का किराया (मशीन द्वारा विभाग की 1/5 जगह घेरी गई है)	780
प्रकाश (विभाग मे 12 पुरुष, 2 पुरुष मशीन पर कार्यरत)	288
बीमा आदि	36
खराब रुई, तेल आदि	60
फोरमैन का वेतन (फोरमैन का एक-चौथाई समय इस मशीन पर लगता है शेष समय दो मशीनो पर बराबर बँट जाता है	6,000

मशीन की लागत 9,200 रु० है तथा इसका अनुमानित अवशिष्ट मूल्य 200 रु० है।

पिछले अनुभव से यह माना गया है कि :

(i) मशीन प्रति वर्ष 1,800 घन्टे चलेगी।

(ii) मरम्मत व अनुरक्षण के व्यय मशीन के जीवन काल मे 1,125 रु० होगे।

(iii) 6 पैसे प्रति इकाई की दर से मशीन एक घन्टे मे बिजली की 5 इकाइयाँ (5 Units) प्रयुक्त करती है।

(iv) मशीन का कार्यशील जीवन 18,000 घन्टे होगा।

Compute machine hour rate for the month of February to cover the overhead expenses indicated below relating to a particular machine—

	Per annum Rs
Rent of the Department (space occupied by the machine 1/5 of the department)	780
Lighting (number of men in the deptt. 12, 2 men engaged on machine)	288
Insurance etc	36
Cotton waste, Oil etc.	60
Salary of foreman (1/4 of the foreman's time is occupied by this machine and the remainder equally upon other two machines)	6,000

The cost of machine is Rs. 9,200 and has an estimated scrap value of Rs. 200.

It is assumed from past experiences :

(i) That the machine will work for 1,800 hours per annum

(ii) That it will incur expenditure of Rs. 1,125 in its working life for repairs and maintenance.

(iii) That it consumes 5 units of power per hour at the cost of 6 paisa per unit.

(iv) That the working life of the machine will be 18,000 hours.

Solution

Computation of Machine Hour Rate

	Rs.
(a) **Standing Charges .**	
Rent (being 1/5 of Rs. 780)	156·00
Lighting (being 2/12 or 1/6 of Rs 288)	48 00

Miscellaneous Expenses ·	36·00
Insurance	60 00
Cotton waste, Oil etc.	1,500 00
Foreman's Salary (being 1/4 of Rs 6,000)	
	1,800·00
Total Standing Charges	

Per-hour Standing charges will be

$$= \frac{\text{Total standing charges per annum}}{\text{Working hours per annum}}$$

$$= \frac{1,800}{1,800} \qquad 1\ 00$$

Add

(b) **Per Unit Variable Expenses :**

Depreciation .

$$\text{Hourly dep.} = \frac{\text{Cost} - \text{Scrap}}{\text{Total hours during life}}$$

$$= \frac{9,200 - 200}{18,000} \qquad 50·$$

Repairs & Maintenance

$$\text{Hourly rate} = \frac{\text{Total repairs \& Maintenance of the life}}{\text{Total working hours during life}}$$

$$= \frac{1,125}{18,000} \qquad ·06$$

Power 5 units per hour @ 6 paisa per unit	·30
Machine hour rate	1 86

Illustration 3

निम्न सूचनाओं से मशीन नं० 30 की मशीन घन्टा-दर ज्ञात कीजिए :

मशीन की लागत	12,000 रु०
अनुमानित अवशिष्ट राशि	500 रु०
अनुमानित कार्यशील जीवन	16,000 घण्टे
अनुरक्षण के लिए प्रयुक्त समय	250 घण्टे
उत्पादन-कार्य के लिए समय	2,200 घण्टे प्रतिवर्ष
सैटिंग्स के लिए समय	5%
शक्ति 20 इकाइयाँ @ 10 पैसा प्रति इकाई	
मरम्मत की लागत	1,600 रु० प्रतिवर्ष
दो मशीनो पर कार्यरत व्यक्ति	2
प्रति व्यक्ति मजदूरी	200 रु० प्रति माह
प्रति माह रसायन की आवश्यकता	125 रु०
इस मशीन पर लगाये जाने योग्य उपरिव्यय	225 रु० प्रति माह
बीमा प्रीमियम	1% प्रति वर्ष

From the informations given below calculate machine hour rate for the machine No 30 :—

Cost of Machine	Rs. 12,000
Estimated Scrap Value	Rs. 500
Estimated Working life	16,000 hours
Time required for maintenance	250 hours
Productive Working hours	2,200 hours p. a.
Setting up time	5%
Power 20 units @ 10 paisa per unit	
Cost of repairs	Rs. 1,600 p. a.
No. of operators looking after 2 machines	2
Wages of operator	Rs. 200 p. m.
Chemicals required	Rs. 125 p. m.
Overheads chargeable to this machine	Rs. 225 p. m.
Insurance Premium	1% p. a.

Solution

Computation of Machine-Hour Rate

Machine No. 30 — **Estimated Working Life 16,000 hours**

(a) **Standing charges :**

	Rs.
Overheads Rs. 225×12	2,700 00
Insurance 1% of Rs. 12,000	120·00
Wages $\frac{200\times2\times12}{2}$	2,400·00
Total Standing Charges	5,220·00

Hourly Standing charges will be-

$$=\frac{\text{Total Standing charges p. a.}}{\text{Yearly Working Hours}}$$

$$=\frac{5{,}220\ 00}{2{,}200-5\%\text{ for setting up}}$$

$$=\frac{5{,}220\cdot00}{2{,}090\cdot00} \qquad 2\cdot4976$$

Add

(b) **Per Unit Variable Expenses :**

Depreciation Rs. $\frac{12{,}000-500}{16{,}000}$	·7188
Repairs Rs. 1,600÷2,090	7656
Chemicals Rs. $\frac{125\times12}{2{,}090}$	·7177
Power 20×·10 paisa	2·0000
Machine hour rate	6·6997

7. मिश्रित प्रत्यक्ष कार्य-घन्टा दर एवं मशीन घन्टा दर (Combined Direct Labour hour and machine hour rate)—आजकल उत्पादन मशीनो एवं मनुष्यों दोनो के सहयोग से ही होता है अतः कारखाना उपरिव्यय के विभाजन के लिए मशीन घन्टा दर तथा श्रम घन्टा दर पद्धतियों का मिश्रित आधार अपनाया जाना चाहिए। जो व्यय मशीनो से सम्बन्ध रखते है उनको 'मशीन घन्टा दर' के आधार पर तथा जो व्यय प्रत्यक्ष श्रम से सम्बन्ध रखते है उनको 'प्रत्यक्ष श्रम घण्टा दर' के आधार पर लगाया जाता है। किन्तु कुछ व्यय ऐसे भी होते है जिनको इन दोनों मे से किसी भी दर से नही लगा सकते, जैसे कारखाना प्रबन्धक का वेतन, स्टोर्स के व्यय आदि। इनको सुविधा की दृष्टि से प्रत्यक्ष श्रम के आधार पर लगाना अधिक उपयुक्त होगा। अतः व्यावहारिक रूप मे इन तीनों पद्धतियों (प्रत्यक्ष श्रम, प्रत्यक्ष श्रम-घण्टा दर एवं मशीन घण्टा दर) का सम्मिलित रूप ही प्रयुक्त होता है।

Illustration 4

एक उप-कार्य के लिए लागत सूचनायें निम्न है—

		रु०
प्रत्यक्ष सामग्री		2,500
प्रत्यक्ष श्रम		1,500
मशीन नं० 10 के कार्यशील घन्टे	70 (मशीन घण्टा दर 5·00 रु०)	
मशीन नं० 35 के कार्यशील घण्टे	100 („ „ „ 4 00 रु०)	

10 व्यक्तियों ने 8 दिन तक 8 घन्टे प्रतिदिन के हिसाब से इस उप-कार्य पर काम किया (प्रत्यक्ष श्रम घन्टा दर 60 पैसे) 2,500 रु० के अप्रत्यक्ष व्यय ऐसे है जो मशीन घन्टा दर या प्रत्यक्ष श्रम घन्टा दर की गणना मे सम्मिलित नही किए गये है।

सम्पूर्ण अवधि का कुल प्रत्यक्ष श्रम 25,000 रु० है।

उप-कार्य की फैक्टरी लागत ज्ञात कीजिए।

The followings are the cost informations in respect of a Job—

		Rs.
Direct Material		2,500
Direct Labour		1,500
Working hours of Machine No. 10	70 (Machine hour rate being Rs. 5·00)	
Working hours of Machine No. 35	100 (Machine hour rate being Rs. 4·00)	

10 Persons Worked on the Job for 8 days of 8 hours each (Direct labour hour rate being 60 paisa).

Some expenses amounting to Rs. 2,500 has not been taken into account while calculating machine hour rate or Direct Labour hour rate.

The total direct wages for the period is Rs 25,000.

Ascertain the Works Cost of the Job.

Solution

Cost Statement :

	Rs.
Direct Material	2,500·00
Direct Labour	1,500·00
Prime Cost	4,000·00

Works Overheads :	
Machine No. 10 (70 × 5)	350·00
Machine No. 35 (100 × 4)	400·00
Direct labour hour rate for 10 persons being 10 × 8 × 8 × ·60	384·00
General Overheads :	
Being 10% of Direct wages (Rs 2,500 as against Rs. 25,000)	150 00
Works Cost	5,284·00

(II) **कार्यालय उपरिव्ययों का बँटवारा** (Allocation of Office & Administration Overheads)

कार्यालय अथवा प्रशासन उपरिव्यय कारखाना उपरिव्ययो की तुलना मे बहुत कम होते है अत: इनके बँटबारे के लिए कोई वैज्ञानिक आधार ज्ञात करने की आवश्यकता नही है। इनके बँटबारे के लिए **निम्न में से कोई भी विधि अपनाई जा सकती है—**

1. प्रत्यक्ष सामग्री विधि (Direct Material Basis)
2. प्रत्यक्ष श्रम विधि (Direct Labour Basis)
3. मूल लागत विधि (Prime Cost Basis)
4. उत्पादन आधार (Output Basis)
5. कारखाना लागत विधि (Factory Cost Basis)

प्रथम चार विधियो का वर्णन किया जा चुका है किन्तु ये चारो विधियाँ सामान्यतया कार्यालय उपरिव्ययो के बँटवारे के लिए प्रयुक्त नही की जाती हैं। कार्यालय-उपरिव्यय सामान्यतया एवं बहुधा 'कारखाना लागत विधि' के आधार पर विभाजित किए जाते हैं। अर्थात् **कार्यालय उपरिव्यय 'कारखाना लागत' का एक निश्चित प्रतिशत होता है। यह प्रतिशत गत वर्षों के अनुभवों के आधार पर तय की जाती है।** उदाहरण के लिए मान लो गत वर्ष की 'लागत पत्रिका' (Cost-Sheet) निम्न है—

	Rs.
Material	10,000
Labour	8,000
Prime Cost	18,000
Factory Overheads	7,000
Factory Cost	25,000
Office Overheads	2,500
Cost of Production	27,500

यह 'लागत पत्रक' यह दर्शाता है कि गत वर्ष मे कार्यालय उपरिव्यय कारखाना लागत के 10% के बराबर $\left(\frac{2,500}{2,500} \times 100\right)$ है। अत: भविष्य मे कार्यालय उपरिव्यय का बँटवारा **कारखाना लागत के 10% के बराबर होगा।**

(III) **विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों का बँटवारा** (Allocation of Selling and Distribution Overheads)—

विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययो को निम्न मे से किसी भी आधार पर बाँटा जा सकता है—

1. **उत्पादन आधार** (Output Basis)—समस्त विक्रय एवं वितरण व्ययो को उत्पादित वस्तुओ की संख्या से भाग देकर प्रति उत्पादित वस्तु पर विक्रय वितरण उपरिव्यय का भार ज्ञात किया जा सकता है। यह विधि प्रयोग मे नही आती।
2. **विक्रय आधार** (Selling Units Basis)—सम्पूर्ण विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययो को बिक्रीत इकाइयों से भाग देकर प्रति बिक्रीत इकाई विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय का अनुमान लगाया जा सकता है। यह विधि सर्वाधिक प्रचलित, अधिक उपयुक्त व शुद्ध तथा सर्वमान्य है क्योकि विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय का बँटबारा विक्रय की जाने वाली इकइयो पर ही होना चाहिए। इस पद्धति के द्वारा ही यह सम्भव है।
3. **कारखाना लागत आधार** (Factory Cost Basis)—इस पद्धति के अन्तर्गत विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय कारखाना लागत का एक निश्चित प्रतिशत के बराबर बाँटे जाते है। यह प्रतिशत गत वर्षों के अनुभवो के आधार पर निर्धारित की जाती है। यह पद्धति बहुत कम प्रयुक्त होती है।
4. **विक्रय मूल्य या विक्रय लागत आधार** (Selling Price or Cost of Goods Sold Basis)—इस पद्धति के अन्तर्गत विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय विक्रय मूल्य या विक्रय लागत के एक निश्चित प्रतिशत के हिसाब से लिए जाते है। यह प्रतिशत गत वर्षों के अनुमान के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस पद्धति का सर्वाधिक प्रयोग होता है।

इस प्रकार हम देखते है कि विक्रय एवं वितरण उपरिव्ययों के बँटबारे के लिए दो ही पद्धतियाँ प्रयुक्त की जाती है—प्रथम विक्रय-आधार तथा द्वितीय विक्रय मूल्य या विक्रय-लागत आधार।

विभिन्न प्रकार के व्ययों का संक्षिप्त विवेचन

1. कारखाना भवन का किराया (Rent of Factory Building)	किराया कारखाना उपरिव्यय का अंग है। यदि भवन स्वामी का है तो भी उसका अनुमानित किराया कारखाना उपरिव्यय मे जोड़ा जायेगा। 'किराया' जोड़े जाने पर 'ह्रास' को कारखाना उपरिव्यय मे नही जोड़ा जायेगा। **यदि भवन का स्वामी उत्पादक है तो वह अनुमानित किराया या ह्रास जो भी दोनों में अधिक है कारखाना उपरिव्यय में जोड़ेगा।**
2. **प्लाण्ट, मशीन आदि का ह्रास** (Depreciation on Plant and Machine)	(i) कारखाने मे प्रयुक्त प्लाण्ट, संयंत्र व मशीन का ह्रास कारखाना उपरिव्यय मे जोड़ा जायेगा। (ii) कार्यालय मे प्रयुक्त संयंत्र का ह्रास कार्यालय उपरिव्यय मे जोड़ा जायेगा।
3. **आगत गाड़ी भाड़ा** (Carriage Inward)	(i) क्रय की गई सामग्री के मूल्य के साथ जोड़ा जायेगा।

(ii) यदि कई प्रकार की सामग्री का गाडी भाड़ा एक साथ दिया गया है और उस भाड़े को प्रत्येक सामग्री पर अलग-अलग करना सम्भव नही है तो यह कारखाना उपरिव्यय मे जोड़ा जायेगा।

(iii) यदि आगम गाडी भाडा सामग्री के सम्बन्ध मे नही है तो इसे कारखाना उपरिव्यय मे जोड़ेंगे।

4. जावक गाड़ी भाड़ा (Carriage Outward)

यह वितरण उपरिव्यय का अंग माना जाता है, क्योंकि यह बिक्रीत माल के लिए होता है।

5. माल वापसी गाड़ी भाड़ा (Carriage on Return)

(i) यदि माल उत्पादन के दोषों के कारण वापस आया है तो यह भाडा कारखाना उपरिव्यय में सम्मिलित होगा।

(ii) यदि विक्रय की शर्तों के अन्तर्गत वापस आया है तो विक्रय उपरिव्यय मे सम्मिलित होगा।

(iii) यदि माल दूषित पैंकिंग के कारण वापस आया है तो यह भाड़ा वितरण उपरिव्यय में जोडा जायेगा।

6. अनुमान व नक्शा कार्यालय व्यय (Estimating and Drawing Office Expenses)

(i) यह व्यय कारखाना उपरिव्यय का अंग है क्योंकि नक्शा कार्यालय कारखाने के साथ लगा होता है।

(ii) अनुमान व्यय यदि टैन्डर मूल्य का अनुमान लगाने मे किए गये हैं तो यह विक्रय उपरिव्यय होगा।

सामान्यतया 'अनुमान व्यय' कारखाना उपरिव्यय के अंग है।

7. अनुसंधान व परीक्षण व्यय (Research and Experimental Expenses)

(i) सम्पूर्ण व्यापार के लिए, सामान्यतया किए गये हैं तो उपरिव्यय के अंग माने जायेंगे।

(ii) उत्पादित वस्तु के सम्बन्ध मे परीक्षण-व्यय कारखाना उपरिव्यय के भाग होते हैं।

(iii) बाजार अनुसंधान व्यय विक्रय उपरिव्यय के भाग होते हैं।

(iv) किसी वस्तु विशेष के ही लिए किए गये अनुसधान व परीक्षण व्यय उस वस्तु के लिए प्रत्यक्ष व्यय (Direct Expenses) होते हैं।

8. कार्यहीन क्षमता व सुविधाओं की लागत (Cost of Idle Capacity and Idle facilities)	कारखाना उपरिव्यय ।
9. अधिकार-शुल्क व पेटेन्ट (Royalties and Patents)	(i) उत्पादन मात्रा से सम्बन्धित अधिकार-शुल्क व पेटेन्ट प्रत्यक्ष व्यय माना जाता है । (ii) विक्रय की इकाइयों पर आधारित अधिकार-शुल्क व पेटेन्ट विक्रय उपरिव्यय माना जायेगा । (iii) अन्य किसी आधार पर आधारित अधिकार शुल्क व पेटेन्ट कारखाना उपरिव्यय का अंग माना जायेगा ।
10. दूषित कार्य की लागत (Cost of Defective Work)	कारखाना उपरिव्यय ।
11. पैकिंग व्यय (Packing Expenses)	(i) यदि पैकिंग व्यय उत्पादित वस्तु को सुरक्षित बनाये रखने के लिए किया जाना अनिवार्य है तो यह मूल लागत का अंग होगा । जैसे, सिगरेट के पैकिट, चाय का डिब्बा, तेल के लिए शीशी आदि । (ii) यदि पैकिंग उत्पादित वस्तु को बेचते या वितरित करते समय अपेक्षित है तो यह वितरण उपरिव्यय का अंग होगा ।
12. विज्ञापन व्यय (Advertisement Expenses)	(i) विज्ञापन पर पूंजीगत व्यय (जिसका लाभ अनेक वर्षों तक प्राप्त होगा) कुछ वर्षों (जितने वर्ष लाभ मिलेगा) में विभाजित कर दिये जायेंगे । (ii) यह व्यय विक्रय उपरिव्यय का अंग है । आयगत व्यय सम्पूर्ण तथा पूंजीगत व्यय का अनुमानित भाग विक्रय उपरिव्यय में जोडा जाता है ।
13. अप्राप्त ऋण (Bad Debts)	यह व्यय ग्राहकों के सम्बन्ध में होता है । ग्राहक माल का क्रेता होता है अतः यह सम्पूर्ण क्षति विक्रय उपरिव्यय का अंग है ।
14. व्यापारिक व नकद छूट (Trade and Cash Discount)	(i) प्राप्त छूट सामग्री के मूल्य में से कम कर दी जाती है । (ii) दी गई छूट विक्रय उपरिव्यय का अंग मानी जाती है ।
15. उत्पादक द्वारा अभिदान (Subscription by the Employer)	(i) श्रमिक कल्याण के लिए या उत्पादन सम्बन्धी ज्ञान बढाने की पत्रिकाओं के लिए अभिदान कारखाना उपरिव्यय मे ।

(ii) सरकारी नीति, कर नीति व अन्य प्रशासनिक ज्ञान बढ़ाने वाली पत्रिकाओं के लिए अभिदान कार्यालय उपरिव्यय में।

(iii) बाजार व ग्राहकों का अध्ययन करने के लिए उपयोगी पत्रिकाओ मे या व्यापार मण्डलों मे अभिदान विक्रय उपरिव्यय मे सम्मिलित होंगे।

16. प्रबन्धकीय पारिश्रमिक (Managerial Remuneration)

(i) सामान्य प्रबन्ध व प्रशासन के लिए पारिश्रमिक कार्यालय उपरिव्यय मे।

(ii) कारखाने के प्रबन्धको का पारिश्रमिक कारखाना उपरिव्यय मे।

(iii) विक्रय प्रबन्धक, विज्ञापन प्रबन्धक तथा गोदाम कीपर का पारिश्रमिक विक्रय व वितरण उपरिव्यय मे सम्मिलित होगा।

लागत लेखांकन में सम्मिलित न किए जाने वाले मद
(Items not to be included in Cost Accounting)

लागत लेखाकन मे सम्मिलित न की जाने वाली समस्त मदो को तीन भागों मे बाँटा जा सकता है—

1. लाभ-नियोजन की मदें ;
2. वित्त-सम्बन्धी मदे ;
3. अन्य मदें।

1. लाभ-नियोजन की मदें—कुछ मदें, जो लाभ-हानि नियोजन खाते मे डाली जाती हैं, लागत लेखाकन मे सम्मिलित नही की जायेंगी। ये निम्न हैं—

(i) लाभांश,
(ii) आय-कर, सम्पत्ति-कर,
(iii) कोषों मे हस्तांतरण,
(iv) दान,
(v) कर्मचारियो का बोनस जो लाभ पर दिया जाता है,
(vi) प्रारम्भिक व्यय,
(vii) अंश व ऋण-पत्रों पर छूट।
(viii) सम्पत्ति के विक्रय या पुनमूर्ल्यांकन पर हानि।

2. वित्त-सम्बन्धी मदें—वे मदें जिनका सम्बन्ध संस्था के अर्थ-प्रबन्धन से होता है। ये निम्न है—

(i) अंश व ऋण-पत्र निर्गमन व्यय,
(ii) बैंक ब्याज, कमीशन, दलाली,
(iii) विनियोगों पर ब्याज, लाभांश आदि,
(iv) सम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ या हानि,
(v) आय-कर, सम्पत्ति-कर की अपील के व्यय,
(vi) अभिगोपकों (underwriter's) का कमीशन.

(vii) कर्मचारियों को पेंशन,
(viii) हर्जाना, दण्ड या पेनल्टी,
(ix) अच्छी सेवाओं के लिए पुरस्कार,
(x) अंश हस्तांतरण फीस आदि ।

3. अन्य मदें—
(i) गुप्त संचय,
(ii) मशीनो के अप्रचलन से हानि,
(iii) असामान्य अप्राप्त ऋण आदि ।

QUESTIONS

1. प्रत्यक्ष व्ययो की परिभाषा दीजिए । किस आधार पर आप इनको अप्रत्यक्ष व्ययों से भिन्न करेंगे ।
Define Direct Expenses. On what basis would you differentiate them from Indirect Expenses ?

2. व्ययों व उपरिव्ययो मे क्या अन्तर है ? उपरिव्ययों का वर्गीकरण कीजिए ।
What is the difference between Expenses and Overheads ? Classify the overheads.

3. उपरिव्ययों को परिवर्तनशीलता के आधार पर विभाजित करने की क्या आवश्यकता है ? परिवर्तनशीलता के आधार पर इनको किस प्रकार विभाजित किया जाता है ? प्रत्येक वर्गीकरण के कुछ उदाहरण दीजिए ।
What is the necessity of classifying the overheads on the basis of variability ? How these are classified on the basis of variability ? Give examples of each category.

4. कारखाना उपरिव्ययो के बँटवारे की विभिन्न विधियों की विवेचना कीजिए । प्रत्येक के गुण-दोष बताइए ।
Elucidate the different methods of allocating the factory overheads. Give merits and demerits of each.

Or

अप्रत्यक्ष व्ययों की गणना करने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए । प्रत्येक के लाभों व हानियों को बताइए ।
Discuss the various methods of calculating 'On Cost'. Explain their advantages and disadvantages.

Or

कारखाना उपरिव्ययों के संविलयन की विभिन्न पद्धतियो को समझाइए ।
Explain the various methods of absorption of factory overheads.

5. मशीन-घन्टा दर एवं प्रत्यक्ष कार्य-घन्टा दर क्या है ? इनको ज्ञात करने की पद्धति को समझाइए ।
What do you know of 'Machine-hour rate' and 'Direct labour hour rate' ? Describe briefly the methods of their compilation.

6. अप्रत्यक्ष व्ययों एवं उपरिव्ययों में अन्तर स्पष्ट कीजिए एवं कारखाना उपरिव्यय को उत्पादन पर चार्ज करने की चार पद्धतियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । प्रत्येक के लाभ-हानि बताइए ।

Distinguish between Indirect Expenditure and Overhead Charges and describe briefly four methods of allocating works overheads as a charge of production. State advantages and disadvantages of each.

7. 'विक्रय उपरिव्यय' तथा 'वितरण उपरिव्यय' की परिभाषा दीजिए। 'विक्रय उपरिव्ययों' को उत्पादन पर कैसे वितरित किया जाता है ?
Define 'Selling Overheads' and 'Distribution Overheads'. How selling overheads are allocated to products ?

8. निम्न उपरिव्ययों को सम्मिलित करने के लिए मशीन-घन्टा दर ज्ञात कीजिए।
Calculate a machine hour rate to cover overhead expenses indicated below :

	Per hour	Per Year
(i) Electric Power (शक्ति व्यय)	·80	
(ii) Steam (भाप)	·35	
(iii) Water (पानी)	·15	
(iv) Repairs (मरम्मत)		160·00
(v) Rent (किराया)		320·00
(vi) Running hours (कार्यशील घन्टे)		2,000 hours
	Rs.	
Original Cost-Price (मूल लागत)	4,000	
Book Value (पुस्तकीय मूल्य)	400	
Replacement Value (पुनर्स्थापना मूल्य)	3,200	
Depreciation (ह्रास) @ 7½% p. a. on original cost		

Ans. Rs. 2 74.

9. Work out the machine hour rate from the information given below—
निम्न सूचनाओं से मशीन-घन्टा दर की गणना कीजिए—

1. Cost of Machine (मशीन की लागत)	1,00,000
2. Scrap of Machine (अवशेष मूल्य)	10,000
3. Freight and Installation-(भाड़ा व लगाई व्यय)	10,000
4. Working Life (कार्य जीवन)	10 years
5. Working hours (कार्यशील घन्टे)	2,500 p. a.
6. Repairs (मरम्मत)	50% of Depreciation
7. Power (शक्ति)	12 Units per hour @ 10 Paisa per unit
8. Lubricating Oil (तेल)	@ Rs. 2·25 per day of 8 hours
9. Consumable Stores (उपभोग्य सामग्री)	Rs 15 per day of 8 hours
10. Wages of Operators (चालकों की मजदूरी)	@ Rs. 5 per day

Ans. Rs. 9·98

10. Calculate the machine-hour rate from the followings—
निम्न से मशीन-घन्टा दर ज्ञात कीजिए—

	Rs.
Cost of Machine (मशीन की लागत)	18,000
Cost of Installation (मशीन लगाने की लागत)	12,000
Scrap value after 10 years (10 वर्ष बाद अवशेष मूल्य)	5,000
Rates and Rent for a quarter for the shop (दुकान के लिए तिमाही किराया व दर)	500
General Lighting (सामान्य प्रकाश)	50 p. m.
Insurance Premium (बीमा प्रीमियम)	100 p. a.
Repairs (मरम्मत)	100 p. a.
Shop Supervisor's salary (दुकान निरीक्षक का वेतन)	250 p. m.
Power 5 Units per hour @ Rs. 5 per 100 units (शक्ति प्रति घन्टे 5 यूनिट 5 रु० प्रति 100 यूनिट की दर से)	
Estimated Working hours (अनुमानित कार्य घन्टे)	2,500 p. a

The machine occupies 1/4th of the total area of the shop. The supervisor is expected to devote 1/6th of his time for supervising the machine. General lighting expenses are to be apportioned on the basis of floor area.

मशीन ने दुकान के क्षेत्रफल का 1/4 भाग घेर रखा है। निरीक्षक मशीन की देख-रेख पर अपने समय का 1/6 भाग देता है। सामान्य प्रकाश व्यय क्षेत्रफल के हिसाब से बाँटना है।

Ans. Rs. 1·79.

. The following particulars relate to a processing machine treating a typical material.

निम्न सूचनायें एक प्रसंस्करण मशीन के सम्बन्ध मे हैं जिसमे एक विशिष्ट प्रकार की सामग्री प्रयुक्त होती है :

1	Cost of Machine (मशीन की लागत)	Rs. 10,000
2.	Estimated life (अनुमानित काल)	10 years
3.	Scrap value (अवशेष मूल्य)	Rs. 1,000
4.	Yearly working time (वार्षिक कार्य समय) (50 weeks of 44 hours each)	2,200 hours
5.	Machine maintenance (मशीन अनुरक्षण)	200 hours p a.
6.	Setting up time estimated at 5% of total productive time and is regarded as productive time (सैटिंग समय उत्पादित् समय का 5% है इसको भी उत्पादित समय ही माना जाता है)	
7	Electricity is 16 units p. h. @ 10 Paisa per unit. (बिजली 16 यूनिट प्रति घन्टा 10 पैसा प्रति यूनिट की दर से)	
8.	Chemical required weekly (साप्ताहिक रसायन)	Rs. 20
9.	Maintenance Cost per year (प्रतिवर्ष अनुरक्षण व्यय)	Rs. 1,200
10.	Two attendants control the operations of machine together with 6 other machines. Their combined weekly wages are (2 व्यक्ति इस मशीन का तथा 6 अन्य मशीनो के संचालन का कार्य देखते हैं। इनकी संयुक्त मजदूरी 140 रु० साप्ताहिक है।)	Rs. 140

11. Departmental overheads allocated to this machine — Rs. 2,000 p. a.
(इस मशीन पर लगाये गये विभागीय उपरिव्यय)
You are required to calculate the machine hour rate.
Ans. Rs 4 81

12. एक संस्था के अप्रत्यक्ष व्ययो को निम्न भागो मे विभाजित किया जाता है : (i) उत्पादन (ii) प्रशासन (iii) विक्रय (iv) वितरण (v) उपर्युक्त चारो वर्गों के लिए (vi) लागत लेखो में सम्मिलित न होने वाले मद ।

Indirect expenses of a concern are classified under the following heads : (i) Production (ii) administration (iii) Selling (iv) Distribution (v) Applicable to all the four heads (vi) to be omitted from costing records.

बताइए कि निम्न मद किस-किस वर्ग मे सम्मिलित किए जायेंगे :

State under which headings the following would generally be placed :

(a) Labourer's Wages (श्रमिकों की मजदूरी)
(b) Carriage inward on raw materials (सामग्री पर आगम गाड़ी भाड़ा)
(c) Advertising (विज्ञापन)
(d) Works manager's salary (कारखाना प्रबन्धक का वेतन)
(e) Storekeeper's wages (स्टोरकीपर की मजदूरी)
(f) Plant Maintenance (संयंत्र अनुरक्षण)
(g) Carriage outward (जावक गाड़ी भाडा)
(h) Maintenance of cranes (क्रेन का अनुरक्षण)
(i) Trade discount earned (अर्जित बट्टा)
(j) Cost of Idle time in a factory (कारखाने के कार्यहीन समय की लागत)
(k) Lubricating Oil (चिकनाई का तेल)
(l) Cash discount allowed (नकद छूट दी)
(m) Income-tax (आय-कर)
(n) Rent (किराया)
(o) Cleaning materials (सफाई का सामान)
(p) Commission to travellers (यात्रियों को कमीशन)
(q) Electricity (बिजली)
(r) Protective Clothing (अनुरक्षण कपड़ा)
(s) Directors fee (संचालक फीस)
(t) Dividend Paid (लाभाश दिया)
(u) Cost clerk's wages (लागत लिपिक का वेतन)
(v) Postage and stationery (डाक व स्टेशनरी)
(w) Loss of Profit Insurance (लाभ की क्षति का बीमा)
(x) Market Research (बाजार अनुसंधान)
(y) Cost of Free Samples (निःशुल्क नमूनो की लागत)
(z) Upkeep of delivery vehicles (सुपुर्दगी गाड़ियो की देख-रेख)

Ans. (i) **Production**—a, b, d, e, f, h, i, j, k, r
(ii) **Administration**—s, u, v, w
(iii) **Selling**—c, l, p, v, x, y
(iv) **Distribution**—g, k, z
(v) **All classes**—n, o, q, u
(vi) **Omitted from costing records**—m, t.

इकाई अथवा उत्पादन लागत
(Unit or Output Cost)

'इकाई लागत पद्धति' का आशय प्रति वस्तु या सेवा की प्रति इकाई लागत ज्ञात करने से है। इस पद्धति का प्रयोग ऐसे उद्योगो मे किया जाता है जिनमे निम्न विशेषतायें पायी जाती है—

(i) उत्पादन की सभी इकाइयाँ एक जैसी (identical) है। एक जैसी इकाइयाँ होने के कारण उनकी लागत भी एक ही आती है।

(ii) उत्पादन कार्य निरन्तर चलता रहता है।

(iii) प्रति इकाई लागत ज्ञात करना आवश्यक है।

(iv) लागत की इकाइयाँ सार्वभौमिक (Universal), प्राकृतिक एवं स्वाभाविक हैं। जैसे प्रतिटन, प्रति क्विटल, प्रति हजार, प्रति मीटर, प्रति किलोग्राम, प्रति मील, प्रति व्यक्ति आदि।

"इकाई अथवा उत्पादन लागत पद्धति" उन उद्योगों में प्रयुक्त होती है जिनमें एक प्रमापित वस्तु का उत्पादन किया जाता है और जिनमे एक आधारभूत इकाई की लागत ज्ञात की जाती है।"[1]

—बॉटलीबॉय

निम्न लागत पद्धतियाँ इकाई लागत पद्धति की हो उप-विभाजन हैं—

(i) एकाकी अथवा उत्पादन लागत पद्धति (Single or Output Costing)

(ii) संचालन लागत पद्धति (Operating Costing)

(iii) विधि लागत पद्धति (Process Costing)

(i) एकाकी अथवा उत्पादन लागत पद्धति (Single or Output Costing)—एकाकी अथवा उत्पादन लागत पद्धति उन उद्योगो में अपनाई जाती है जिनमे किसी एक ही प्रमुख वस्तु का उत्पादन किया जाता है। यह सम्भव है कि उस वस्तु को दो या दो से अधिक ग्रेडो (grades) में तैयार किया जाय। यहाँ पर यह स्मरण रखना आवश्यक है कि ये उद्योग उपर्युक्त वर्णित विशेषताओं से युक्त अवश्य रहे तभी यह लागत पद्धति प्रयुक्त होगी। यह पद्धति निम्न उद्योगों मे प्रयुक्त होती है. डेरी, खानें, इंट का भट्टा (brick works), चीनी, सूत, कपड़ा, कोयला, कागज, सीमेन्ट, व आटा मिल, दाल मिल आदि।

---

1 "Single or Output Cost System is used in businesses where a standard product is turned out and it is desired to find out the cost of a basic unit of production.".

—J. R. Batliboi

(ii) **संचालन लागत पद्धति** (Operating Costing)—यह पद्धति **सेवा प्रदान करने** वाली संस्थानो मे प्रयुक्त होती है। **यातायात**—रेल, सडक व हवाई—**गैस, बिजली, अस्पताल, कैन्टीन, एवं** बॉयलरहाउसेज (Boiler-houses) आदि संस्थानो मे इनके द्वारा प्रदत्त सेवाओ की प्रति इकाई लागत ज्ञात करने के लिए यह पद्धति अपनाई जाती है। इन संस्थानो मे लागत की इकाइयाँ पृथक-पृथक है जो निम्न है—

संस्थान	**लागत की इकाई**
यातायात (Transport)	
यात्री (Passenger)	प्रति यात्री मील (Per Passenger-mile)
माल (Goods)	प्रति क्विंटल मील (Per Quintal mile)
गैस (Gas)	प्रति किलो (Per Kg)
बिजली (Electricity)	प्रति घन्टा किलोवाट (Per Kilowatt Hour)
अस्पताल (Hospital)	प्रति मरीज-दिन (Per Patient day) या प्रति शल्य क्रिया (Per Operation)
कैन्टीन (Canteen)	प्रति भोजन (Per Meals) या प्रति कप (Per Cup)
बॉयलर-हाउसेज (Boiler-houses)	प्रति किलोग्राम स्टीम (Per Kg. Steam)

संचालन लागत पद्धति मे उत्पादन लागत पद्धति से कुछ भिन्न तरीके से प्रति सेवा लागत ज्ञात की जाती है। किन्तु लागत ज्ञात करने की पद्धति दोनो ही दशाओं मे एक जैसी है।

(iii) **विधि लागत पद्धति** (Process Costing)—इसका विस्तृत वर्णन अगले अध्याय मे किया गया है।

उद्देश्य (Objects)

इकाई लागत (एकाकी या उत्पादन लागत अथवा संचालन लागत) पद्धति से लागत ज्ञात **करने के प्रमुख निम्न उद्देश्य हैं**—

(i) एक निश्चित समय के उत्पादन की **कुल लागत** (Total Cost) तथा **प्रति इकाई लागत** (Per Unit Cost) ज्ञात करना,

(ii) उत्पादन लागत का **तुलनात्मक अध्ययन** करना; तथा

(iii) उत्पादित वस्तु का **प्रति इकाई विक्रय** मूल्य ज्ञात करना।

इकाई लागत ज्ञात करने की विधियाँ (Methods of Finding Out Unit Cost)—लागत ज्ञात करने के लिए निम्न दो पद्धतियाँ काम मे लाई जाती हैं—

1. लागत-पत्र तैयार करके (Cost Sheet)
2. उत्पादन-खाता तैयार करके (Production Account)

इन दोनों ही पद्धतियो से उत्पादित वस्तु की कुल (Total) एवं प्रति इकाई (Per Unit) इकाई लागत ज्ञात की जा सकती है।

1 लागत-पत्र
(Cost Sheet)

लागत-पत्र एक ऐसा विवरण-पत्र है जिसमें उत्पादित वस्तु पर किए गये विभिन्न व्ययों का विश्लेषण इस प्रकार किया जाता है कि इकाइयों की कुल एवं प्रति इकाई लागत ज्ञात हो सके तथा

लागत के विभिन्न अंगों को भी प्रदर्शित किया जा सके। श्री जे० आर० बॉटलीबॉय ने लागत-पत्र को निम्न प्रकार से परिभाषित किया है—

(1) **जब ठेका कार्य 1/3 या इससे अधिक पूरा हो चुका है** (When 1/3 or more work has been completed).—यदि ठेका का 1/3 या इससे अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है तभी ठेके के कुल लाभ का कुछ भाग लाभ-हानि खाते मे हस्तांतरित किया जायेगा। यह भाग निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात किया जायेगा—

$$\text{Profitto be transferrd P \& L a/c} = \text{Total Profit} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

or

$$= \text{Total Profit} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{\% of Cash Received}}{100}$$

दूसरे शब्दों में, प्राप्त लाभ का 2/3 (2/3 of the Profit Received) **लाभ-हानि खाते में हस्तांतरित किया जाता है।**

$$\text{Profit Received} = \text{Total Profit} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

$$2/3 \text{ of Profit Received} = \text{Total Profit} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}} \times \frac{2}{3}$$

इस प्रकार,

Total Profit = [Profit Received] + [Profit not Received]

Or

= [2/3 of Profit Received + 1/3 of Profit Received] + [Profit not Received]

Or

$$= \left(2/3 \text{ of Profit Received}\right) + \left(\begin{matrix}1/3 \text{ of Profit Received} \\ + \text{Profit not Received}\end{matrix}\right)$$

अतः,

चालू कार्य खाते में हस्तान्तरित किए जाने वाले लाभों में निम्न सम्मिलित होता है

Profit transferred to Work in Progress a/c = 1/3 of Profit Received + Profit not Received

इसी को 'संचित लाभ' (Profit in Reserve) भी कहते हैं।

मान लीजिए ठेके पर कुल लाभ 60,000 रु० है तथा ठेकेदार प्रमाणित कार्य का 80% नकद प्राप्त करता है तो,

∴

$$\text{Profit transferred to Profit and Loss a/c} = 60{,}000 \times \frac{2}{3} \times \frac{80}{100} = \text{Rs. } 32{,}000$$

इसी को प्राप्त लाभ का 2/3 (2/3 of Profit Received) भी कहेंगे। इसका विश्लेषण निम्न प्रकार होगा—

कुल लाभ (Total Profits) = Rs. 60,000

$$\text{Profit Received} = \frac{60{,}000 \times 80}{100} = 48{,}000$$

$$\text{Profit not Received} = \frac{60{,}000 \times 20}{100} \text{ Or } 60{,}000 - 48{,}000 = 12{,}000$$

$\frac{2}{3}$ of Profit Received = $\frac{2}{3}$ of 48,000 = Rs 32,000

$\frac{1}{3}$ of Profit Received = $\frac{1}{3}$ of 48,000 = Rs 16,000

Hence :

Profit to be Transferred to P & L a/c = Rs 32,000

Profit not to be transferred
Or
Profit in Reserve
Or
Profit to be transferred to Work-in-Progress a/c } = Rs 16,000 + 12,000 = Rs 28,000

Note—जब प्रमाणित कार्य + अप्रमाणित कार्य का योग ठेका मूल्य के 1/3 हो तो यह मानते हैं कि 1/3 Contract पूरा हो चुका है।

Illustration 7

'अ' ने 'ब' से एक भवन निर्माण का ठेका 1 जनवरी 1978 को प्राप्त किया। उसका ठेका मूल्य 6,00,000 रु० था। 1978 के लिए निम्न सूचनायें उपलब्ध हैं—

	रु०
सामग्री क्रय को	95,000
स्टोर्स से प्राप्त सामग्री	25,000
प्रत्यक्ष श्रम	40,000

प्लाण्ट व मशीन की लागत	
प्रत्यक्ष व्यय	50,000
अप्रत्यक्ष व्यय (भुगतान किए श्रम का 25%)	5,000
'ब' से प्राप्त रोकड़ (प्रमाणित कार्य का 80%)	—
अप्रमाणित कार्य	2,50,000
1-1-1978 को हस्तगत सामग्री	30,00
31-12-1978 को स्टोर्स को लौटाई सामग्री	5,000
अर्जित मजदूरी	9,500
अर्जित प्रत्यक्ष व्यय	15,000
प्लाण्ट पर ह्रास 20%	10,000

ठेका खाता व ठेकादाता खाता बनाइए तथा चिट्ठे मे आवश्यक प्रविष्टियाँ दिखाइए।

A undertook a building construction contract from B on 1st January 1978 The contract price was Rs. 6,00,000. The following informations are available for 1978

	Rs.
Materials Purchased	95,000
Materials Received from Stores	25,000
Direct Labour	40,000
Cost of Plant and Machinery	50,000
Direct Expenses	5,000
Indirect Expenses (25% of labour Paid)	—
Cash Received from B (80% of Work certified)	2,50,000
Uncertified work	30,000
Materials in hand on 1-1-1978	5,000
Materials returned to stores on 31-12-1978	9,500
Wages Accrued due	15,000
Direct Expenses accrued due	10,000
Depreciation on plant 20%	

Prepare Contract Account and Contractee's Account and show relevant entries in B/S

Solution

Contract Account

1978		Rs.	1978		Rs
Jan /Dec	**To Materials :**		Jan /Dec	By Materials returned to store	9,500
	,, Purchased	95,000		,, Plant in hand Cost 50,000 *Less* Dep. @ 20% 10,000	40,000
	,, Received from Store	25,000		**,, Work-in-Progress A/c**	
	,, In hand on 1-1-78	5,000		Work Certified	
	,, Direct Labour	40,000		$\left(2,50,000 \times \frac{100}{80}\right)$	3,12 500
	,, Cost of Plant & Machine	50,000		Work Uncertified	30,000
	,, Direct Expenses	5,000			
	,, Indirect Expenses (Being 25% of labour i e 25% of 40,000)	10,000			
	,, Wages accrued due	15,000			

		Rs			Rs
	To Direct Expenses accrued	10,000			
	,, Balance c/d (Total Profits)	1,37,000			
		3,92,000			3,92,000
	To Profit & Loss a/c $(1,37,000 \times \frac{2}{3} \times \frac{80}{100})$	73,067		By Balance b/d	1,37,000
	,, Work in progress a/c (Profit in Reserve)	63,933			
		1,37,000			1,37,000

B'S Account

1978		Rs	1978		Rs
31 Dec.	To Balance c/d	2,50,000	Jan/Dec	By Cash	2,50,000
		2,50,000			2,50,000

Work-in-Progress A/c

1978		Rs	1978		Rs
31 Dec.	To Contract A/c :		31 Dec.	By Contract a/c	63,933
	Work Certified	3,12,500		,, Balance c/d	2,78,567
	Work Uncertified	30,000			
		3,42,500			3,42,500

Balance Sheet

	Rs			Rs
Wages Accrued	15,000	Plant in hand		40,000
Direct Expenses Accrued	10,000	Work-in-Progress a/c	2,78,567	
P. & L. a/c		*Less* B.S a/c	2,50,000	28,567
(Profit from Contract)	73,067			

Notes :

1 Work Certified has been calculated as below :

As 2,50,000 is 80% of Work Certified :

If Rs. 80 were Received Work Certified was 100

,, 1 ,, ,, ,, ,, ,, $\frac{100}{80}$

,, 2,50,000 ,, ,, ,, ,, ,, $\frac{100}{80} \times 2,50,000$

$= 3,12,500$

2. The amounts of this Contract to be taken in Next Year's Contract a/c would be.

Contract A/c

Work in Progress b/d		2,78,567	Wages Accrued	15,000
This can also be found out as follows .			Direct Exp Accrued	10,000
Certified Work	3,12,500			
Uncertified „	30,000			
Total	3,42,500			
Less Profit in Res	63,933			
	2,78,567			

Illustration 8

X ने 1 जनवरी, 1978 को ठेका शुरू किया और 1978 वर्ष मे निम्न व्यय किये—

सामग्री 15,000 रु०; मजदूरी 25,000 रु०, प्लाण्ट 10,000 रु०; अप्रत्यक्ष व्यय 3,000 रु० ।

वर्ष के अन्त मे प्रमाणित कार्य का मूल्य 1,50,000 रु० था । इसका 75% नकद प्राप्त हो गया; कार्य पूरा हुआ लेकिन अप्रमाणित 1,500 रु०; हस्तस्थ सामग्री 2,000 रु०, जो प्लाण्ट और सामग्री ठेके पर ले जाये गये थे उनमे से 2,000 रु० का प्लान्ट और 1,200 रु० की सामग्री खो गये ।

1,000 रु० की लागत वाला प्लाण्ट स्टोर्स को लौटा दिया गया ।

प्लाण्ट पर 10% प्रतिवर्ष ह्रास लगाइये । ठेका खाता बनाइये और बताइए कि लाभ का कौनसा भाग लाभ-हानि खाते मे ले जाया जायेगा ?

Mr X started contract on 1st Jan., 1978 and incurred the following expenditure on the contract during the year 1978—

	Rs.
Materials	15,000
Wages	25,000
Plant	10,000
Overhead charges	3,000

At the end of the year works to the value of Rs 1,50,000 had been certified of which 75% had been received in cash, work completed but not certified was estimated Rs. 1,500 and materials valued at Rs 2,000 were on hand at the site Of the plant and materials charged to the contract, plant which cost Rs 2,000 and materials which cost Rs 1,200 were lost. Plant which cost Rs 1,000 was returned to stores.

After allowing depreciation at the rate of 10% per annum on plant, prepare contract account and point out how much profits is to be taken to profit & loss account ?

Solution

Contract Account

(for the year ended 31st Dec , 1978)

1978		Rs	1978			Rs
Jan /Dec	To Materials	15,000	Jan./Dec.	By Material on site		2,000
	„ Wages	25,000		„ Plant on site		6,300
	„ Plant	10,000		„ P. & L. a/c		
	„ Overhead charges	3,000		Plant lost	2,000	
	„ Balance c/d	1,10,900		Material		
	(Total Profit)			lost	1,200	3,200

	Rs.		Rs.
		By Plant Returned to stores Cost 1,000 *Less* Dep. @ 10% 100	900
		,, **Work-in-Progress:** Work Certified 1,50,000 Work Uncertified 1,500	1,51,500
	1,63,900		1,63,900
To P & L a/c	55,450	By Balance b/d	1,10,900
,, Work in Progress a/c (Profit in Reserve)	55,450		
	1,10 900		1,10,900

Notes : 1. **Plant on site has been calculated as below**

	Rs.	Rs.
Cost of Plant		10,000
Less Plant lost	2,000	
Plant Returned to Store	1,000	3,000
Cost of plant used		7,000
Less Dep @ 10% p a		700
Plant on Site at end		6,300

2. **Profit transferred to P. & L. a/c has been calculated as below .**

$$\text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received \%}}{100}$$

$$=1,10,900 \times \frac{2}{3} \times \frac{75}{100} = \text{Rs. } 55,450$$

3. **Balance of Work-in-Progress a/c will be**

Work-in-Progress A/c

	Rs.		Rs
To Contract a/c .		By Contract a/c	55,450
Work Certified	1,50,000	,, Balance c/d	96,050
Work uncertified	1,500		
	1,51,500		1,51,500

Illustration 9

भारत कन्सट्रक्शन लि० ने एक विश्वविद्यालय का कला संकाय का भवन बनाने का ठेका 20,00,000 रु० की अनुमानित लागत से 10% कम पर प्राप्त किया ।

कार्य 1 अप्रैल 1978 से प्रारम्भ हुआ । 31 मार्च 1979 को ठेके पर अग्र व्यय किये गये :

	रु०
ठेके के लिए निर्गमित सामग्री	3,60,000
ठेके पर सामग्री	15,000
मजदूरी	4,93,200
विशेष तौर पर ठेके के लिए क्रय की गई प्लाण्ट व मशीनरी (लागत के उद्देश्य से पूरे वर्ष का ह्रास 10% की दर से)	60,000
प्रत्यक्ष व्यय किए	25,800
सामान्य उपरिव्यय (ठेके का भाग)	15,200
पूरे किए हुए कार्य की लागत जो 31 मार्च 1979 तक अप्रमाणित था	30,000

वर्ष के अन्त तक ठेकेदार को 7,20,000 रु० प्राप्त हुए जो देय राशि (ठेका मूल्य के आधार पर) की 80% शिल्पकार के प्रमाण पत्र के आधार पर थी।

ठेके पर लाभ दर्शाते हुए ठेका खाता बनाइए।

Bharat Constructions Ltd. obtained a contract for the construction of Art Faculty of a university at 10% less of Estimated cost amounting to Rs. 20,00,000 The work was taken up on 1st April 1978. On 31st March 1979 the expenses on the contract were as follows :

	Rs.
Materials issued to contract	3,60,000
Materials at site	15,000
Wages	4,93,200
Plant and machinery specially bought for contract (subject to depreciation at 10% for the whole year for costing purpose)	60,000
Direct expenses incurred	25,800
General overheads (share of contract)	15,200
Cost of completed work not certified as on 31st March, 1979.	30,000

Up to the close of the year, a total sum of Rs. 7,20,000 was received by the contractors being 80% of the amount payable (on the basis of net value of contract) on Architect's certificate.

Prepare the Contract a/c showing profit on the contract.

Solution

प्रस्तुत प्रश्न में यद्यपि ठेके की अनुमानित लागत 20,00,000 रु० दी गई है, फिर भी ठेकेदार 10% कम पर ठेका लेने को सहमत हो गया। अतः ठेका मूल्य (Contract Price) 20,00,000 रु० – 10% or 20,00,000—2,00,000=18,00,000 रु० होगी।

Contract Account

1978-79		Rs.	1978-79		Rs.
April/ March	To Materials issued to contract	3,60,000	April/ March	To Materials at site c/d	15,000
	„ Wages	4,93,200		„ Plant in hand c/d	54 000
	„ Plant & Machinery	60,000		„ Work-in-Progress a/c	
	„ Direct Exp. incurred	25,800		Work certified = 9,00,000	
	„ General Overheads	15,200		Work uncertified = 30,000	9,30,000
	„ Balance c/d „ (Total profits)	44,800			
		9 99,000			9,99,000

1979			1979		
31 March	To P. & L. a/c	23,893	31 March	By Balance b/d	44,800
	„ Work in Progress a/c (Profit in Reserve)	20,907			
		44,800			44,800

Notes : 1. **Plant in hand is calculated as below :**
Cost of Plant—10% dep or 60,000—6,000=Rs. 54,000

2. **Work Certified** is calculated as below :
Cash Received being Rs. 7,20,000 (being 80% of Work Certified)

Hence Work Certified being $\frac{100}{80}$ of Rs 7,20,000

$$=7,20,000 \times \frac{100}{80} = \text{Rs } 9,00,000$$

3. **Profit to be transferred to P. & L. a/c will be**

$$\text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

$$=44,800 \times \frac{2}{3} \times \frac{7,20,000}{9,00,000} \text{ or Rs. } 23,893.$$

4. **Work-in-Progress to be shown in B/S will be**
Work Certified+Uncertified—Profit in Reserve
=9,00,000+30,000—20,907=Rs. 9,09,093

5 **Material at Site** is deemed to be material at site at end. When no date is given materials or plant at site are presumed to be at the end of the year.

Illustration 10

एक ठेकेदार ने, जिसके पास अनेक ठेके हैं, लेखा पुस्तकों मे प्रत्येक ठके के लिए अलग-अलग खाता खोल रखा है। 30 जून 1978 को ठेका नं० 51 के खाते में निम्नांकित व्यय प्रदर्शित हैं :

	रु०
सामग्री क्रय की	90,000
स्टोर्स से सामग्री	25,000
प्लाण्ट क्रय किया	80,000
मजदूरी	1,22,000
प्रत्यक्ष व्यय	12,000
स्थापना व्ययों का भाग,	27,000
	3,56,000

ठेका मूल्य 7,50,000 रु० था तथा 30 जून तक 2,90,000 रु० प्राप्त हुए जो प्रमाणित कार्य मे से 20% रोकी हुई राशि कम करके है। कार्य स्थल पर अनुपयुक्त सामग्री 7,500 रु० की है। प्लाण्ट पर 8,000 रु० ह्रास लगाना है।

अर्जित लाभ को प्रदर्शित करते हुए ठेका खाता बनाइए। यह भी बताइए कि कितनी राशि इस अवधि मे लाभ-हानि खाते को हस्तान्तरित किया जाना आप उचित समझते है ?

A contractor undertook several large contracts and his ledger contained, therefore, a separate acccount for each contract On 30th June, 1978, the account of contract No. 51 showed the following amounts as expended thereon :

	Rs.
Materials purchased	90,000
Materials issued from store	25,000
Plant purchased	80,000
Wages	1,22,000
Direct expenses	12,000
Portion of Establishment charges	27,000
	3,56,000

The contract was for Rs. 7,50,000 and upto 30th June Rs 2,90,000 had been received in cash which represented the full amount certified less 20% retention money. The material on site unconsumed were valued at Rs 7,500. The plant was to be depreciated by Rs. 8,000.

Prepare Contract Account showing what profit thereon has been earned to date. Also state what amounts should, in your opinion, be taken into profit and loss for the period.

Solution

Contract No. 51 Account

	Rs.			Rs.
To Materials :		By Material on site		7,500
Purchased	90,000	,, Plant on Site :		
Issued from Store	25,000	Cost	80,000	
,, Wages	1,22,000	*Less* Dep.	8,000	72,000
,, Plant	80,000			
,, Direct Expenses	12,000	,, Work-in-Progress a/c:		
,, Estd Charges	27,000	Work certified		3,62,500
,, Balance c/d (Total Profit)	86,000			
	4,42,000			4,42 000
To P & L a/c	45,867	By Balance b/d		86,000
,, Work-in-Progress a/c (Profit in Reserve)	40,133			
	86,000			86,000

Notes : 1. **Work Certified has been calculated as below—**

Amount Received is 20% less than certified work *i. e.* it is 80% of the Work Certified.

Hence Work Certified being $\frac{100}{80}$ of the amount received

$$\text{or } \frac{2,90,000 \times 100}{80} = \text{Rs. } 3,62,500$$

2. **Profit to be taken to P. & L a/c will be 2/3 of the Profit received i. e.,**

$$\text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

Or

$$86{,}000 \times \frac{2}{3} \times \frac{2{,}90{,}000}{3{,}62{,}500} \text{ Or } 86{,}000 \times \frac{2}{3} \times \frac{80}{100}$$

$$= \text{Rs } 45{,}866$$

3. As the cost of uncertified work is not given, it is presumed that there is no uncertified work Hence Work-in-Progress will constitute only work certified. Balance of Work-in-Progress will be = 3,62,500
   − 40,133
   3,22,367

अप्रमाणित कार्य के मूल्य की गणना
(Calculating Cost of Uncertified Work)

Illustration 11

31 दिसम्बर 1978 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक ठेकेदार की पुस्तकों से निम्न सूचनायें प्राप्त हुईं—

	रु०	रु०
चालू कार्य 31 दिसम्बर 1977	1,70,000	
ठेकादाता से प्राप्त अग्रिम 31 दिसम्बर 1977	1,10,000	60,000

वर्ष मे निम्न व्यवहार हुए—

व्यापारियों द्वारा ठेके पर प्रत्यक्ष भेजी गई सामग्री 12,000 रु०; स्टोर्स से निर्गमित सामग्री 21,000 रु०; मजदूरी 17,000 रु०; कार्यशील व्यय 3,000 रु०; प्रशासन व्यय (जिसमे से 500 रु० सामान्य लाभ-हानि खाते से सम्बन्धित हैं) 2,500 रु०; निर्गमित प्लाण्ट 5,000 रु०; ठेके से सीधे व्यापारियों को सामग्री लौटाई 900 रु०; स्टोर्स को सामग्री लौटाई 1,100 रु०; ठेका पूरा हुआ 45,000 रु०, प्रमाणित कार्य 30,000 रु०, ठेके पर लाभ 23,000 रु०; ठेका दाता से प्राप्त अग्रिम 80,000 रु० ।

ठेका खाता एवं कुल ठेकादाताओ का खाता बनाइए । चालू कार्य 31 दिसम्बर 1978 को चिट्ठे मे किस प्रकार प्रदर्शित किया जायेगा ।

The following figures are disclosed by the books of a contractor for the year ending 31st December 1978.

	Rs	Rs.
Work-in-Progress on 31st Dec. 1977	1,70,000	
Less Advances received from contractee on 31st Dec , 1977	1,10,000	60 000

Transactions during the year were as follows ·

Materials supplied to contract directly by merchants Rs 12,000; Materials issued from stores Rs. 21,000; Wages Rs. 17,000, Working expenses Rs. 3,000; Administrative expenses (of which Rs.500 are chargeable to General Profit & Loss Account) Rs 2,500; P ant issued Rs. 5,000; Materials returned from contracts directly to merchants Rs 900; Materials returned to stores Rs. 1,100; contracts finished Rs. 45 000; Work certified Rs 30,000; Profit taken upon contracts Rs 23,000, advances from contractees Rs. 80,000.

Prepare contract ledger account and the total contractee's a/c and show how the work-in-progress would appear in the balance sheet as on 31st Dec., 1978 ?

Solution

Contract Ledger Account
(for the year ended 31st Dec., 1978)

1978		Rs	1978		Rs.
Jan./Dec	To Work-in-Progress	1,70,000	Jan./Dec.	By Materials returned to Stores	1,100
	„ Materials from merchants	12,000		„ Materials returned to suppliers	900
	„ Materials from Stores	21,000		„ Contractee's A/c (Contracts finished)	45,000
	„ Wages	17,000		„ Work-in-Progress · Work Certified	30,000
	„ Working Expenses	3,000		Work done but not Certified (Differential figure)	1,76,000
	„ Administration Exp (2,500—500)	2,000			
	„ Plant Issued	5,000			
	„ P. & L a/c (Profit on Contracts)	23,000			
		2,53,000			2,53,000

Contractee's Account

1978		Rs.	1978		Rs
Jan /Dec.	To Contract A/c	45,000	Jan.	By Balance b/d	1,10,000
„	„ Balance c/d	1,45,000	Jan /Dec	„ Cash a/c	80,000
		1,90,000			1,90,000

Balance Sheet
(as on 31st Dec., 1978)

				Rs.
		Work-in-Progress a/c :		
		Certified Work	30,000	
		Uncertified	1,76,000	
			2,06,000	
		Less Contractee's a/c	1,45,000	61,000

Notes : 1. प्रश्न में ठेकों पर लिया गया लाभ दिया हुआ है अत: लाभ-हानि मे हस्तांतरित लाभ को Contract A/c के नाम पक्ष मे लिख दिया जायेगा ।

2. प्रश्न मे अप्रमाणित कार्य नहीं दिया गया है जबकि अप्रमाणित कार्य होना चाहिए । कारण स्पष्ट है नाम पक्ष का योग जमा-पक्ष के योग की अपेक्षा काफी कम है । दूसरे, प्रमाणित कार्य काफी कम है । तीसरे, प्रमाणित कार्य और पूर्ण ठेके का मूल्य मिलाकर प्रारम्भिक चालू कार्य तथा वर्तमान व्ययों के योग के बराबर नही हो पाते । अत: यह सुनिश्चित है कि प्रस्तुत प्रश्न मे अप्रमाणित कार्य (Work done but not Certified) अवश्य है । इसकी गणना नाम पक्ष के योग (Rs. 2,53,000) मे से जमा पक्ष का योग (Rs. 77,000) घटाकर की जायेगी । अत:

Work Uncertified = Total of Debit Side—Total of all items of Credit Side

Or

2,53,000—77,000 = Rs. 1,76,000

Illustration 12

एक ठेकेदार प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर को समाप्त होने वाले वर्ष को पुस्तकें तैयार करता है। उसने एक ठेका 1 अप्रैल 1978 को प्रारम्भ किया । 31 दिसम्बर 1978 को उस ठेके से सम्बन्धित सूचनायें निम्न हैं—

	रु०
निर्गमित सामग्री	2,51,000
श्रम	5,65,600
फोरमैनो का वेतन	81,300

2,60,000 रु० की लागत की एक मशीन ठेका स्थल पर 146 दिन रही। उसका कार्यकाल 7 वर्ष तथा अन्त मे अवशेष मूल्य 15,000 रु० आका गया।

एक सुपरवाइजर जिसका वेतन 8,000 रु० प्रतिमाह है अपना आधा समय इस ठेके को देता है।

अन्य समस्त व्यय व प्रशासनिक व्यय 1,36,500 रु० है।

31 दिसम्बर 1978 को ठेका स्थल पर सामग्री हाथ मे 35,400 रु० की थी। ठेका मूल्य 20 लाख रु० है। 31 दिसम्बर 1978 को 2/3 ठेका पूरा हो गया। शिल्पकार ने ठेका मूल्य के 50% का प्रमाण-पत्र दिया तथा ठेकेदार को हिसाब मे 7,50,000 रु० दिये।

ठेका खाता बनाइए तथा दिखाइए कि 31 दिसम्बर 1978 तक वित्तीय पुस्तको मे कितना लाभ या हानि सम्मिलित किया जायेगा ?

A contractor prepares his accounts for the year ending 31st December each year. He commenced a contract on 1st April, 1978

The following informations relates to the contract as on 31st Dec., 1978 -

	Rs.
Materials issued	2,51,000
Labour	5,65,600
Foremens' salary	81,300

A machine costing Rs 2,60,000 has been on the site for 146 days, its working life is estimated at 7 years and its final scrap value at Rs 15,000

A supervisor who is paid Rs 8,000 p m. devotes 1/2 of his time to this contract.

All other expenses and administration charges amount to Rs. 1,36,500. Materials in hand at site cost Rs. 35,400 on 31st Dec., 1978. The contract price is 20 Lakhs. On 31st Dec, 1978 2/3 of the contract was completed. The architect issued certificates covering 50% of the contract price, and the contractor had been paid Rs 7,50,000 on account Prepare contract account and show how much profit or loss should be included in financial accounts to 31st Dec, 1978.

Solution

प्रस्तुत प्रश्न मे 2/3 कार्य पूरा हो चुका है जबकि शिल्पकार ने केवल ½ कार्य का प्रमाण-पत्र जारी किया है। अत यहां पर $2/3 - 1/2 = 1/6$ कार्य अप्रमाणित है। अप्रमाणित कार्य की लागत ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम 2/3 कार्य के ठेके की लागत ज्ञात की जायेगी। इस लागत के आधार पर सम्पूर्ण ठेके की लागत ज्ञात की जायेगी। सम्पूर्ण ठेके की लागत का 1/6 भाग ही अप्रमाणित कार्य की लागत होगी।

Contract Account

1978		Rs.	1978		Rs
Ap./Dec	To Materials	2,51,000	Ap /Dec	By Materials at site	35,400
	,, Labour	5,65,600		,, Cost of ⅔ contract	10,49,000
	,, Foremen's salary	81,300			
	,, Supervisor's salary (Being ½ of his 9 months salary or ½ × (9 × 8,000)	36,000			

Date	Particulars	Rs.	Date	Particulars	Rs.
	To Depreciation on machine	14,000			
	„ Adm. Charges & Other Expenses	1,36,500			
		10,84,400			10,84,400
Dec. 78	To Cost of $\frac{2}{3}$ contract	10,49,000	Dec. 78	By Work-in-Progress a/c : Rs. Certified (50% of 20 Lakhs) 10,00,000 Uncertified 2,62,250	12,62,250
	„ Balance c/d	2,13,250			
		12,62,250			12,62,250
	To P. & L. a/c	1,06,625		By Balance b/d	2,13,250
	„ Work-in-Progress a/c	1,06,625			
		2,13,250			2,13,250

Notes .

1. **Depreciation** on Machine has been calculated as below :

$$\frac{\text{Cost—Scrap}}{7} = \text{Yearly Depreciation}$$

$$= \frac{2,60\,000 - 15,000}{7} \text{ or } \frac{2,45,000}{7} = \text{Rs. } 35,000 \text{ p. a.}$$

$$\text{Dep for 146 days} = \frac{35,000}{365} \times 146 = \text{Rs. } 14,000$$

2. **Cost of Uncertified Work** has been calculated as below .

Cost of $\frac{2}{3}$ contract $= 10,49,000$

Thus Cost of Full contract $= \frac{10,49,000 \times 3}{2} = 15,73,500$

Cost of 1/6 contract i. e. uncertified $= \frac{15,73,500 \times 1}{6}$

$= \text{Rs. } 2,62,250$

3. **Profit to be transferred to P. & L. a/c :**

$$\text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work certified}}$$

$$= 2,13,250 \times \frac{2}{3} \times \frac{7,50,000}{10,00,000} = \text{Rs. } 1,06,625$$

संदिग्धता के लिए संचय
(Reserve for Contingencies)

कभी-कभी प्रश्न में संचित कोष का निर्माण करने का निर्देश दिया होता है। ऐसी दशा में प्रश्न की भाषा को ध्यानपूर्वक पढ़कर यह ज्ञात करना चाहिए कि कितना संचित कोष बनाना है। क्योंकि जितना भी संचित कोष बनाना है उतनी राशि संचित लाभों (Reserve Profits)—

वह लाभ जो चालू कार्य खाते मे हस्तातरित होता है—में से निकालकर संचित कोष (General Reserve or Contingency Reserve) मे हस्तांतरित कर देते हैं। शेष राशि चालू कार्य खाते मे हस्तांतरित कर दी जाती है।

Illustration 13

भवन निर्माण ठेकेदारो की एक फर्म ने 1 अप्रैल 1977 से व्यापार प्रारम्भ किया और 3,00 000 रु० के ठेके पर निम्न व्यय किया—

	रु०
ठेके को निर्गमित सामग्री	51,000
ठेके पर प्रयुक्त प्लाट	15,000
मजदूरी दी	81,000
अन्य व्यय हुए	5,000

31 मार्च 1978 तक ठेके पर 1,28,000 रु० प्राप्त हुआ जो प्रमाणित कार्य का 80% था। जो प्लाट व सामग्री ठेके पर वसूल किए गए उनमे से 3,000 रु० की लागत का प्लाट तथा 2,500 की सामग्री खो गई। 31 मार्च 1978 को 2,000 रु० की लागत का प्लाट स्टोर्स को वापस कर दिया गया। किए गया किन्तु अप्रमाणित कार्य 1,000 रु० का था तथा 2,300 रु० की सामग्री ठेके पर शेष थी।

प्लाट पर 15% ह्रास लगाइए एवं संदिग्धताओ के लिए प्राप्त लाभ का 1/3 संचित कीजिए।

उपरोक्त विवरणो से ठेका खाता बनाइए।

A firm of building contractors began to trade on 1st April, 1977. The following was the expenditure on the contract for Rs. 3,00,000 :

	Rs.
Material issued to contract	51,000
Plant used for contract	15,000
Wages incurred	81,000
Other expenses incurred	5,000

Cash received on account to 31st March, 1978 amounted to Rs. 1,28,000 being 80% of the work certified. Of the plant and materials charged to the contract, plant which cost Rs 3,000 and materials which cost Rs 2,500 were lost. On 31st March, 1978 plant which cost Rs 2,000 was returned to store. The cost of work done but uncertified was Rs. 1,000 and materials costing Rs. 2,300 were in hand on site.

Charge 15% depreciation of plant, reserve ⅓ profit received for Contingencies and prepare a contract account from the above particulars.

Solution

Contract Account

	Rs.			Rs.
To Materials	51,000	By Material on Site		2,300
„ Wages	81,000	„ Plant returned to Store		
„ Plant	15,000	Cost	2,000	
„ Other Expenses	5,000	*Less* Dep. @ 15%	300	1,700
„ Balance c/d	27,000			
(Total Profits)		„ Plant on Site		8,500
		„ Work-in-Progress a/c		
		Work Certified		

	Rs.			Rs.
		$(1,28,000 \times \frac{100}{80})$ = 1,60,000		
		Work uncertified =	1,000	1,61,000
		By **P. & L. Account :**		
		Plant lost	3,000	
		Material lost	2,500	5,500
	1,79,000			1,79,000
	Rs.			Rs.
To P. & L. a/c (2/3 of Profit received)	14,400	By Balance b/d		27,000
Work-in-Progress a/c				
Reserve for contingencies (1/3 of Profit received) =7,200				
General reserve =5,400	12,600			
	27,000			27,000

Notes : 1 **Plant in hand has been calculated as below—**

Cost of Plant		15,000
Less :		
Plant lost	3,000	
Plant Returned	2,000	5,000
Cost of Plant used		10,000
Less Dep. @ 15%		1,500
Plant in hand		8,500

2. **Calculation of Profits to be transferred to P & L. a/c :**

$$=\text{Balance} \times \tfrac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work certified}}$$

$$=27,000 \times \tfrac{2}{3} \times \frac{80}{100} = \text{Rs } 14,400$$

Reserve 1/3 of Profit Received

$$\text{Profit Received} = \text{Balance} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work certified}}$$

$$\text{Contingency Reserve} = \text{Balance} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work certified}} \times \tfrac{1}{3}$$

$$=27,000 \times \tfrac{1}{3} \times \frac{80}{100} = \text{Rs. } 7,200$$

There, now, remains profit not received *i. e.*

$$\text{Balance} \times \frac{20}{100} \text{ Or } 27,000 \times \frac{20}{100} = \text{Rs. } 5,400$$

This will be kept in General Reserve.

The Reserve Profits will include

	Rs.
Reserve for Contingencies	7,200
General Reserve	5 400
	12,600

ठेकों पर हानि

(Loss on Contracts)

यदि अपूर्ण ठेका हानि दिखाता है तो उस सम्पूर्ण हानि को उसी समय लाभ हानि खाते में हस्तांतरित कर दिया जायेगा। इस प्रकार हानि की राशि ठेके खाते के जमा पक्ष मे लिख दी जायेगी। ऐसी परिस्थिति मे चालू कार्य निम्न होगा—

Work-in-Progress=Work Certified+Work done but not certified.

Or

Total Net Expenditures—Loss transferred to P. & L a/c

Illustration 14

31 दिसम्बर 1978 तक ठके पर हुए व्ययो का संक्षिप्त विवरण निम्न है .

	रु०
प्रत्यक्ष मजदूरी	12,075
प्रत्यक्ष सामग्री	59,500
स्टोर निर्गमित	6,650
स्टोर को वापिस सामग्री	963
उप-ठेका लागत	11,025
प्लाट	21,000

आपको निम्न सूचनायें प्राप्त हैं :

(i) ठेका जनवरी 1978 मे प्राप्त हुआ। ठेका मूल्य 1,05,000 रु० था।

(ii) शिल्पकार ने प्रणाणित किया है कि 15 दिसम्बर तक ठेके का 4/5 भाग पूरा हो चुका है।

(iii) 31 दिसम्बर 1978 तक प्लाट का ह्रास 8,400 रु० है।

(iv) 15 दिसम्बर 1978 के पश्चात हुए व्यय जो कि उक्त व्ययों की संक्षप्ति मे सम्मिलित हैं निम्नलिखित हैं :
पारिश्रमिक 1,225 रु; सामग्री 2,835 रु०।

(v) 31 दिसम्बर 1978 को ठेका स्थल पर सामग्री 8,750 रु० तथा स्टोर्स 700 रु० के शेष हैं।

(vi) कार्यालय व्यय प्रत्यक्ष पारिश्रमिक पर 40% है।

(vii) कार्य विलम्ब से समाप्त होने के कारण 1,750 रु० विलम्ब दण्ड लगने की सम्भावना है।

आप (अ) ठेका खाता बनाइए (ब) प्रमाणित कार्य पर लाभ-हानि दिखाइए (स) 31 दिसम्बर 1978 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि खाते में कितना लाभ ले जाया जाय, सुझाव दीजिए तथा (द) 1-1-79 को ठेका खाते मे शेष कैसे दिखाये जायेंगे, दिखाइए।

The following is a summary of the expenditures on a contract to 31st December, 1978

	Rs
Direct Wages	12,075
Direct Materials	59,500
Stores issued	6,650
Materials returned to store	963
Sub-Contracts Costs	11,025
Plant	21,000

You obtain the following informations :

(i) The Contract was begun in Jan , 1978 and Contract Price is Rs 1,05,000.

(ii) The architect had certified that 4/5 of the contract had been completed on 15th Dec , 1978

(iii) Depreciation of plant to 31st Dec , 1978 is Rs. 8,400.

(iv) The summary set out above includes items relating to the period since 15th Dec , 1978 as follows—Wages Rs. 1,225 and Materials Rs 2,835

(v) Materials on site on 31st Dec , 1978 had cost Rs 8,750 and stores on site had cost Rs 700

(vi) Establishment charges are 40% on direct wages

(vii) A fine of Rs. 1,750 is likely to be imposed for late completion

You are required (a) to prepare Contract Account (b) Show what profit or Loss has arisen on work certified (c) Su gest what figure should be taken to P. & L a/c for the year ended 31st December 1978 and (d) Show how the balance would be shown in the Contract Account as on 1st Jan , 1979.

Solution

Contract Account

1978		Rs.	1978			Rs.
Jan /Dec	To Direct Materials	59,500	Jan /Dec	By Stores Returned		963
	,, Direct Wages	12,075		,, Material on Site		8,750
	,, Stores Issued	6,650		,, Stores on Site		700
	,, Plant	21,000		,, Plant in hand		
	,, Sub-Contract Cost	11,025		Cost	21,000	
	,, Establishment Charges (Being 40% wages)	4,830		*Less* Dep	8,400	12,600
				,, Work-in-Progress a/c Work Certified (4/5 of 1,05,000)	=84,000	
				Work Uncertified	=4,550	88,550
				,, Profit & Loss a/c		3,517
		1,15,080				1,15 080

(b) Thus Loss to be transferred to P & L. a/c is Rs 3,517 (Excess of the total of debit side over credit side

(c) The Loss of Rs 3,517 should be taken to P. & L a/c but there are possibilities of imposition of fine of Rs. 1,750 due to delay. Hence a reserve be created for this of Rs 1,750 Thus the total burden over the P & L a/c will be Rs. 3,517 +1,750=Rs. 5,267

(d) On 1st Jan., 1979 the balances will be shown in Contract A/c in the following manner ·

Contract A/c

1979		Rs	1979		Rs.
1st Jan	To Work-in-Progress a/c				
	Work Certified =84,000				
	Work Uncertified =4,550	88,550			
	" Plant in hand	12,600			
	" Materials on Site	8,750			
	" Stores on Site	700			

Notes . 1 **Cost of Work uncertified has been calculated as below :**

Expenditures incurred on the date of Certification *i e*, after 15 Dec, 1978 :

	Rs.
Materials	2,835
Wages	1,225
Establishment Charges (40% of Labour),	490
	4,550

जब 1/3 से कम कार्य हुआ है
(When less than 1/3 Work has been Completed)

जब ठेके मे 1/3 से कम कार्य पूरा हुआ है और ठेका लाभ दिखाता है तो प्रश्न यह उठता है कि इस लाभ को किस प्रकार समायोजित किया जाय ? इस संदर्भ मे दो प्रमुख **विचारधारायें प्रचलित हैं—**

(i) **ठेके के सम्पूर्ण लाभ को संचय मान कर चालू कार्य खाते में हस्तांतरित कर दिया जाय।** ऐसी दशा मे ठेका खाते का शेष चालू-कार्य खाते मे हस्तान्तरित कर दिया जाता है। द्वितीय विधि के अन्तर्गत ठेका खाते का सम्पूर्ण शेष (Total of items of Debit side – Items of Credit side) चालू कार्य खाते मे हस्तान्तरित कर दिया जाता है। दोनो ही विधियो से चालू कार्य खाते का शेष समान आयेगा।

(ii) किन्तु व्यावहारिक तौर पर ऐसे ठेको के लाभो का कुछ भाग सामान्य सिद्धान्तों के अनुसार वर्णित करके (Balance $\times \frac{2}{3} \times \left(\frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}\right)$ लाभ-हानि खाते मे हस्तान्तरित कर दिया जाय। शेष भाग लाभ के संचय (Profit in Reserve) के रूप मे चालू कार्य खाते मे हस्तान्तरित कर दिया जाय। अर्थात् **जैसा कि अब तक पिछले प्रश्नों में करते चले आ रहे हैं उसी प्रकार इसमें करेंगे।**

महत्वपूर्ण : यहाँ पर विद्यार्थियों के लिए एक समस्या है कि वे किस पद्धति से प्रश्न हल करें। अतः विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रश्न को किसी भी एक पद्धति से हल करके दूसरी पद्धति का हल Working Notes **मे अवश्य दे दें।**

Illustration 15

एक भवन निर्माणकर्त्ता ने 1 जनवरी 1978 को एक भवन निर्माण का ठेका लिय ठेका मूल्य 8,00,000 रु० तय किया गया। 1978 मे ठेकेदार ने निम्न व्यय किए—

	रु०
प्रत्यक्ष सामग्री क्रय की	40,000
स्टोर से निर्गमित सामग्री	10,000

प्रत्यक्ष श्रम	30,000
प्लाण्ट	80,000
अप्रत्यक्ष व्यय	20,000
	1,80,000

निम्न अतिरिक्त विवरणो के आधार पर वर्ष के लिए एक ठेका खाता बनाइए तथा ठेकेदार के स्थिति विवरण मे चालू कार्य की राशि भी दर्शाइए :

31 दिसम्बर 1978 को प्लाण्ट का मूल्य	60,000
31 दिसम्बर 1978 को ठेके पर सामग्री	10,000
स्टोर को लौटाई गई सामग्री	2,000
शिल्पकार द्वारा प्रमाणित कार्य	1,50,000
ठेकेदाता से प्राप्त रोकड़	1,40,000
अप्रमाणित कार्य	8,000

A building contractor took a contract for the construction of a certain building on 1st Jan., 1978 The contract price was agreed at Rs 8,00,000. The contractor incurred the following expenses during 1978 :

	Rs
Direct Materials Purchased	40,000
Materials issued from Stores	10,000
Direct labour	30,000
Plant	80,000
Indirect Expenses	20,000
	1,80,000

From the following further particulars, prepare a Contract Account for the year. Also show the amount of Work-in-progress which will be shown in B/S of the Contractor :

Value of Plant on 31st Dec , 1978	60,000
Materials at Site on 31st Dec , 1978	10,000
Materials returned to Store	2,000
Work Certified by Architect	1,50,000
Cash received from Contractee	1,40,000
Cost of Work not yet Certified	8,000

Solution

Contract Account

(for the year ended 31-12-1978)

1978		Rs.	1978			Rs.
Jan./Dec.	To Direct Materials Purchased	40,000	Jan./Dec	By Materials Returned to Store		2,000
	,, Materials from Store	10,000		,, Materials on Site		10,000
	,, Direct Labour	30,000		,, Plant on Site		60,000
	,, Plant	80,000		,, Work-in-Progress a/c		
	,, Indirect Expenses	20,000		Certified	1,50,000	
	,, Work-in-Progress a/c (Total Profits in Reserve)	50,000		Uncertified	8,000	1,58,000
		2,30,000				2,30,000

Notes : 1. In this problem Work Certified + Work Uncertified is only Rs. 1,58,000 (1,50,000 + 8,000), where as the contract price is Rs. 8,00,000. Thus

work done is less than $\frac{1}{3}$ of the whole Hence, the total profits in this contract will be transferred to work-in-progress a/c. Thus work-in-progress to be shown in B/S will be—

Rs 1,58,000 — Rs. 50,000 = Rs 1,08,000.

2 The problem can also be solved in the following manner .

Contract A/c

	Rs.		Rs.
To Materials Purchased	40,000	By Material Returned to Store	2,000
,, Materials from Store	10,000	,, Material on Site	10,000
,, Direct Labour	30,000	,, Plant on Site	60,000
,, Plant	80,000	,, Work-in-Progress a/c	1,08,000
,, Indirect Expenses	20,000		
	1,80,000		1,80,000

3. If Profit is to be transferred to P. & L. a/c, the solution will be as follows—

Contract A/c

	Rs		Rs.
To P. & L a/c $\left(50{,}000 \times \frac{2}{3} \times \frac{1{,}40{,}000}{1{,}50{,}000}\right)$	31,111	By Balance b/d (Balance of Contract a/c instead of transferring to Work-in-Progress a/c, will be c/d)	50,000
,, Work-in-Progress a/c (Profit in Res)	18,889		
	50,000		50,000

कुछ लागत लेखाकक (Cost Accountants) इस मत के हैं, प्राप्त लाभ का 2/3 लाभ-हानि खाते मे अवश्य हस्तांतरित करना चाहिए भले ही ठेका कार्य कितना ही पूरा हुआ हो (भले ही 1/3 से कम या 1/4 से कम)। ऐसी दशा मे उपरोक्त कुल लाभो के 50,000 रु० को चालू कार्य खाते मे हस्तांतरित न करके उसमे से 31,111 रु० लाभ-हानि के खाते मे तथा 18,889 रु० चालू कार्य-खाते मे हस्तातरित होगे। अब चालू कार्य खाते का शेष निम्न होगा—

	Rs
Work Certified	1,50,000
Work Uncertified	8,000
	1,58,000
Less Profit in Res.	18,889
	1,39,111

4 The Work-in-progress will be shown in B/S as follows .

Case

Balance Sheet

Liability	Rs.	Asset	Rs
Contractee's A/c	1,40 000	**Work-in-Progress a/c**	1,08,000
		Material on site	10,000
		Plant on site	60,000

अब चालू कार्य खाते का शेष ठेकादाता खाते (Contractee's A/c) से कम होता है तो हम चालू कार्य खाते में से ठेकादाता खाता का शेष घटाकर नहीं दिखाते बल्कि चालू कार्य खाते का शेष चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में तथा ठेकादाता खाता चिट्ठे के दायित्व पक्ष में दिखाते हैं।

From the following informations—

(i) Suggest the profits to be credited to P & L a/c on a contract which is 95% complete, and

(ii) Compare it with the profits which would have been, had the contract not been nearly completion.

	Rs.
Total cost of contract to date	3,32,500
Estimated additional expenses	17,500
Contract price	4,37,500
Value of work certified	4,02,500
Cost of work not certified	8,750
Cash received	3,76,250

Solution

Contract Account

	Rs		Rs
To Total Cost of Contract to date	3,32,500	By Work-in-Progress a/c	
,, Balance c/d		Work certified	4,02,500
(Total Profits)	78,750	Work uncertified	8,750
	4,11,250		4,11,250
To P & L a c (That portion of estimated profits which the cash received bears to contract price)	75,250	By Balance b/d	78,750
, To Work-in-Progress a/c	3,500		
	78,750		78,750

Note : For ascertaining the profits to be transferred to P. & L. a/c, we will, first of all, prepare Estimated Contract A/c which is as follows—

Estimated Contract Account

	Rs.		Rs.
To Total Cost of contract to date	3,32,500	By Contract Price	4,37,500
,, Estimated additional Expenses	17,500		
,, Estimated Profits	87,500		
	4,37,500		4,37,500

Portion of estimated profit which the cash received bears to contract price is as below

$$\text{Profit to be credited to Profit \& Loss a/c} = \text{Estimated Profits} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Contract Price}}$$

$$= 87{,}500 \times \frac{3{,}76{,}250}{4{,}37{,}500} = \text{Rs. } 75{,}250$$

Portion of estimated Profits which the work certified bears to the contract price would be as follows :

$$\text{Profit to be taken to Profit \& Loss A/c} = \text{Estimated Profit} \times \frac{\text{Work Certified}}{\text{Contract Price}}$$

$$= 87{,}500 \times \frac{4{,}02{,}500}{4{,}37{,}500} = \text{Rs. } 80{,}500$$

In case the contract would not have been nearly on completion, the credited profits would have been caclulated on General Principles such as :

$$\text{Profit to be credited to P \& L a/c} = \text{Balance} \times \frac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}$$

$$= 78,750 \times \frac{2}{3} \times \frac{3,76,250}{4,02,500}$$

$$= \text{Rs } 49,076$$

जब ठेकेदार ने अनुरक्षण व देख रेख की गारण्टी दे रखी है
(When there is Maintenance Guarantee)

अनुरक्षण व देख-रेख (Maintenance) का प्रश्न दो परिस्थितियों मे उत्पन्न होता है—

(i) जब ठेका निर्धारित अवधि से पूर्व पूरा हो चुका हो तो निर्धारित अवधि आने तक ठेके पर तैयार माल की देखरेख व सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। इस दायित्व का निर्वाह वह कुछ व्यय, जिन्हे देखरेख व्यय (Maintenance Exepenses) कहते है, करके करता है।

(ii) जब ठेकादाता ठेकेदार से यह तय कर लेता है कि ठेका पूरा होने के उपरान्त एक निश्चित अवधि तक ठेके कार्य की देखरेख ठेकेदार करेगा। ऐसी दशा मे देखरेख की अवधि मे ठेकेदार को कुछ व्यय करने पडते है।

जिन प्रश्नों मे अनुरक्षण व देखरेख (Maintenance) के बारे मे उल्लेख है उन प्रश्नो का हल करते समय निम्न बातें ध्यान देने योग्य हैं—

(i) ठेका पूरा हो जाने पर ठेके पर प्राप्त लाभ ठेके का शुद्ध लाभ नही होगा। अत: ठेका खाते (Contract A/c) द्वारा प्रदर्शित लाभ को लाभ-हानि खाते मे हस्तान्तरित नही करेंगे वल्कि इसको ठेका खाते मे निम्न प्रकार लिखेंगे—

लाभ की दशा में	हानि की दशा में
To Balance being Profit	By Balance being Loss

(ii) इस शेष मे से अनुरक्षण व देखरेख अवधि (Maintanance Period) के व्ययो को घटा दिया जायेगा और शेप बची राशि ही लाभ-हानि खाते मे हस्तातरित किए जाने वाला लाभ या हानि होगी; अर्थात

Profit to be Credited to Profit & Loss A/c	**=Balance being Profit**	...
	Less **Actual or Estimated Maintenance Expenses**	..
		...
Or		
Loss to be debited to Profit & Loss A/c	=Balance being Loss	...
	Add Actual or Estimated Maintenance Expenses	...
		...

Illustration 17

एक सड़क के ठेकेदार के दो ठेको के सम्बन्ध मे अग्राकित विवरण है—

विवरण	ठेका A रु०	ठेका B रु०
कुल व्यय 31 दिसम्बर, 1977 तक	1,94,460	86,035
मजदूरी भुगतान की 1978	51,180	10,548
1978 मे सामग्री व ढुलाई भाड़ा	78,915	3,572
1978 मे अप्रत्यक्ष व्यय	2,625	287
30 नवम्बर 1978 को दूसरे ठेको के लिए प्लाण्ट हस्तातरित किया (जिसे पहिले लागत पर इस ठेके पर लाया गया था)	1,375	95
ठेके का मूल्य	3,47,262	68,945

प्रत्येक दशा मे कार्य 30 नवम्बर, 1978 को समाप्त हो गया लेकिन ठेको को उस समय तक पूरा हुआ नही माना गया जब तक कि रख-रखाव की छ: माह की अवधि 31 मई, 1979 को समाप्त न हो जाय।

दो ठेके खाते खोलिये और यह प्रकट करिए कि 1978 के लाभ-हानि खाते मे कितनी राशि ले जायी जायेगी।

The following figures relate to two jobs of a road contractor—

Particulars	Contract A Rs.	Contract B Rs
Total expenditure to 31st Des , 1977	1,94,460	86,035
Wages paid 1978	51,180	10,548
Materials and haulage hire 1978	78,915	3,572
Indirect expenses charged 1978	2,625	287
Plant transferred at valuation, to other contracts on 30th November, 1978 (originally charged at cost to these contracts)	1,375	95
Total contract price	3,47,262	68,945

In each case the work was actually finished on 30th Nov , 1978 but the contracts could not be considered as completed until the maintenance period of six months had expired on 31st May, 1979.

Write up the two contracts accounts and state what profit or loss (if any) should be brought into the profit and loss account of 1978.

Solution

'A' Contract Account

1978		Rs.	1978		Rs.
Jan., 1	To Work-in-Progress (Total expenditure upto 31st Dec. 1977)	1,94,460	Nov. 30	By Plant transferred to other contracts	1,375
				,, Contracts a/c	3,47,262
Jan./Nov	,, Wages paid	51,180			
	,, Materials and haulage hire	78,915			
	,, Indirect Exp.	2,625			
	,, Balance being Profit	21,457			
		3,48,637			3,48,637

'B' Contract Account

1978		Rs.	1978		Rs.
Jan. 1	To Work-in-Progress	86,035	Nov 30	By Plant transferred	95
Jan./Nov	,, Wages paid	10,548		,, Contractee's a/c	68,945
	,, Materials & Haulage hire	3,572		,, Balance being Loss	31,402
	,, Indirect Exp	287			
		1,00,442			1,00,442

Note : यद्यपि ठेके 30 नवम्बर 1978 को पूरे हो चुके हैं फिर भी 31 मई 1979 तक, जब तक इनको अनुरक्षण व देखरेख की गारण्टी है, ये ठेके पूरे नही माने जायेंगे। इनको 31 मई 1979 को ही पूरा माना जायेगा। अतः 6 माह की अनुरक्षण व देखरेख की अनुमानित लागत ज्ञात की जायेगी और इसको दोनो ठेको के लाभ व हानियो मे से समायोजित करके ही शेष लाभ या हानि लाभ-हानि खाते मे हस्तातरित होगा। यह निम्न होगा—

		Rs.
Profit of 'A' to be transferred to P & L A/c =	Balance being Profit	21,457
	Less Maintenance Cost	.
		=
Loss of B' to be transferred to P & L a/c =	Balance being Loss =	31 402
	Add Maintenance Cost	.
		=

Illustration 18

(When Maintenance Cost is Given)

निम्न सूचनाये एक ठेकेदार के दो उपकार्यों से सम्बन्धित है। दोनों ठेकों के लिए ठेके खाते बनाइए और बताइए कि 1978 के लिए कितना लाभ या हानि-लाभ-हानि खाते मे ले जाया जायेगा—

	Contract A	Contract B
	रु०	रु०
31-12-1977 तक कुल व्यय	7,20,000	5,40,000
1978 मे किये गये व्यय :		
मजदूरी	84,000	17,200
सामग्री दुलाई	1,26,000	6,000
अप्रत्यक्ष व्यय	4,200	480

प्लाण्ट जो मूल लागत पर ठेको पर लगाये थे वर्ष के अन्त मे ठेके A और B के लिए क्रमश. 2,00,000 रु० एवं 3 00,000 रु० के मूल्याकित किये गये। ठेका मूल्य A का 9,60,000 रु० रु० एवं B का 2,40,000 रु० था। दोनो ठेके 30 नवम्बर 1978 को पूरे हो गये किन्तु उन्हें पूर्ण नही समझा जा सकता जब तक कि ठेके मे निर्धारित 6 माह की अनुरक्षण अवधि 31 मई 1979 को समाप्त न हो जाय। अनुमानित अनुरक्षण व्यय A ठेके के लिए 4,000 रु० तथा B ठेके के लिए 2,800 रु० है।

The following figures relate to two Jobs of a contractors. You are required to prepare contract a/cs for both the contracts and state what profit or loss, if any, should be brought to P. & L. a/c for the year 1978 :

	Contract A Rs.	Contract B Rs.
Total expenditure upto 31-12-1977	7,20,000	5,40,000
Expenditures incurred in 1978 :		
Wages	84,000	17,200
Materials & Haulage Hire	1,26,000	6,000
Indirect Expenses	4,200	480

Plant which was originally charged at cost were valued at the close of the year at Rs 2,00,000 and Rs. 3,00,000 respectively for contracts A and B. The contract price of A was Rs. 9,60,000 and Rs. 2,40,000 for B. The work in each case was actually completed on 30th Nov. 1978, but the contracts could not be considered as complete until the maintenance period of 6 months as stipulated in contracts has expired on 31st May, 1979 The cost of maintenance is estimated at Rs. 4,000 and Rs. 2,800 for A and B respectively.

Contract Account

1978		A Rs.	B Rs.	1978		A Rs.	B Rs.
Jan.	To Work-in-Progress : (Total expenditure upto 31-12-1977)	7,20,000	5,40,000	Dec. 31	By Plans in hand	2,00,000	3,00,000
Jan./Nov.	,, Wages	84,000	17,200		,, Contractee's A/c	9,60,000	2,40 000
	,, Materials & Haulage hire	1,26,000	6,000		,, P. & L a/c (Loss)	—	26,480
	,, Indirect Exp.	4,200	480				
Dec. 31	,, Maintenance charges (estimated for 6 months from 1st Dec., 1978 to 31st May 1979)	4,000	2,800				
	,, Profit & Loss A/c (Profit)	2,21,800	—				
		11 60,000	5,66,480			11,60,000	5,66,480

जब ठेका कई वर्षों में पूरा होता है
(When Contract is Completed in few years)

जब ठेका कई वर्षों मे पूरा होता है और प्रत्येक वर्ष की समस्त सूचनायें दी हुई होती हैं तो इसके लिए निम्न बातें ध्यान देने योग्य हैं :

(i) प्रत्येक वर्ष के लिए एक अलग ठेका खाता बनाया जायेगा। प्रथम वर्ष के ठेका खाते मे उस वर्ष से सम्बन्धित सभी मद लिखे जायेंगे। यदि **प्रथम वर्ष 1/3 कार्य से कम कार्य पूरा होता है** तो ठेके पर कुल प्राप्त लाभ या ठेके का सम्पूर्ण शेष चालू कार्य खाते मे हस्तान्तरित कर दिया जायेगा। अर्थात् **इस दशा में ठेके के कुल लाभों का कोई भी भाग लाभ-हानि खाते में हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा।**

(ii) **प्रत्येक पूर्व वर्ष का चालू कार्य खाते का शेष अगले वर्ष के ठेका खाते के नाम पक्ष में लिखा** जायेगा। इसके अतिरिक्त उस अगले वर्ष के सम्पूर्ण व्यय भी लिखेंगे। वर्ष के अन्त मे ठेके के जमा पक्ष मे **कुल प्रमाणित कार्य** (Total Work Certified) लिखेंगे यह पिछले वर्षों के प्रमाणित कार्य मे इस वर्ष का प्रमाणित कार्य जोडकर ज्ञात होता है। कुल लाभ मे से लाभ लाभ-हानि खाते मे **लाभ का हस्तान्तरण सामान्य सिद्धान्तों**

$$\left(\text{Bal.} \times \tfrac{2}{3} \times \frac{\text{Cash Received}}{\text{Work Certified}}\right)$$ के आधार पर किया जायेगा।

(iii) यदि प्रश्न मे कुल प्रमाणित कार्य ज्ञात है तो निम्न सूत्र की मदद से इस वर्ष का अतिरिक्त प्रमाणित कार्य ज्ञात हो जायेगा—

Additional work certified during current year =

Total work certified upto the end of current year — Total work certified upto the end of prerious year

चालू वर्ष मे ठेकेदाता से प्राप्त रोकड़ अतिरिक्त प्रमाणित कार्य का एक निश्चित प्रतिशत होगा—

(iv) जिस वर्ष ठेका पूरा हो जाता है उस वर्ष ठेका खाते के जमा पक्ष मे ठेका मूल्य लिख दिया जाता है। अन्तिम वर्ष शुद्ध लाभ को लाभ-हानि खाते मे हस्तान्तरित कर देते है।

Illustration 19

उर्वशी एन्टरप्राइजेज ने एक ठेका 6 लाख रुपये का 1 जनवरी 1976 को लिया तथा उसे 31 मार्च 1978 को पूरा किया। आपको ठेके से सम्बन्धित निम्न सूचनायें प्रदत्त है—

1976 : सामग्री निर्गमित 80,000 रु०; मजदूरी 40,000 रु०; अन्य प्रत्यक्ष व्यय 6,000 रु०

31 दिसम्बर 1976 को ठेका स्थल पर सामग्री 10,000 रु० व प्रमाणित कार्य 1,50,000 रु०

1977 : निर्गमित सामग्री 1,50,000 रु०; मजदूरी 90,000 रु०; अन्य प्रत्यक्ष व्यय 10,000 रु०; विशेष प्लाण्ट 1,60,000 रु०; भाड़ा 4,000 रु०

31 दिसम्बर 1977 को कार्य स्थल पर सामग्री 21,000 रु०; इस वर्ष का प्रमाणित कार्य 3,00,000 रु०; पूरा हुआ कार्य जो प्रमाणित न हो सका 50,000 रु०

1978 : निर्गमित सामग्री 15,000 रु०; मजदूरी 25,000 रु०; अन्य प्रत्यक्ष व्यय 2,000 रु०

31 मार्च 1978 को स्टोर को लौटाई गई सामग्री 2,500 रु० मूल लागत पर 10% प्रति वर्ष ह्रास लगाने के उपरान्त प्लाण्ट को भी स्टोर को वापस कर दिया गया।

प्रति वर्ष प्रमाणित कार्य का 80% ठेकेदाता से नकद प्राप्त हुए। ठेकेदार की पुस्तकों मे तीन वर्षों मे प्रतिवर्ष का ठेकाखाता व ठेकेदाता खाता, यह मानकर कि उसका प्राप्य शेष ठेका पूरा होने पर प्राप्त हो गया, बनाइये :

